आज का मौसम
23.0° अधिकतम तापमान
13.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.54
सूर्यास्त 05.51

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

माघ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 03:39 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

रविवार, 1 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 162, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 5 रुपये




■ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले- टीएमसी से ज्यादा भ्रष्ट कोई सरकार नहीं - 12



■ एसबीआई चेयरमैन सीएस शेट्टी ने कहा- बैंक जमा निवेश पर समान कर हो लागू - 12



■ अमेरिकी जंगी बेड़े के करीब ईरान करेगा युद्धाभ्यास एलान से तनाव - 13



■ दिल्ली को एलिमिनेटर में जगह बनाने से रोकने उतरेगी यूपी - 14

# उद्योग जगत उत्तर प्रदेश की खुशहाली का सबसे बड़ा साझेदार: मुख्यमंत्री

## सीएम योगी ने उद्योग बंधु को प्रभावी बनाने और समस्याओं के त्वरित समाधान के दिए सख्त निर्देश

● कहा- यूपी में निवेश राष्ट्रहित में किया गया निवेश है, सीएसआर से विकास में सहभागी बनें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में किया गया निवेश केवल किसी एक राज्य में निवेश नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में किया गया निवेश है। रोजगार सृजन, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प और प्रदेश की समग्र खुशहाली में उद्योग जगत सरकार का सबसे बड़ा साझेदार है। उन्होंने अधिकारियों को उद्योग बंधु को और प्रभावी बनाने समेत हर समस्या का समयबद्ध समाधान करने के सख्त निर्देश दिए।

उद्योग बंधु की एनेक्सी में शनिवार को राज्यस्तरीय उद्योग संगठनों और प्रमुख उद्यमियों के साथ हुई विशेष बैठक में योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार उद्योगों को केवल निवेशक नहीं, बल्कि विकास की साझेदारी का अभिन्न हिस्सा मानती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश में निवेश करने वाला हर उद्यमी सरकार को नीति, इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रशासन तीनों स्तरों पर अपने साथ खड़ा पाएगा। मुख्यमंत्री ने उद्योग समूहों से सीएसआर के माध्यम से प्रदेश के सामाजिक व आर्थिक विकास में सहभागी बनने का आह्वान किया। कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय अधोसंरचना जैसे क्षेत्रों में उद्योगों का योगदान प्रदेश के समावेशी विकास को नई गति दे सकता है। एमएसएमई सेक्टर पर विशेष जोर देते हुए कहा कि नवाचार, पैकेजिंग, डिजाइनिंग और एक्सपोर्ट प्रमोशन को मजबूत किए बिना वैश्विक प्रतिस्पर्धा संभव नहीं है। उन्होंने उद्योग समूहों से इन क्षेत्रों में व्यावहारिक सुझाव देने और सरकार के साथ मिलकर काम करने का आग्रह किया। टेक्सटाइल और रेडीमेड गारमेंट्स सेक्टर में महिलाओं की बड़ी भागीदारी का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इस क्षेत्र में महिलाओं के लिए और अधिक रोजगार अवसर सृजित किए जाने चाहिए।



उद्योग बंधु की राज्यस्तरीय उद्योग संगठनों और प्रमुख उद्यमियों के साथ आयोजित विशेष बैठक में मुख्यमंत्री योगी।

### यूपी की औद्योगिक उड़ान

- देश के एक्सप्रेस-वे नेटवर्क का लगभग 55% यूपी में, कुल लंबाई करीब 1225 किमी।
- प्रदेश में चार अंतर्राष्ट्रीय सहित 16 हवाई अड्डे संचालित, जेवर एयरपोर्ट निर्माणाधीन।
- वर्ष 2023-24 में निर्यात बढ़कर 1.86 लाख करोड़, 100% से अधिक वृद्धि।
- पंजीकृत फैक्ट्रियां : 2003 में 8,980 अब लगभग 27,000।
- 4 ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए 15 लाख करोड़ से अधिक निवेश का क्रियान्वयन।
- अगले दो वर्षों में 5,000 करोड़ से 185 औद्योगिक क्लस्टरों का उन्नयन।

### मंडल व राज्य स्तर पर नियमित बैठकें अनिवार्य

योगी ने निर्देश दिए कि उद्योग बंधु की हर माह जिलों की बैठक में डीएम-एसपी रहेंगे, जबकि उद्योग बंधु की राज्यस्तरीय बैठक केवल लखनऊ तक सीमित न रहे। अन्य मंडल मुख्यालयों पर भी आयोजित की जाए। कमिश्नरी स्तर पर मंडलायुक्त एवं एडीजी/आईजी की उपस्थिति में प्रत्येक दो माह में उद्योग बंधु की बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित होगी। इन बैठकों में संबंधित मंत्री गणों के साथ इन्वेस्ट यूपी के सीईओ व अवस्थापना और औद्योगिक विकास से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। वहीं राज्यस्तर पर प्रत्येक तिमाही बैठक मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक की उपस्थिति में आयोजित की जाएगी।

### इंसेंटिव का वितरण पारदर्शी और समयबद्ध होगा

योगी ने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार की औद्योगिक नीतियों के अनुरूप इंसेंटिव का वितरण पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि घोषित प्रोत्साहनों का लाभ उद्योगों तक बिना देरी पहुंचे, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने खिलौना उद्योग की व्यापक संभावनाओं की ओर ध्यान दिलाते हुए प्रदेश में टॉय पार्क के विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने प्रमुख सचिव आवास को निर्देश दिए कि आवासीय पार्किंग के लिए उपयोग की जा रही भूमि पर अनावश्यक कर न लिया जाए, ताकि नागरिकों और उद्योग से जुड़े लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े।

# घने कोहरे और बर्फीली हवा के साथ फिर लौटी कड़ाके की ठंड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



● तीन दिन बारिश के आसार, कई जिलों में घना कोहरा, दृश्यता 10 मीटर तक घटी, पारे में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट

**अमृत विचार :** प्रदेश में शनिवार को एक बार फिर ठंड ने जोर पकड़ लिया। कोहरे और बर्फीली हवा के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। लखनऊ समेत कई जिलों में सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता बेहद कम हो गई। मौसम विभाग ने रविवार से अगले तीन दिनों तक पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश की संभावना भी जताई है।

बारिश और ओलावृष्टि के बाद ठंड का असर और तेज हो गया है। लखनऊ, कानपुर, आगरा, बरेली, गाजियाबाद सहित कई जिलों में शनिवार सुबह से घना कोहरा छाया रहा। अनेक स्थानों पर दृश्यता घटकर मात्र 10 मीटर तक रह गई। बर्फीली हवा के कारण न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। सुबह और शाम गलन बढ़ गई है, जिससे सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। लोग गर्म कपड़ों और अलाव का सहारा लेते नजर आए। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 31 जनवरी तक कोहरे में और बढ़ोतरी हो सकती है तथा कुछ क्षेत्रों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। उन्होंने बताया कि फरवरी के पहले सप्ताह में एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से एक से तीन फरवरी के बीच प्रदेश के दोनों संभागों में बारिश हो सकती है। वैज्ञानिकों के अनुसार इस दौरान दिन के तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी संभव है, जिससे कोहरे से आंशिक राहत मिलेगी। हालांकि चार फरवरी से तापमान में फिर हल्की गिरावट के आसार हैं। शुक्रवार को न्यूनतम आठ डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ बुलंदशहर प्रदेश का सबसे ठंडा जिला रहा, जबकि अधिकतम 21.9 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ आगरा सबसे गर्म दर्ज किया गया।

### मौसम विभाग का इन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग ने कई जिलों कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरेया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल और बदायूं में घने कोहरे को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है और वाहन चालकों को सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

### उत्तर भारत में आज से बदलेगा मौसम

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में रविवार से बारिश होने के संभावना है। एक के बाद एक, दो पश्चिमी विक्षोभ के असर से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में 31 जनवरी से 3 फरवरी के दौरान मध्यम से तेज बारिश के साथ बर्फबारी देखने को मिल सकता है। वहीं, उत्तर-पश्चिम भारत और मध्य भारत के आस-पास के मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम अलग-अलग जगहों छिटपुट बहारिश होने की संभावना है।





इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, युवाओं का नया गणित बचत पीछे, खर्चे आगे व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

☞ www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### रैगिंग में एमबीबीएस के आठ छात्र निलंबित

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के प्रथम वर्ष के एक छात्र की रैगिंग करने के मामले में एमबीबीएस के आठ छात्रों को छह महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है। पीड़ित द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद कॉलेज की रैगिंग रोधी समिति ने जांच की और आरोपों को सही पाया। एमबीबीएस के तीसरे वर्ष के छात्रों नवदीप चौधरी, प्रकाश बावरिया, विक्रम सिंह मीणा, धर्मेंद्र कुशवाह, केशव गौतम, सुदीप जायसवाल, नवनीत कुशवाह और रवि मीणा को छात्रावास से निष्कासित कर दिया गया है और प्रत्येक पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# सीतारमण आज पेश करेंगी 9वां आम बजट, बहुप्रतीक्षित सीमा शुल्क सुधारों पर होंगीं निगाहें

नई दिल्ली, एजेंसी

● वित्त मंत्री लगातार 9वां बजट पेश कर बनाएंगीं एक नया रिकॉर्ड

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपना लगातार नौवां बजट पेश कर एक नया रिकॉर्ड बनाएंगी। इस बार सभी की निगाहें बहुप्रतीक्षित सीमा शुल्क सुधारों पर टिकी होंगी। सीतारमण ने 2019 में अपने पहले बजट में दशकों से चले आ रहे चमड़े के ब्रीफकेस की जगह लाल कपड़े में लिपटे पारंपरिक 'बही-खाता' का अनुकरण किया था। पिछले चार वर्षों की तरह इस साल का बजट भी डिजिटल रूप से पेश करेंगी।

आम बजट 26 में वे प्रमुख रूप से जिन आंकड़ों पर नजर होगी उनमें मुख्य रूप से राजकोषीय घाटा शामिल है। सरकार के कुल खर्च और आय के बीच का अंतर राजकोषीय घाटा कहलाता है। चालू वित्त वर्ष (2025-26) के लिए इसके जीडीपी के 4.4 प्रतिशत पर रहने का अनुमान लगाया गया है। बजट में 4.5 प्रतिशत से नीचे का लक्ष्य हासिल करने के बाद, बाजार अब कर्ज-जीडीपी अनुपात में कमी की दिशा में आगे बढ़ने के लिए सटीक आंकड़ों का इंतजार कर रहा है। उम्मीद है कि सरकार वित्त वर्ष 2026-27 के लिए चार प्रतिशत के राजकोषीय घाटे की घोषणा कर सकती है। पूंजीगत व्ययः चालू वित्त वर्ष के लिए सरकार का नियोजित पूंजीगत व्यय 11.2 लाख करोड़ रुपये तय किया गया है। निजी क्षेत्र के निवेशकों की सावधानी को देखते हुए, सरकार आगामी बजट में बुनियादी ढांचे पर खर्च को बनाए रख सकती है और इसमें 10-15 प्रतिशत की वृद्धि कर सकती है। यह राशि 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने की संभावना है। कर्ज की रूपरेखा के तहत वित्त मंत्री ने 2024-25 के बजट भाषण में कहा था कि वित्त वर्ष 2026-27 से राजकोषीय नीति का प्रयास केंद्र सरकार के कर्ज को जीडीपी के प्रतिशत के रूप में कम करने का होगा। बाजार यह देखना चाहेगा कि सरकार कर्ज-जीडीपी अनुपात को कब तक 60% के लक्ष्य तक लाने की बात कहती है। 2024 में यह अनुपात 85 प्रतिशत था, जिसमें केंद्र का हिस्सा 57% था।



# महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम बनीं सुनेत्रा पवार

● अजित पवार के निधन के चौथे दिन ली शपथ, नहीं पहुंचे शरद पवार

मुंबई, एजेंसी

राकांपा के दिवंगत अध्यक्ष अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार (62) ने शनिवार को मुंबई में एक समारोह में महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे चुकीं सुनेत्रा को यहां लोकभवन में एक संक्षिप्त समारोह में राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इससे पहले दिन में, उन्हें औपचारिक रूप से राकांपा विधायक दल का नेता चुना गया। भाजपा, एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना और अजित पवार नीत राकांपा के घटक वाली 'महायुति' सरकार में अजित पवार उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री थे। उनकी 28 जनवरी को बारामती में एक विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई। सुनेत्रा पवार जब शपथ लेने के लिए उठीं तो 'अजित दादा अमर रहें' जैसे नारे लगाए गए। सुनेत्रा पवार के छोटे बेटे जय पवार और उनकी पत्नी भी शपथग्रहण समारोह में मौजूद थीं। सुनेत्रा राज्य विधानमंडल के किसी भी सदन की सदस्य नहीं हैं। उनके बारामती विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की संभावना है जो अजित के निधन से खाली हुई है। चर्चाओं से दूर रहने वाली सुनेत्रा ने 2024 के लोकसभा चुनाव में अपने चुनावी करियर की शुरुआत की थी।



### प्रधानमंत्री मोदी व सीएम योगी ने दी बधाई

**नई दिल्ली/लखनऊ।** प्रधानमंत्री मोदी ने महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने पर सुनेत्रा पवार को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि वह राज्य के लोगों की भलाई के के साथ दिवंगत अजितदादा पवार के विजन को पूरा करेंगी। वहीं, मुख्यमंत्री योगी ने भी सुनेत्रा अजित पवार को हार्दिक बधाई।

## कोडीन कफ सिरप : भोला की 5.77 करोड़ की संपत्ति जब्त

**वाराणसी/सोनभद्र।** सोनभद्र जिले की पुलिस ने अवैध नशीले कफ सिरप मामले में शनिवार को वाराणसी में भोला जायसवाल और उसके परिजनों की कुल पांच करोड़ 77 लाख से अधिक की संपत्ति कुर्क की। सोनभद्र के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिषेक वर्मा ने बताया कि राबर्ट्सगंज पुलिस थाने में पंजीकृत अभियोग के तहत अभियुक्त भोला प्रसाद जायसवाल के वाराणसी के मडौली, भरलाई और जगदीशपुर क्षेत्रों में 4.55 करोड़ रुपये की कुल सात अचल संपत्तियां और 51.16 लाख रुपये मूल्य के चार वाहन कुर्क किये गए हैं। इसके अलावा बैंक खातों में जमा 70,99,228 रुपये को भी कुर्क किया गया है। कुर्क की गई चल-अचल संपत्तियों की कुल कीमत 5,77,17,990 रुपये बताई गई है।

## आज से तंबाकू-पान मसाला का सेवन होगा महंगा

● तंबाकू पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क, पान मसाला पर स्वास्थ्य उपकर आज से प्रभावी

**नई दिल्ली।** सिगरेट व तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क तथा पान मसाला पर स्वास्थ्य उपकर एक फरवरी से लागू हो जाएगा। यह जीएसटी की उच्चतम 40 प्रतिशत की दर के ऊपर लगाया जाएगा।

ये उपकर और उत्पाद शुल्क इन हानिकारक वस्तुओं पर एक जुलाई 2017 से लागू 28 प्रतिशत जीएसटी और क्षतिपूर्ति उपकर का स्थान लेंगे। इसके अलावा, एक फरवरी से तंबाकू उत्पादों (चबाने वाला तंबाकू, फिल्टर खैनी, जर्दा युक्त सुगंधित तंबाकू और गुटखा) के लिए अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) आधारित मूल्यांकन की नई व्यवस्था शुरू होगी। इसके तहत जीएसटी का निर्धारण पैकेट पर घोषित खुदरा बिक्री मूल्य के आधार पर किया जाएगा। पान मसाला निर्माताओं को एक फरवरी से स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर कानून के तहत नया पंजीकरण कराना होगा।

ऐसे उत्पादों के निर्माताओं को सभी पैकिंग मशीनों को कवर करने वाली एक कार्यशील सीसीटीवी प्रणाली लगानी होगी और इसकी फुटेज को कम से कम 24 महीनों तक सुरक्षित रखना होगा। उन्हें उत्पाद शुल्क अधिकारियों को मशीनों की संख्या और उनकी क्षमता की जानकारी भी देनी होगी।

### सिगरेट पर लंबाई के आधार उत्पाद शुल्क

एक फरवरी से प्रभावी केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम में संशोधन कर सिगरेट की लंबाई के आधार पर 2.05 रुपये से 8.50 रुपये प्रति स्टिक तक उत्पाद शुल्क लगाया गया है। इसके अलावा, स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर कानून पान मसाला इकाइयों की उत्पादन क्षमता पर उपकर लगाता है।

# रिबाकिना ने सबालेंका को हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीता

मेलबर्न, एजेंसी

एलेना रिबाकिना ने दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका को हराकर शनिवार को आस्ट्रेलियाई ओपन महिला एकल खिताब जीत लिया जो उनके कैरियर का दूसरा ग्रैंडस्लैम है। रिबाकिना ने 6-4, 4-6, 6-4 से जीत दर्ज करके 2023 फाइनल में सबालेंका के हाथों यहां मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया।

जीत के बाद 26 वर्ष की रिबाकिना ने कहा मेरा दिल बहुत तेज धड़क रहा है । चेहरे से भले ही पता नहीं चले लेकिन भीतर काफी जज्बात उमड़ रहे हैं। मॉस्को में जन्मी लेकिन कजाखस्तान के लिये खेले वाली इस खिलाड़ी ने कहा मेरे पास यह अच्छा मौका था और मैंने इसे भुनाया। दो दिन पहले सेमीफाइनल में जेसिका पेगुला को हराने वाली रिबाकिना ने चार साल पहले आस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल में पहला सेट जीता था लेकिन तीन सेट में हार गई थी।

इस बार पहला सेट जीतने के बाद वह दूसरा सेट हारी और तीसरे में 0-3 से पीछे थी, लेकिन लगातार पांच गेम जीतकर वापसी की। पांचवीं वरीयता प्राप्त रिबाकिना का यह दूसरा ग्रैंडस्लैम है जिन्होंने 2022 में विम्बलडन जीता था ।



साक्षात्कार

केंद्रीय मंत्री ने कहा- भारत और ईयू एफटीए से यूरोप को भारतीय निर्यात पांच वर्षों में बढ़कर दोगुना होने की उम्मीद

# ईयू के बाद अब अमेरिका की बारी, जल्द होगी दमदार ट्रेड डील : गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है और दोनों देश इसे जल्द पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने भरोसा जताया कि निकट भविष्य में इस मोर्चे पर अच्छी खबर दी जाएगी।

गोयल ने एक साक्षात्कार में कहा, हर मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) अपनी शर्तों और खूबियों पर टिका होता है। हमारी बातचीत बहुत अच्छी चल रही है। अमेरिका में मेरे समकक्ष और मेरे बीच बहुत ही शानदार कामकाजी संबंध और व्यक्तिगत मित्रता है। हम इस समझौते को जल्द से जल्द पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि मदर ऑफ ऑल डील्स (भारत-ईयू समझौता) के बाद अब भारत और अमेरिका के बीच फादर ऑफ ऑल डील्स कब तक हकीकत बनेगी, तो उन्होंने कहा कि व्यापार समझौतों के लिए कभी कोई समय सीमा तय नहीं की जाती। इन्हें दोनों देशों के हितों को ध्यान में रखते हुए सही समय पर अंतिम रूप दिया जाएगा। एफटीए से यूरोप को भारतीय निर्यात पांच वर्षों में बढ़कर दोगुना होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह वाशिंगटन की अपनी निर्धारित यात्रा से पहले, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के साथ व्यापार, महत्वपूर्ण खनिजों और रक्षा सहित द्विपक्षीय संबंधों के प्रमुख आयामों पर चर्चा की। उम्मीद है कि वह अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। क्या रूसी तेल की खरीद दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट का कारण है, कहा, मुझे नहीं लगता कि यह कोई बाधा या अड़चन है। कुछ गलतफहमियां हो सकती थीं, जिन्हें काफी हद तक सुलझा लिया गया है।



### केंद्रीय वाणिज्य मंत्री बोले- मां 28 बच्चों का ख्याल रखेगी

**नई दिल्ली।** पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) अगले पांच वर्षों में यूरोप को होने वाले देश के निर्यात को दोगुना कर देगा। उन्होंने इस ऐतिहासिक समझौते को मदर ऑफ ऑल डील्स करार देते हुए कहा कि मां दयालु और प्रेममयी होगी और यह सुनिश्चित करेगी कि इसके सभी 28 बच्चों (भारत और यूरोपीय संघ के 27 देश) को इस समझौते से लाभ हो। भारत-यूरोपीय संघ एफटीए को व्यापक रूप से मदर ऑफ ऑल डील्स कहा जा रहा है। दोनों पक्षों ने घोषणा की है कि समझौते के लिए बातचीत पूरी हो चुकी है और इसके इसी साल लागू होने की संभावना है। गोयल ने कहा कि यूरोपीय संघ को होने वाले वस्तु और सेवा निर्यात में भारत पहले से ही व्यापार अधिशेष की स्थिति में है। अब, समझौते के लागू होने के पहले ही दिन से भारत के 99 प्रतिशत निर्यात को यूरोपीय संघ में शुल्क मुक्त पहुंच मिलेगी। इससे अगले पांच वर्षों में देश का निर्यात दोगुना होने की संभावना है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का वस्तु निर्यात 76 अरब डॉलर और सेवा निर्यात 46 अरब डॉलर था।

## न्यूज ब्रीफ

### रविदास जयंती पर योगी ने दीं शुभकामनाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संत शिरोमणि रविदास की जयंती के अवसर पर



प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर ही संत रविदास जी का जन्म हुआ था, इसलिए यह तिथि आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष महत्व रखती है। मुख्यमंत्री ने माघ पूर्णिमा पर संगम में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं और कल्पवासियों के सुख, स्वास्थ्य और मंगलमय जीवन की कामना की तथा स्वच्छता, अनुशासन और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के पालन की अपील की।

### राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 31 मार्च तक

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के सचिव जीवक कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय के तत्वावधान में देशभर में राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 2 .0 संचालित किया जा रहा है। यह अभियान 31 मार्च तक प्रभावी रहेगा। अभियान का उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मामलों का मध्यस्थता के माध्यम से त्वरित, सरल एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण कर न्याय प्रक्रिया को सुलभ और समयबद्ध बनाना है। अभियान के अंतर्गत वैवाहिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा, चेक बाउंस, उपभोक्ता, वाणिज्यिक एवं अन्य उपयुक्त मामलों का समाधान मध्यस्थता के माध्यम से कराया जाएगा। नागरिकों से अभियान में सहभागिता की अपील की गई है।

### मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर 22 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व कार्यपालक अध्यक्ष/वरिष्ठ न्यायमूर्ति, उप्र . राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 22 फरवरी को लखनऊ में वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के तत्वावधान में किया जाएगा। सचिव जीवक कुमार सिंह ने बताया कि शिविर का आयोजन जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मलखान सिंह के निर्देशन में सुनिश्चित किया गया है। शिविर का उद्देश्य समाज के निर्बल, वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों को नि :शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना तथा विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही मंच पर प्रदान करना है।

### लखनऊ में जुटेंगी दिग्गज फार्मा कंपनियां

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को देश का प्रमुख फार्मास्यूटिकल और मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की ठान ली है। 3 फरवरी को राजधानी लखनऊ स्थित होटल ताज में "फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 : इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन उत्तर प्रदेश" का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश-दुनिया की दिग्गज फार्मा कंपनियां आएंगी और निवेश के नए अवसरों पर मंथन होगा। एफएसडीए के सचिव एवं आयुक्त डॉ . रोशन जैकब ने बताया कि कॉन्क्लेव का आयोजन उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) और इन्वेस्ट यूपी द्वारा किया जा रहा है। कॉन्क्लेव का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे, जबकि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन-उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा वीडियो संदेश के माध्यम से निवेशकों को संबोधित करेंगे।

### पीएम सूर्य घर योजना में 10.94 लाख आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्र सरकार की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से यूपी देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। राष्ट्रीय पोर्टल के अनुसार, देशभर में अब तक 58 .36 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से अकेले उत्तर प्रदेश से 10 .94 लाख से अधिक आवेदन दर्ज किए गए हैं। योगी सरकार की सक्रिय नीतियों और यूपीनेडा व वितरण कंपनियों के समन्वित प्रयासों से प्रदेश में अब तक 3 .57 लाख से अधिक रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित किए जा चुके हैं। इससे राज्य की कुल स्थापित सौर क्षमता 1,227 मेगावाट से अधिक हो गई है। योजना के तहत उपभोक्ताओं को अब तक 2,440 करोड़ से अधिक केंद्रीय सब्सिडी और लगभग 600 करोड़ की राज्य सब्सिडी दी जा चुकी है।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर दो ग्राम पंचायतों के नाम बदले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- फिरोजाबाद और हरदोई की पंचायतों के नाम परिवर्तन को मिली मंजूरी

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में दो ग्राम पंचायतों के नाम परिवर्तित किए गए हैं। राज्य सरकार ने स्थानीय जनभावनाओं और प्रशासनिक प्रस्तावों के आधार पर यह निर्णय लिया है।

सरकारी आदेश के अनुसार, फिरोजाबाद जनपद के शिकोहाबाद तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत वासुदेवमई में स्थित ग्राम उरमुरा किरार का नाम परिवर्तित कर अब हरिनगर कर दिया गया है। इसी प्रकार हरदोई जनपद के विकास खंड भरावन की ग्राम पंचायत हाजीपुर का नाम बदलकर सियारामपुर किये जाने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश सरकार के अनुसार, नाम परिवर्तन का उद्देश्य स्थानीय सामाजिक-सांस्कृतिक पहचान को सम्मान देना और ग्राम पंचायतों की पहचान को और सुदृढ़ करना है। नाम परिवर्तन से संबंधित सभी प्रशासनिक अभिलेखों, राजस्व रिकॉर्ड और सरकारी दस्तावेजों में आवश्यक संशोधन किए जाने के निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।



फिल्म 'गोदान' के निर्माता-निर्देशक ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर फिल्म का ट्रेलर लांच किया गया।

## योगी से मिले 'गोदान' फिल्म के निर्माता-निर्देशक, ट्रेलर लांच

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमाता के संरक्षण, भारतीय संस्कृति में उसके महत्व और पंचगव्य आधारित वैज्ञानिक दृष्टिकोण को केंद्र में रखकर बनी फिल्म गोदान के निर्माता-निर्देशक ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर फिल्म का ट्रेलर लांच किया गया। निर्माता-निर्देशक विनोद चौधरी ने कहा कि प्रदेश में गो-रक्षा को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जो ठोस, व्यापक और जमीनी स्तर पर कार्य हुआ है, वही इस फिल्म के निर्माण की सबसे बड़ी प्रेरणा बना। फिल्म में पंचगव्य से "पंच परिवर्तन" की अवधारणा को वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत किया गया है। विनोद चौधरी द्वारा निर्मित व निर्देशित फिल्म 'गोदान' 6 फरवरी को देशभर में एक साथ रिलीज होगी। निर्माता ने मुख्यमंत्री को फिल्म की विषयवस्तु, उद्देश्य और सामाजिक संदेश से अवगत कराते हुए कहा कि यह फिल्म केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि गोमाता, भारतीय संस्कृति, वैज्ञानिक चेतना और सामाजिक जिम्मेदारी का समग्र दस्तावेज है।

# एटा का 'पटना पक्षी अभयारण्य' रामसर साइट सूची में शामिल

## वेटलैंड दिवस से पहले यूपी को मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान, बना 11वां रामसर स्थल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** विश्व वेटलैंड्स दिवस (2 फरवरी) से पहले प्रदेश को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। केंद्र सरकार ने एटा जनपद स्थित पटना पक्षी अभयारण्य को रामसर साइट्स की सूची में शामिल कर लिया है। इसके साथ ही प्रदेश में रामसर स्थलों की संख्या 10 से बढ़कर 11 हो गई है। इस अंतरराष्ट्रीय मान्यता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में वर्ष 2017 के बाद से आर्द्रभूमि, वन्यजीव और जैव विविधता संरक्षण के लिए किए गए निरंतर प्रयासों का यह परिणाम माना जा रहा है। 108.86 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैला पटना पक्षी विहार एक लाख से अधिक जल-पक्षियों की संरक्षण क्षमता रखता है। सर्दियों के मौसम में यहां बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षियों का आगमन होता है। वर्ष 1990 में इसे अभयारण्य घोषित किया गया था, जिसका नाम जलेसर तहसील



### प्रदेश के रामसर स्थल

नवाबगंज (उन्नाव), पार्वती अरगा (गोंडा), समान (मैनपुरी), समसपुर (रायबरेली), सरसई नावर (इटावा), सांडी (हरदोई), सूर सरोवर (आगरा), बखीरा (संतकबीर नगर), ऊपरी गंगा नदी (बुलंदशहर), हैदरपुर वेटलैंड (मुजफ्फरनगर) और पटना पक्षी अभयारण्य (एटा)।

के पटना गांव के नाम पर रखा गया।

यह अभयारण्य 178 प्रजातियों के पक्षियों का आश्रय स्थल है। यह क्षेत्र 44 से अधिक जल-पक्षी प्रजातियों और चार आर्द्रभूमि पक्षी प्रजातियों- सरकिडियोर्निस मेलानोटस, अनहिंगा मेलानोगास्टर, मारेका स्ट्रेपेरा और एंसर की वैश्विक जैव-भौगोलिक आबादी के एक प्रतिशत से अधिक का संरक्षण करता है। गर्मियों में आसपास की आर्द्रभूमियों के सूख जाने पर यह स्थल सारस क्रेन का प्रमुख आश्रय बन जाता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को वैश्विक पहचान मिल रही है। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने इसे जैव विविधता और पारिस्थितिक तंत्र संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

- पीएम मोदी और सीएम योगी ने दी बधाई, जैव विविधता संरक्षण को लेकर बड़ी उपलब्धि

### वेटलैंड दिवस पर बर्ड फेस्टिवल कल से

अमृत विचार, लखनऊ : विश्व आर्द्रभूमि (वेटलैंड) दिवस के अवसर पर 2 फरवरी को ललितपुर स्थित महावीर स्वामी पक्षी विहार में बर्ड फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव की शुरुआत प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह करेंगे। आयोजन का उद्देश्य वेटलैंड संरक्षण के साथ-साथ जैव विविधता और पक्षी संरक्षण के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाना है। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ . अरुण कुमार ने शनिवार को अरण्य भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बर्ड फेस्टिवल में देशभर से पक्षी प्रेमी, पर्यावरणविद् और विशेषज्ञ भाग लेंगे। मंत्री ने पटना पक्षी विहार को रामसर साइट घोषित किए जाने पर विभागीय अधिकारियों की भी सराहना की।

# बजट पर टिकीं आम आदमी की नजरें

## महंगाई, टैक्स और रोजगार पर राहत की सबसे बड़ी उम्मीद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** यूनियन बजट 2026 को लेकर इस बार प्रदेश के आम लोगों की उम्मीदें पहले से कहीं अधिक बढ़ गई हैं। लगातार बढ़ती महंगाई, सीमित रोजगार के अवसर और रोजमर्रा के खर्चों के दबाव ने आम परिवारों की आर्थिक चुनौतियां बढ़ा दी हैं। ऐसे में 1 फरवरी को पेश होने वाले आम बजट को लेकर शहरों से गांवों तक चर्चा है। आम आदमी को उम्मीद है कि इस बार बजट में केवल बड़े आंकड़ों और घोषणाओं के बजाय उसकी रोजमर्रा की परेशानियों पर ठोस फैसले लिए जाएंगे।

हर वर्ग चाहे वह किसान हो, युवा हो, नौकरीपेशा हो या मध्यम वर्ग की नजरें 1 फरवरी के बजट पर टिकी हैं। सबको उम्मीद है कि यह बजट केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि आम आदमी की जेब और भविष्य दोनों को संबल देने वाला साबित होगा। लखनऊ, कानपुर, बरेली, मुरादाबाद, प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर और मेरठ जैसे बड़े शहरों में नौकरीपेशा और मध्यम वर्ग की सबसे बड़ी अपेक्षा इनकम टैक्स में राहत को लेकर है। लोगों का कहना है कि बढ़ती महंगाई के बीच टैक्स स्लैब में छूट और मानक कटौती बढ़ाए जाने से उनकी जेब पर पड़ रहा दबाव कुछ कम हो सकता है। साथ ही सीनियर सिटीजन के लिए रेलवे रियायतों की बहाली और स्वास्थ्य सेवाओं पर अतिरिक्त प्रावधान की मांग भी सामने आ रही है।

विशेषज्ञों के मुताबिक, बजट में कृषि आपूर्ति श्रृंखला, कोल्ड स्टोरेज, फूड प्रोसेसिंग और परिवहन लागत घटाने पर जोर दिया गया, तो इसका सीधा लाभ यूपी को मिलेगा, क्योंकि देश की बड़ी आबादी और कृषि उत्पादन यहीं केंद्रित है। सरकारी नौकरियों पर निर्भरता कम करते हुए एमएसएमई, स्टार्टअप और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूती देना जरूरी है।

### रोजगार और शिक्षा पर युवाओं की निगाहें




प्रदेश के युवाओं की निगाहें रोजगार और शिक्षा पर टिकी हैं। बुंदेलखंड, पूर्वांचल और तराई क्षेत्रों के युवाओं का कहना है कि बजट में रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। औद्योगिक निवेश के साथ-साथ कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने से युवाओं को स्थायी रोजगार मिल सकता है। युवाओं की यह भी अपेक्षा है कि शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए पर्याप्त बजटीय प्रावधान किए जाएं।

### किसानों को चाहिए सब्सिडी और एमएसपी

ग्रामीण इलाकों और किसान परिवारों के लिए भी यह बजट बेहद अहम माना जा रहा है। पश्चिमी यूपी से लेकर पूर्वांचल तक किसानों को खेती की बढ़ती लागत, खाद-बीज के दाम और सिंचाई खर्च की चिंता है। किसान चाहते हैं कि कृषि क्षेत्र के लिए सब्सिडी, न्यूनतम समर्थन मूल्य और कृषि अवसंरचना पर बजट में ठोस कदम उठाए जाएं। इसके साथ ही ग्रामीण रोजगार, सिंचाई परियोजनाओं और गांवों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की भी मांग उठ रही है।

### दैनिक उपयोग की वस्तुओं में राहत की उम्मीद

महंगाई से जूझ रही गृहिणियों और आम परिवारों को रसोई गैस, खाद्य पदार्थों और दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दामों में राहत की उम्मीद है। लोगों का कहना है कि यदि बजट में महंगाई नियंत्रित करने के उपायों और बचत को प्रोत्साहित करने वाली योजनाओं की घोषणा होती है, तो आम आदमी को वास्तविक राहत मिल सकती है।

# पांच आईएएस अफसरों का तबादला

- नगेंद्र प्रताप बने आगरा मंडल के कमिश्नर, एक प्रमुख सचिव को अतिरिक्त प्रभार, कई जिलों को मिले नए सीडीओ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए पांच वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले और एक प्रमुख सचिव को अतिरिक्त प्रभार के आदेश दिए हैं। नगेंद्र प्रताप, जो अब तक यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर तैनात थे, उन्हें आगरा मंडल का आयुक्त (कमिश्नर) नियुक्त किया गया है।

वहीं, मऊ के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) प्रशांत नागर को फिरोजाबाद का नगर आयुक्त बनाया गया है। इसके साथ ही उन्हें फिरोजाबाद-शिकोहाबाद विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष भी नियुक्त किया गया है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में उप सचिव के पद पर तैनात विवेक कुमार श्रीवास्तव को मऊ का नया मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है। मथुरा के मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा को स्थानांतरित करते हुए यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण का अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनकी जगह गाजियाबाद में संयुक्त मजिस्ट्रेट के पद पर कार्यरत डॉ. पूजा गुप्ता को मथुरा का मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है। खाद्य एवं रसद तथा उपभोक्ता मामले विभाग के प्रमुख सचिव रणवीर प्रसाद को उनके वर्तमान पद के साथ-साथ आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### पांच पीसीएस अधिकारियों के तबादले राजेश वर्मा बने बरेली के नगर मजिस्ट्रेट

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने पीसीएस अधिकारियों के तबादले करते हुए प्रशासनिक स्तर पर फेरबदल किया है। जारी सूची के अनुसार कुल पांच अधिकारियों को नई तैनाती दी गई है। जालौन के नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा को नगर मजिस्ट्रेट बरेली बनाया गया है। इसी पद तैनात अलंकार अग्निहोत्री को गणतंत्र दिवस के दिन सरकार विरोधी कृत्यों को लेकर निलंबित करके डीएम शामली कार्यालय से संबद्ध किया जा चुका है। जारी आदेश के अनुसार, उप जिलाधिकारी प्रयागराज सुनील कुमार को नगर मजिस्ट्रेट, जालौन बनाया गया है। अपर आयुक्त, देवीपाटन मंडल गोंडा के पद पर कार्यरत कमलेश चन्द्र को उप सचिव, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में राजेश कुमार यादव-I, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति), मथुरा को अपर आयुक्त, देवीपाटन मंडल, गोंडा के पद पर स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा नंद प्रकाश मौर्य, उप जिलाधिकारी महाराजगंज को अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति), मथुरा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरकार की ओर से जारी इस तबादला सूची को प्रशासनिक कार्यकुशलता बढ़ाने और विभिन्न जिलों एवं मंडलों में कार्य संतुलन बनाए रखने की दिशा में कदम माना जा रहा है।

# गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा की शुरुआत 5 से

## तीन दिवसीय अभियान में 300 केंद्रों पर लगेंगे शिविर, मिलेगा निःशुल्क इलाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन (एनएमओ) अवध एवं गोरक्ष प्रांत तथा श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास की ओर से गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0 की शुरुआत की जा रही है। तीन दिवसीय इस स्वास्थ्य सेवा अभियान के तहत भारत-नेपाल सीमा से सटे सुदूर, थारू बाहुल्य और सीमावर्ती क्षेत्रों में डॉक्टरों की टीमें पहुंचकर लोगों को निःशुल्क जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध कराएंगी।

स्वास्थ्य सेवा यात्रा की शुरुआत 5 फरवरी को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री असीम अरुण और संघ के प्रचारक सहित अन्य अतिथि लोहिया संस्थान से करेंगे। यात्रा की जानकारी शनिवार को जियामऊ स्थित विश्व संवाद केंद्र में आयोजित प्रेसवार्ता में दी गई। इस मौके पर श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. एमएलबी भट्ट, एनएमओ अवध प्रांत अध्यक्ष



लखनऊ : विश्व संवाद केंद्र में पत्रकारों को जानकारी देते श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ . एमएलबी भट्ट, साथ में अन्य।

डॉ. संदीप तिवारी, केजीएमयू के डॉ. विजय कुमार और मीडिया प्रभारी डॉ. कपिल देव शर्मा मौजूद रहे।

डॉ. संदीप तिवारी और डॉ. एमएलबी भट्ट ने बताया कि यात्रा की रवानगी के बाद डॉक्टरों की टीमें लखीमपुर, पीलीभीत, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज के सीमांत इलाकों में पहुंचेंगी। सभी क्षेत्रों में 6 फरवरी को सुबह 9 बजे से स्वास्थ्य शिविरों की शुरुआत होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ऑनलाइन माध्यम से इन शिविरों का उद्घाटन करेंगे।

उन्होंने बताया कि 6 और 7 फरवरी को 300 केंद्रों पर विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे, जबकि 8 फरवरी को विशाल स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान निःशुल्क जांच, दवा वितरण और विशेषज्ञ परामर्श की सुविधा दी जाएगी। इस बार ढाई लाख से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं देने का लक्ष्य रखा गया है।

स्वास्थ्य सेवाओं में केजीएमयू, एम्स, एसजीपीजीआई, बीएचयू सहित देश के 70 मेडिकल कॉलेजों के एक हजार से अधिक डॉक्टर हिस्सा लेंगे। राजस्थान, महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों से भी चिकित्सक इस अभियान में सहयोग करेंगे। शिविरों में एक्स-रे, कैंसर, मोतियाबिंद सहित विभिन्न बीमारियों की जांच की जाएगी। साथ ही चश्मा वितरण, आयुष्मान कार्ड बनवाने जैसी सुविधाएं भी लोगों को उपलब्ध कराई जाएंगी।

**पहल** उप्र . और बिहार के महिला किसान संगठनों के बीच एमओयू

# खेती में डिजिटल टेक्नोलॉजी का होगा इस्तेमाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यूपी-बिहार मिलकर करेंगे महिला किसानों की क्षमता वृद्धि, खुलेंगे रोजगार के नए अवसर

**अमृत विचारः** खेती को आधुनिक, टिकाऊ और लाभकारी बनाने की दिशा में उप्र. और बिहार ने एक अहम पहल की है। डिजिटल तकनीक, डेटा आधारित निर्णय प्रणाली और क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश और बिहार के महिला किसान संगठनों के बीच राजधानी लखनऊ में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

यह एमओयू उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से संबद्ध महिला किसान उत्पादन संगठनों के राज्य स्तरीय संघ भूस्वामिनी और बिहार के पहले एफपीओ महासंघ बिहप्रो कन्सोर्टियम ऑफ प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के बीच हुआ। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य महिला किसानों की क्षमता वृद्धि, आधुनिक तकनीक आधारित खेती को प्रोत्साहन, कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन तथा खरीद-बिक्री की संगठित व्यवस्था विकसित करना है। एमओयू के तहत खेती में डिजिटल टेक्नोलॉजी और डेटा के उपयोग



को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे महिला किसान वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित निर्णय ले सकेंगी। साथ ही बदलते मौसम को ध्यान में रखते हुए क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर प्रैक्टिसेज अपनाने पर विशेष जोर रहेगा। एमओयू के माध्यम से उत्तर प्रदेश और बिहार की महिला किसान संयुक्त रूप से प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और नवाचार आधारित कार्यक्रम संचालित करेंगी। इससे महिला किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों, जलवायु अनुकूल खेती और संसाधनों के बेहतर उपयोग की जानकारी मिलेगी।

मुख्यमंत्री योगी के निर्देशों के अनुरूप प्रदेश में महिला किसानों को केवल उत्पादन तक सीमित न रखकर कृषि आधारित उद्यमिता, प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग और मार्केट लिंकेज से जोड़ा जा रहा है। कृषि उत्पादों की खरीद-बिक्री के लिए एक पारदर्शी और सशक्त तंत्र विकसित किया जाएगा, जिससे महिला किसान संगठनों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके।

# आपदा राहत कार्यों को मिली रफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वर्ष 2025-26 में 710.12 करोड़ रुपये जारी, बाढ़ राहत पर सर्वाधिक खर्च

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों को लेकर पूरी तरह संवेदनशील और प्रतिबद्ध है। बाढ़, भूकंप, सूखा, अग्निकांड, शीतलहर और मानव-जीव संघर्ष जैसी आपदाओं से प्रभावित लोगों को त्वरित राहत पहुंचाने के लिए राहत आयुक्त कार्यालय लगातार सक्रिय हैं। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान आपदा राहत मद में कुल 710.12 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई, जिससे प्रदेश में राहत, बचाव और पुनर्वास कार्यों को नई गति मिली है।

जारी की गई धनराशि में सबसे अधिक 365.73 करोड़ रुपये बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं पुनर्वास के लिए आवंटित किए गए। यह राशि मुख्य रूप से सरयू, गंगा और घाघरा नदी से प्रभावित इलाकों में बचाव कार्यों, क्षतिपूर्ति और पुनर्वास पर खर्च की गई। इसके अलावा चक्रवात व आंधी-तूफान से हुई क्षति के लिए 14.13 करोड़ रुपये, ओलावृष्टि से नुकसान की भरपाई के लिए 0.13 करोड़ रुपये और अग्निकांड से प्रभावितों को सहायता के लिए 14.63 करोड़ रुपये जारी किए गए। शीतलहरी से बचाव को लेकर सरकार ने विशेष प्रयास किए, जिसका सकारात्मक असर भी देखने को मिला। ठंड से निराश्रितों की सुरक्षा के लिए 50.72 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई। इसके अंतर्गत कंबल वितरण के लिए 45.51 करोड़ रुपये और अलाव जलाने के लिए 3.51 करोड़ रुपये खर्च किए गए। प्रदेश के सभी जनपदों में 27,027 स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की गई, जिनमें अब तक 1,69,834 अलाव जलाए जा चुके हैं।

राहत आयुक्त कार्यालय के अनुसार, अब तक 5,89,689 कंबल गरीबों और निराश्रितों को वितरित किए जा चुके हैं। साथ ही प्रदेश भर में 1,242 रैन बसेरे स्थापित किए गए हैं, जहां 64 हजार से अधिक लोगों को ठंड से राहत मिली है।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## न्यूज ब्रीफ

### गांव के लोगों ने रंजिश के चलते युवकों को पीटा चार पर रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** गांव के लोगों ने रंजिशन गाली गलौज की और खेत में पानी लगा रहे दो युवकों को मारपीट कर घायल कर दिया। ग्राम कटकैया गंधौलिया निवासी सतेन्द्र सिंह पुत्र आत्माराम ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह 26 दिसंबर की दोपहर लगभग 02.15 बजे अपने खेत में पानी लगा रहा है। तभी गांव के लेजम सिंह, धारम सिंह, रोहित कुमार, भानू सिंह ने रंजिश के चलते उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी, डण्डों से मारपीट कर घायल कर दिया और बीच बचाव में आए गांव के आमोद कुमार से की मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चकबंदी अधिकारी अनीस अहमद सिद्दीकी की भावुक विदाई

**छिबरामऊ।** चकबंदी अधिकारी अनीस अहमद सिद्दीकी के रिटायरमेंट पर नम आंखों से विदाई समारोह का आयोजन न्यू संत गेस्ट हाउस में किया गया। इस दौरान एडीएम न्यायिक विजय कुमार मिश्र, रेशमा शाह, दिनेश शर्मा, सीओ चकबंदी अधिकारी सहित विभागीय स्टाफ मौजूद रहा। अनीस अहमद की जगह चार्ज संभालने वाले अनंत सिंह सीओ ने पदभार ग्रहण किया। रामवीर सिंह नायब, कपिल अहमद पेशकार, रामकिशोर कानूनगो, विद्या भारती यादव लेखपाल, यूनुस लेखपाल एवं चकबंदी विभाग का समस्त स्टाफ ने उन्हें सम्मानित किया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद राठौड़, महासचिव फहीम जमा एडवोकेट, रामचंद्र यादव एडवोकेट सहित अन्य सदस्यों ने भी विदाई दी। सभी ने उनके लंबे सेवाकाल और योगदान की सराहना की। यह समारोह स्नेह और सम्मान का प्रतीक रहा।

# दूसरे चरण में 38,878 ने बिल बकाया में लाभ लेने को कराया रजिस्ट्रेशन

## बिजली बिल राहत योजना का दूसरा चरण 31 जनवरी को समाप्त हो गया

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- दूसरे चरण में छूट का लाभ लेने में कम लोगों ने दिखाई दिलचस्वी
- 01 फरवरी से तीसरे चरण की हो गई शुरुआत

**अमृत विचार।** बिजली बिल राहत योजना का दूसरा चरण 31 जनवरी को समाप्त हो गया। बिजली चोरी में 881 व बिल बकाया पर 38,878 ने रजिस्ट्रेशन कराया है। दूसरे चरण में छूट का लाभ लेने में बकायेदारों ने अधिक रुचि नहीं दिखाई है।

बिजली बिल राहत योजना का दूसरा चरण भी शनिवार को समाप्त हो गया। दूसरे चरण में अब तक 881 से अधिक बिजली चोरी के उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ लिया। इसी तरह दूसरे चरणमें बकाया बिल के 38,878 उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया। 01 फरवरी से तीसरे चरण की शुरुआत होगी होगी। खास बात तो यह है कि पहले चरण में योजना का लाभ लेने के लिये उपभोक्ताओं की बिजली


बिजली कार्यालय में बकाया बिल जमा करने के लिये काउंटर पर खड़े उपभोक्ता।

दफ्तरों में खासी भीड लगी रही। जब दूसरा चरण आया तो उसमें उपभोक्ता घटते गये। अब दूसरा चरण समाप्त हो गया है। तीसरे चरण का हाल कैसा रहेगा यह बिजली विभाग के अधिकारियों पर निर्भर है। वह कितनी मेहनत करते हैं। वैसे तो विभाग की ओर से गांव गांव कैंप लगा कर बकाया बिल को छूट का लाभ देते हुएजमा कराया जा रहा है। बकायेदारों के कनेक्शन काटने की कार्रवाई भी की जा रही है। जो उपभोक्ता लंबे समय से बकाया बिल जमा नहीं कर रहे उनके कनेक्शन की पीडी की जा रही है। यही नहीं जिन उपभोक्ताओं की बकाया पर पीडी की जा चुकी है और वह बकाया बिल जमा न कर बिजली का उपयोग करते मिल रहे हैं उन पर विभागीय अधिकारी बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज करा रहे हैं। अब देखनी यह है कि तीसरे चरणमें बिजली विभाग के अधिकारी कितने बकायेदारों से बकाया बिल को जमा कराने में सफल होपाते हैं। अधीक्षण अभियंता विद्युत मुकेशबाबू का कहना है कि तीसरे चरण में किसी बकायेदार को बख्सा नहीं जायेगा।बिजली विभाग की टीमें गांव गांव कैंप लगा रही हैं। यदि कोई बकायेदार बिल को जमा नहीं करता है तो उसका कनेक्शन काट दिया जायेगा।

# तीन जनवरी तक मौसम खराब रहने की संभावना जताई गई

कार्यालय संवादादाता कन्नौज

- पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र का असर यहां भी पड़ने की संभावना
- अमरेन्द्र यादव, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र ने दी जानकारी

**अमृत विचार।** एक के बाद एक, दो पश्चिमी विक्षोभ के असर से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में 31 जनवरी से 3 फरवरी के दौरान हल्की से मध्यम छिटपुट/काफी व्यापक वर्षा/ बर्फबारी और उत्तर-पश्चिम भारत और मध्य भारत के आस-पास के मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम अलग-अलग/छिटपुट वर्षा होने की संभावना है।

अमरेन्द्र यादव, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र कन्नौज ने बताया कि उत्तर-पूर्वी ईरान के ऊपर साइक्लोनिक सर्कुलेशन के तौर पर पश्चिमी विक्षोभ समुद्र तल से 4.5 और 5.8 किमी. ऊपर बना हुआ है। सबट्रॉपिकल वेस्टर्न जेट स्ट्रीम, समुद्र तल से 12.6 किमी. हवाये चलेंगी। 02 फरवरी की रात से एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर- पश्चिमी भारत को प्रभावित कर सकता है। 05 फरवरी से एक और नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिमी भारत को प्रभावित कर सकता है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, 2 से 3 फरवरी के दौरान कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है, बीच में मौसम शुष्क रहेगा। 31 जनवरी को घना कोहरा (दृश्यता 50 मीटर से कम) रहने की संभावना है, जिसके बाद धीरे-धीरे कोहरा छंट जाएगा। अगले पांच दिनों तक मध्यम से घना बादल छाए रह सकते हैं।

अधिकतम तापमान 21-22 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10-13 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। अगले 24 घंटों में तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा और अगले तीन दिनों में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के बाद धीरे-धीरे 2-4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी। सापेक्ष आर्द्रता का अधिकतम और न्यूनतम स्तर 95 से 70% के बीच रहेगा। हवा की दिशा लगभग उत्तर-पश्चिम रहेगी, बीच-बीच में उत्तर-पूर्व की ओर भी 7-10 किमी/घंटा की रफ्तार से हवा चल सकती है। बारिश की संभावना को देखते हुए किसानों को खड़ी रबी फसलों की सिंचाई और कीटनाशक छिड़काव स्थगित करने की सलाह दी जाती है।

जायद फसल की बुवाई से पूर्व अपने खेत से मिट्टी का सैंपल लें और उसे टेस्टिंग के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र से जांच के उपरान्त ही उर्वरकों का प्रयोग करें। साथ ही कृषि की नवीनतम तकनीकी की जानकारी के लिए कृषि विशेषज्ञ के संपर्क में रहें और पशुओं को ठण्ड से बचाव के लिये उचित प्रबंध करें। खुले में बांधने से बचें। लोगों को गर्म कपड़े पहनने और 31 जनवरी और 01 फ़रवरी के आसपास घने कोहरे से बचाव हेतु कम और सुरक्षित यात्रा करने की सलाह दी है।

# सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को दी विदाई

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को एसपी ने शॉल भेंट कर विदाई दी। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी।

जनवरी माह की 31 तारीख को जनपद कन्नौज से 08 पुलिसकर्मी अपनी सेवाकाल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से कार्य करते हुए अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने विदाई समारोह में सम्मिलित होकर पुलिसकर्मी को उपहार, स्मृति चिन्ह देकर उनके आगामी सुखमय व समृद्ध जीवन की कामना कर विदाई दी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार व अन्य अधिकारी/कर्मचारियों ने भी सेवानिवृत होने वाले पुलिसकर्मियों


विदाई कार्यक्रम के दौरान एसपी, एएसपी के साथ खड़े पुलिस के जवान।

### 38 वर्ष सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए सुरेंद्र सिंह

**तिर्वा।** तिर्वा कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह यादव ने पुलिस विभाग में बेदाग सेवा के उपरांत शनिवार को सेवानिवृत हो गए। इस अवसर पर कोतवाली में विदाई समारोह आयोजित किया गया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार शुक्ल, निरीक्षक रणजीत सिंह, उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह, गुलाब केशकर, आशीष कुमार, नरेंद्र सिंह भदौरिया, हेड कांस्टेबल शिव शंकर मौर्य, जेपी सिंह, पवन सिंह रमेश, ओम वीर सिंह, विनोद कुमार, राजीव कुमार सहित सभी पुलिस कर्मियों ने फूल माला तथा उपहार भेंट कर भाव भीनी विदाई दी है।

को अपनी शुभकामनायें दीं। इस मौके पर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों में प्रतिसार निरीक्षक सुखपाल सिंह, रेडियो निरीक्षक चन्द्र कुमार त्रिपाठी, दरोगा चैनपाल सिंह सोलंकी, दरोगा मुईनउल्ला खां, दरोगा सुरेन्द्र सिंह, दरोगा विशाल सिंह, हेड सिपाही शिवप्रसाद व सिपाही राजेश सिंह को विदाई दी गई।

## अवैध खनन करते ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

**तिर्वा।** खनन विभाग की टीम ने अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली और ओवरलोड डंपरों को सीज किया है।

शनिवार को ठठिया थाना क्षेत्र के थम्मनपुरवा गांव में अवैध खनन की सूचना पर पहुंचे खनन अधिकारी ने मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर थाने लाकर सीज करा दिया। हालांकि कार्रवाई के दौरान खनन में प्रयुक्त हाईड्रा लेकर चालक मौके से फरार हो गया। यही नहीं लंबे समय से कानपुर देहात सीमा से कन्नौज जनपद में प्रवेश कर रहे ओवरलोड मौरंग लदे दो डंपरों को भी पकड़ा गया।

दोनों डंपरों को सीज कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। खनन अधिकारी ने बताया कि अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।


मतदान केंद्र तिर्वा का निरीक्षण करतीं खंड विकास अधिकारी सोनिया श्रीवास्तव।

# मतदाता दिवस पर सभी बूथों पर नए मतदाता वोट बनवाएं

संवाददाता तिर्वा

**कन्नौज।** छुटे हुए मतदाताओं के वोट बनाने के लिये नोटिस जारी करने के बाद अब अभियान तेज कर दिया गया। अधिकारी बूथों पर पहुंच कर निरीक्षण कर रहे हैं। लोगों को जागरुक कर उनके वोट बनवा रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सभी बूथों पर मतदाता दिवस आयोजित किया गया। उप जिलाधिकारी राजेश कुमार मौर्य ने उमर्दा तथा हसेरन के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इसी प्रकार खंड विकास अधिकारी सोनिया श्रीवास्तव ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय तिर्वा तथा कंपोजिट विद्यालय गहरा तालाब के बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान नए वोटरों को फार्म छह भरवाकर नए मतदाता बनाने को कहा। वहीं बीएलओ को अपने क्षेत्र ने जाकर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिया है।

## कार चालक के विरुद्ध दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** बाजार जा रहे साइकिल सवार किशोर को तेज गति से आ रही कार के चालक ने टक्कर मार दी थी। इससे किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम गढिया कछपुरा निवासी ब्रजमोहन पुत्र रामचन्द्र ने कोतवाली में दर्ज कराई रिर्पोर्ट में कहा है कि उसका पुत्र संतोष 29 जनवरी की दोपहर लगभग 02.30 बजे साइकिल से ग्राम मिरगांवा के बाजार में जा रहा था। तभी गंगा रोड पर पीछे से आ रही कार के चालक ने तेज गति से उसकी साइकिल में टक्कर मार दी थी। जिससे उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया और साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई थी। कोतवाली पुलिस ने अज्ञात कार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# मिशन शक्ति के तहत दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति (फेज–5.0) के अंतर्गत एंटी रोमियो अभियान चलाकर पुलिस ने छात्राओं एवं महिलाओं जागरूक किया। उनको शासन से महिला कल्याण की योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया।

पुलिस द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान (फेज–5.0) एवं एंटी रोमियो अभियान के अंतर्गत जनपद कन्नौज पुलिस द्वारा छात्राओं एवं महिलाओं को एकत्रित कर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्राओं एवं महिलाओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों, महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों,


महिलाओं व युवतियों को जानकारी देती पुलिस। अमृत विचार

एंटी रोमियो टीम की भूमिका तथा महिला उत्पीड़न की स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त करने की जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए सोशल मीडिया, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल/लिंक एवं डिजिटल सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त शासन द्वारा महिलाओं के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना एवं सुमंगला योजना के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया।

# स्वच्छ भारत मिशन में 1.50 करोड़ का बजट स्वीकृत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों को मिलेगी गति

**अमृत विचार।** जिला पंचायत राज अधिकारी राजेंद्र प्रकाश ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज- 02 योजना में जनपद को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों के लिए 01 करोड़ 50 लाख रुपये की व्यय सीमा आवंटित की गई है।

उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी ने जिले की 64 ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत कराए गए ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों के भुगतान के लिए कुल 1.50 करोड़ रुपये को स्वीकृति दे दी है। यह भुगतान पिछले वित्तीय वर्ष मंग कराए गए कार्यों के सापेक्ष किया जा रहा है। इसमें विकास खंड छिबरामऊ की ग्राम पंचायत बीकूपुर तथा सौरिख की ग्राम पंचायत बहादुरपुर मझिगवां में स्थापित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट के कार्य शमिल हैं। साथ-साथ जनपद की अन्य 62 ग्राम पंचायतों में ग्राम स्वच्छता कार्ययोजना के अनुसार कराए गए ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य सम्मिलित हैं। जिन ग्राम पंचायतों ने प्राथमिकता के आधार पर भुगतान की मांग की है, उन्हें जिलाधिकारी की स्वीकृति के बाद धनराशि निर्गत की जा रही है।

# 10 लाख से होगा पुस्तकालय का कायाकल्प

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** कई सालों से स्टाफ, सुविधाओं व बजट को तरस रहे राजकीय जिला पुस्तकालय का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इसके लिए जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने क्रिटिकल गैप्स मद से 10 लाख रुपये की स्वीकृति दे दी है। यह निर्णय छात्रहित में माना जा रहा है।

बताया गया है कि 23 जनवरी को डीएम ने जिला पुस्तकालय का निरीक्षण किया था। इस दौरान यह सामने आया कि छात्र-छात्राएं विषम परिस्थितियों के बावजूद पुस्तकालय में नियमित रूप से पठन-पाठन कर रहे हैं, जबकि भवन की स्थिति जर्जर एवं उपेक्षित है। जिलाधिकारी को फर्श क्षतिग्रस्त मिली। प्रकाश


पुस्तकालय की टूटी फर्श के बीच पढ़ाई करते विद्यार्थी। फाइल फोटो

व्यवस्था अपर्याप्त थी। बाउण्ड्रीवाल भी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। निरीक्षण के समय डीआईओएस पप्पू सरोज ने डीएम को बताया कि पुस्तकालय की मरम्मत एवं सुधार कार्यों के लिए किसी भी मद में बजट नहीं है। इस पर जिलाधिकारी ने छात्रों के शैक्षणिक हित एवं सुरक्षित अध्ययन वातावरण के उद्देश्य से 'क्रिटिकल गैप्स' मद के तहत नगर क्षेत्र से 10 लाख की धनराशि स्वीकृत की। बताया गया है कि इस बजट से पुस्तकालय में फ्लोरिंग, फर्नीचर, फॉल सीलिंग, पर्याप्त एवं आधुनिक प्रकाश व्यवस्था तथा आवश्यकतानुसार बाउण्ड्रीवाल की मरम्मत होगी। निर्माण कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड, इकाई-10, कानपुर को नामित किया गया है।

**ज्ञापन** राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा

# यूजीसी कानून के समर्थकों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** यूजीसी बिल पर फिलहाल सुप्रीम कोर्ट की रोक लग गई है। रोक लगने के दो दिन बाद बिल के समर्थन में शनिवार को भाजपा, सपा व बसपा समेत विपक्षी दलों के लोग एकजुट हो गए। उन्होंने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन में कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय का सम्मान करते हैं लेकिन न्यायालय की रोक से आहत हैं।

अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को दिए ज्ञापन में लोगों ने कहा है कि विधानसभा क्षेत्र कन्नौज के आम नागरिक हैं। वह सभी यूजीसी का समर्थन करते हैं। यह नया कानून देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में व्याप्त एससीएसटी एवं ओबीसी के छात्र-छात्राओं के साथ हो रहे भेदभाव को रोकने वाला है। साथ ही सभी को समानता का अधिकार भी देने वाला है। यह विकसित


यूजीसी के समर्थन में कलेक्ट्रेट में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते लोग। अमृत विचार

भारत को अग्रसर करने में मील का पत्थर साबित होगा। वह सभी लोग सर्वोच्च न्यायालय का सम्मान करते हैं लेकिन न्यायालय की रोक से आहत हैं।

राज्यपाल से मांग हुई है कि बिल को शीघ्र लागू किया जाए। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख रामू कठेरिया, व्यापारी अनिल गुप्ता, शैलेंद्र सिंह, शशिमा सिंह दोहरे, छोटे यादव, कुनाल दिवाकर, सूरज दोहरे, सुमित दिवाकर, अजय यादव व अमित मौजूद रहे।

### पुलिस बल रहा तैनात, जमकर हुई नारेबाजी

**कन्नौज।** बिल के समर्थन में ज्ञापन देने की जानकारी होने पर कलेक्ट्रेट परिसर में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात हो गया। सीओ व इंस्पेक्टर भी पहुंच गए। पैदल चलकर डीएम कार्यालय पहुंचे समर्थकों ने यूजीसी लाने के लिए खूब नारेबाजी की। हालांकि ज्ञापन कार्यक्रम शांतिपूर्वक निपट गया।

## सदभावना मैच में प्रशासन इलेवन की रोमांचक जीत

**सौरिख।** विकास खण्ड सौरिख के ग्राम हरभानपुर स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में पत्रकार इलेवन और प्रशासन इलेवन के बीच एक सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मैच का उद्देश्य आपसी सौहार्द और खेल भावना को बढ़ावा देना रहा।

- आर्यन बने मैन ऑफ द मैच

सदभावना मैच में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व पुलिस कप्तान विनोद कुमार, सीओ सिटी अजय प्रताप अजय, थाना प्रभारी सौरिख जयन्ती प्रसाद गंगवार ने टॉस कराया।टास पत्रकार इलेविन ने जीता और पहले बल्लेबाजी की। पत्रकार इलेवन की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 95 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रशासन इलेवन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 13वें ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया और मैच 02 विकेट से अपने नाम कर लिया। प्रशासन इलेवन की ओर से आर्यन ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। उनके योगदान ने टीम की जीत में निर्णायक भूमिका निभाई। मैच के समापन पर विजेता टीम प्रशासन इलेवन के कप्तान अर्पित को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं उपविजेता रही पत्रकार इलेवन के कप्तान विकास अवस्थी ने कहा आने वाले वक्त में खेल में सुधार किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों और उपस्थित दर्शकों ने खेल भावना की सराहना की।



न्यूज ब्रीफ

### अधिक आय को ऑफ सीजन में करें सब्जी का उत्पादन

**जलालाबाद।** केंद्र के वैज्ञानिकों ने किसानो को सब्जियों की ऑफ सीजन उत्पादन तकनीक विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया। जिसमें किसानों को ऑफ सीजन में सब्जियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉ. अमर सिंह ने एक दिवसीय प्रशिक्षण में बताया कि किसान ऑफ सीजन (समय से पूर्व) सब्जी उत्पादन से अधिक आय प्राप्त कर सकते हैं। जब मौसम खराब होता है, खुले में बीज की बुवाई संभव नहीं होती है तो उस समय सब्जियों कद्दू, लौकी, तरोई, करेला, खीरा, तरबूज की पौध उत्पादन करें। इसके लिए 1 भाग सड़े गोबर की खाद, 1 भाग बलुई मिट्टी व 1 भाग बालू लेकर मिश्रण तैयार करें। इसके बाद छोटे-छोटे पालीथीन व पाली ट्रे लेकर पौध तैयार कर सकते हैं। जिससे रोग-मुक्त एव स्वस्थ पौध 30-35 दिनों मे पौध तैयार हो जाती है। समय से पहले पौध तैयार कर पौध रोपण करने में सब्जियों से 3 से 4 गुना अधिक आय हो सकती है

### काटे गए जीटी रोड पर खडे सूखे शीशम के पेड़

**कन्नौज।** जीटी रोड मण्डी के निकट सूखे खड़े तीन शीशम के पेड़ काटे गये। इससे स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है।जीटी रोड माडी समिति के निकट वलही को जाने वाले रास्ते के निकट तीन शीशम के पेड़ कई वर्ष से सूखे खड़े थे। पूरी तरह से जर्जर हो जाने से इनकी टहनियां टूट कर यात्रियों पर गिर रही थीं। इससे लोग भयभीत थे। इसी को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर वन विभाग के अधिकारियों ने जीटी रोड मण्डी के निकट खड़े सूखे शीशम के पेड़ों को कटवा दिया है। शनिवार को वन विभाग की टीम ने दो पेड़ काट दिये हैं। एक बचे पेड़ को रविवार को काटा जायेगा। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि अब वह खतरे में नहीं हैं।

### आर्य समाज मंदिर में भजन कीर्तन शुरू

**छिबरामऊ।** मोहल्ला बजरिया रोड स्थित आर्य समाज मंदिर में मानव उत्थान, पर्यावरण शुद्धि एवं वैदिक मूल्यों के प्रचार हेतु तीन दिवसीय यज्ञ, वैदिक कथा, भजन, उपदेश एवं शंका समाधान का भव्य आयोजन प्रारंभ हो गया है। प्रातः 9:30 से 10:30 बजे तक हवन-यज्ञ एवं वैदिक कथा के बाद दोपहर 1:00 बजे से वैदिक कथा, भजन एवं शंका समाधान सत्र चले। एटा से पधारे पंडित शिवपाल आर्य ने उपदेश देते हुए कहा ईश्वर निराकार, सर्वव्यापक एवं सर्वज्ञ है। वह ध्यान का विषय है, कण-कण में विद्यमान रहकर संसार का पालन करता है।

## सड़क दुर्घटना में शिक्षक की मौत, मचा कोहराम

### सौरिख विकास खण्ड क्षेत्र के शिक्षकों में शोक की लहर

संवाददाता सौरिख

- पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है

**अमृत विचार।** सौरिख क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में शिक्षक की मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी पर शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया जा रहा है कि वह घर जा रहे थे तभी रास्ते में हादसा हो गया।

सौरिख थाना क्षेत्र के गांव जखा निवासी रामानंद शाक्य (58) पुत्र गया प्रसाद उच्च प्राथमिक विद्यालय रौसेन में तैनात थे। शुक्रवार शाम आठ बजे अपनी मोटरसाइकिल से सकरावा से घर जा रहे थे। जैसे ही वह नगला बधा मोड़ के पास पहुंचे तभी पीछे से अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह रोड के किनारे गड्ढे में जा गिरे, ऊपर से मोटरसाइकिल भी गिर गई। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिवार के लोगों ने उन्हें गड्ढे से निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरिख पहुंचाया जहां चिकित्सक ने मौत की पुष्टि की। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।



रामानंद शाक्य।

इस खबर पर शिक्षा विभाग ने शोक व्यक्त किया। मृतक के पुत्र अरुण प्रताप सिंह ने पुलिस को तहरीर देते हुए शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम कराने की मांग की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रामानंद शाक्य एक लंबे समय तक बीआरसी में तैनात रहे, जिससे उनका लगाव ब्लॉक में तैनात अधिकांश शिक्षकों से हो गया था।

वह बहुत ही सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। इस सड़क दुर्घटना में उनकी मौत का समाचार मिलते ही अधिकांश शिक्षक शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे। बड़ी संख्या में आसपास के लोग शोक संवेदना जताने के लिए उनके घर पहुंचे। लोगों ने शोर संतप्त परिवार को सांत्वना देकर ढांढस बंधाया।पुलिस मामले का जांच कर रही है।

## कल से 185 स्कूलों में प्रयोगात्मक परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**99** बोर्ड परीक्षा केंद्र हैं पूरे जिले में

**25,058** हाईस्कूल के परीक्षार्थी।

**22,447** इंटरमीडिएट के परीक्षार्थी।

**अमृत विचार।** जिलेभर के 185 माध्यमिक स्कूलों में बोर्ड परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 02 फरवरी यानि कल से शुरू हो जाएंगी। 09 फरवरी तक चलने वाले प्रैक्टिकल के लिए जिला प्रशासन ने सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात कर दिए हैं तो डीआईओएस ने पर्यवेक्षक नामित किए हैं।

माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज यानि यूपी बोर्ड की ओर से जनपद के मानक मंब मिले 185 माध्यमिक विद्यालयों की सूची प्रैक्टिकल कराने के लिए जारी की है। डीआईओएस पप्पू सरोज ने बताया कि 02 से 09 फरवरी तक चलने वाली प्रयोगात्मक परीक्षाओं को सही ढंग से संपन्न कराने की तैयारियां पूरी हो गईं हैं।

सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षाएं कराई जाएंगी। परीक्षकों की सूचना भी बोर्ड से आने लगी है। उन्होंने बताया कि विज्ञान वर्ग के प्रैक्टिकल के लिए विद्यालयों में लैब आदि संबंधित सुविधाएं देखते हुए ही उनको केंद्र बनाया गया है। बताया गया है कि जनपद के 363 माध्यमिक स्कूलों के परीक्षार्थी निर्धारित 185 विद्यालयों में प्रैक्टिकल करेंगे। वहीं मौखिक परीक्षा होगी।



डीआईओएस कार्यालय का भवन। अमृत विचार



प्रधानाचार्यों को निर्देश देते डीआईओएस पप्पू सरोज।

- जिलेभर में 02 से 09 फरवरी तक चलेंगे बोर्ड परीक्षार्थियों के प्रैक्टिकल
- जिला प्रशासन व डीआईओएस ने की सेक्टर और पर्यवेक्षक की तैनाती

### फर्जी परीक्षार्थी मिला तो होगी कड़ी कार्रवाई

**कन्नौज।** किसी भी बोर्ड परीक्षा केंद्र पर अगर फर्जी परीक्षार्थी पकड़ा गया तो संबंधित विद्यालय उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा। केंद्र को डिबार घोषित करने के साथ ही कड़ा रुख अपनाया जाएगा। यह निर्देश डीआईओएस पप्पू सरोज ने बैठक के दौरान दिए। जिला विद्यालय निरीक्षक ने यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा को लेकर वित्तविहीन परीक्षा केंद्रों के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक की। कार्यालय सभागार में उन्होंने कहा, 18 फरवरी से शुरू हो रहीं बोर्ड परीक्षाएं शुचितापूर्ण ढंग से कराई जाएं। सभी व्यवस्थाएं अभी से दुरुस्त करा ली जाएं। उन्होंने कहा कि नकल किसी भी सूरत में नहीं होनी चाहिए। अगर कहीं फर्जी परीक्षार्थी पकड़ा गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। आंतरिक सचल दल की भी जिम्मेदारी है कि वह अच्छी तरह से परीक्षार्थियों की तलाशी कर लें और उसके बाद ही प्रवेश दें।

## 'देश में परस्पर प्रेम और सद्भाव से रहें सभी लोग'

संवाददाता,छिबरामऊ

**अमृत विचार।** माघ महीने के अंतिम शनिवार को अमृतासन खिचड़ी कार्यक्रम में शक्तिपीठ गमा देवी मंदिर के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने खिचडी भोज का आयोजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा हम सभी भारतीय अनेकता में एकता रखते हैं। भले ही हम अनेक जाति धर्म के हों आज देश में परस्पर प्रेम सद्भाव से रहने का समय है।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार दाल चावल एवं अन्य भोज्य पदार्थ मिलकर स्वादिष्ट खिचड़ी बनती है उसी प्रकार हम सभी के अनेक वर्ग से होते हुए भी परस्पर प्रेम से रहने व संगठित रहने का अलग ही आनंद है। उन्होंने कहा कि एक बनेंगे नेक बनेंगे तभी राष्ट्रीय एकता संभव है। माघ महीने के अंतिम शनिवार को अमृतासन खिचड़ी नगर की श्रद्धालु महिलाओं ने बड़ी श्रद्धा भक्ति से बनाई और भगवती को भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

कार्यक्रम में गौरव कौशल, रामू गुप्ता, सौरभ वर्मा, मोहित गुप्ता, सोनू गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह भदोरिया, कार्तिक चौरसिया, नितिन सिंह आदि श्रद्धालुओं ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया।



खिचड़ी भोज वितरण करते पंडित बनारसी दास। अमृत विचार

## 15.20 करोड़ रुपयों से बदलेगी दो मार्गों की सूरत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि जनपद में सड़कों को बेहतर करने के प्रयास हो रहे हैं। दो प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इसकी लागत 15 करोड़ 20 लाख रुपये होगी।

अधिशासी अभियंता निर्माण खंड पदम भूषण सिंह ने बताया है कि खड़िनी- राजपुर- हसेरन मार्ग की कुल लम्बाई 11.30 किलोमीटर एवं वर्तमान चौड़ाई 3.75 मीटर है, जिसमें 4.200 किलोमीटर मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण स्वीकृत किया गया है। यह मार्ग राजपुर से नादेमऊ होते हुए हसेरन विकास खण्ड के निकट राजपुर- हसेरन मार्ग को जोड़ेगा। इस कार्य पर कुल 7.91 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। मार्ग के निर्माण से ग्राम फूलपुर, राजपुर, गडरियनपुरवा, पतरियनपुरवा, कन्सुआ, गहपुरा, भलेपुरवा सहित आसपास के ग्रामीणों को लाभ मिलेगा।

इसी क्रम में कन्सुआ नहर पुल से सरगौली होते हुए मिश्रपुर, जनपद औरैया की सीमा तक मार्ग की कुल लम्बाई 18.10 किलोमीटर एवं चौड़ाई 3.00 मीटर है, जिसमें 3.250 किलोमीटर मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण स्वीकृत हुआ है। यह मार्ग ऐराहो पुल से लखुरिया-मिश्रपुर होते हुए जनपद औरैया को जोड़ता है। इस कार्य की स्वीकृत लागत 7.29 करोड़ रुपये है। इस मार्ग के निर्माण से नगरिया, लखुरिया, राजपुर करना, ऐराहो, मिश्रपुर, रौसा, आदमपुर माखन, सरगौली सहित जनपद कन्नौज एवं जनपद औरैया के ग्रामीण लाभान्वित होंगे। दोनों मार्गों को 5.5 मीटर चौड़ा किया जाएगा।

## उलेमाओं ने तकरीर व नात पढ़कर बांधा समां

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** मदरसा अलजामेअतुल रजविया मजहरुल उलूम में वार्षिक जलसे का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र सहित दूर दराज से आए खुशीशी मेहमानों ने नातिया तकरीर पेश कर समां बांधा।

शुक्रवार की देर रात नगर के मोहल्ला गांधी नगर में वार्षिक जलसा व एक रोजा रजाये मुस्तफा कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र सहित बाहर से आए हुए उलेमाओ ने तकरीर व नात पेश की। जिसकी मौजूद लोगों ने ख़ूब सराहना की। जबकि अलजामेअतुल रजबिया मजहरुल उलूम में पढ़ने वाले छात्रों की दस्तारबंदी की गई। वहीं परिवारीजनो ने छात्रों को फूल माला पहनाकर खुशी जाहिर की। इस दौरान डॉ. मो. फरोगुल कादरी इंग्लैंड, इस्राइल अखतर मसऊदी कानपुर, डॉ. आसिफ रजा सैफी प्रतापगढ़, सैयद आदिल मियां मध्यप्रदेश, महबूब जफर दिल्ली, शमीम फैजी झारखण्ड, पूर्व विधायक जमालुददीन सिद्दीकी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी, जुनैद सिद्दीकी आदि रहे।

### सविता समाज की कार्यकारिणी का गठन

**छिबरामऊ।** ताजपुर रोड स्थित महावीर सिंह फौजी के आवास पर आयोजित सविता समाज की बैठक में समाज की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से सुधीर कुमार को अध्यक्ष और शिक्षक सुवेश कुमार को महामंत्री पद पर मनोनीत किया गया। बैठक में आगे के कार्यक्रम के आयोजन को लेकर भी रणनीति पर चर्चा की गई। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए अन्नू श्रीवास्तव बाबाजी को नामित किया गया। ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव, वीरेंद्र कुमार सविता व दिनेश कुमार को उपाध्यक्ष, शिक्षक नीरज कुमार सविता को कोषाध्यक्ष, रामानंद सविता को प्रचार मंत्री त्री का दायित्व सौंपा गया।

खेल के मैदान से | स्व. ओमप्रकाश पाठक स्मृति राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट

## बनारस ने अलीगढ़ को दी शिकस्त

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर के बोर्डिंग मैदान में शनिवार को बनारस 11 और अलीगढ़ 11 के मध्य मुकाबला खेला गया। इस मैच को बनारस ने लख्य को चंद ओवरों में पाकर 10 विकेट से मैच जीत लिया।

शहर के बोर्डिंग ग्राउंड में खेले जा रहे स्वर्गीय ओमप्रकाश पाठक स्मृति राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को बनारस 11 और अलीगढ़ 11 के मध्य मुकाबला हुआ। मैच का टॉस जलनिगम अधिशासी अभियंता सुरेंद्र कुमार के द्वारा कराया गया । टॉस जीत कर बनारस 11 के कप्तान ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी अलीगढ़ की टीम 17.4 ओवर में 83 रन पर ऑल आउट हो गई। अलीगढ़ टीम के बल्लेबाजों में रजत यादव ने 26 रन, अर्नव ने 20 रन, कपिल कुमार ने 9 रन का योगदान दिया। बनारस टीम के गेंदबाजों में शाहीद 4 विकेट, संगम दो विकेट, बृजेश, विकल्प और रौनक एक-एक विकेट लेने में सफल रहे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बनारस 11 के दोनों ही सलामी बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ शुरुआत की और 5.5 ओवर में 85 रन बिना किसी विकेट के नुकसान पर बना कर लक्ष्य को प्राप्त किया। दोनों ही सलामी बल्लेबाजों में रौनक सिंह ने 20 गेंद में शानदार अर्धशतक लगाते हुए नाबाद 51 रन बनाए और उनके साथी सत्यम ने 16 गेंदों में नाबाद 29 रन बनाए। अलीगढ़ का कोई भी गेंदबाज विकेट लेने में सफल नहीं रह सका। रौनक सिंह को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार प्रदान किया गया।



शहर के बोर्डिंग ग्राउंड में खेला जा रहा मैच। अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### अवैध तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

**कायमगंज।** कंपिल थाना पुलिस ने अवैध तमंचे और कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी का हाल ही में अवैध हथियार के साथ एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक ग्राम कैरई में निर्माणाधीन पुलिया के नीचे छिपा हुआ है। सूचना मिलते ही कंपिल थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर युवक को हिरासत में ले लिया। आरोपी दुर्गेश पुत्र अनार सिंह, ग्राम पलीतपुरा, थाना कंपिल का निवासी है। पुलिस ने आरोपी की तलाशी ली, जिसमें उसके पास से एक .315 बोर का अवैध देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी दुर्गेश के खिलाफ आयुध अधिनियम 1959 की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी का अवैध हथियार के साथ सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ था।

### कार से साइकिल सवार को मारी टक्कर, गंभीर

**फर्रुखाबाद।** एक तेज रफ्तार कार ने 65 वर्षीय साइकिल सवार को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल डॉ. राममनोहर लोहिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अमृतपुर के पिथनापुर निवासी अरविंद पुत्र उपेंद्र को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने बताया कि अरविंद के चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं और उनका इलाज जारी है। घायल के परिजनों ने शनिवार को जानकारी दी कि अरविंद किसी काम से अमृतपुर गए थे। वापस लौटते समय एक तेज रफ्तार कार ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद अरविंद सडक़ किनारे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

### पुरानी रंजिश में युवक को पीटा

**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक के साथ मारपीटकी गयी। शहर कोतवाली के मोहल्ला पल्ला जटवारा निवासी प्रेम गुप्ता पुत्र मुकेश गुप्ता को पुलिस ने घायल अवस्था में डॉ. राममनोहर लोहिया जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां इलाज के बाद उनकी तहरीर के आधार पर मेडिकल परीक्षण कराया गया। घायल प्रेम गुप्ता ने पुलिस को बताया कि वह रेलवे रोड स्थित सिल्वर साइन के पास एटीएम से पैसे निकालने जा रहा था। तभी दो युवक उसके पास आए। उन्होंने बात करने के बहाने प्रेम को अपनी बाइक पर बिठाया और एक गली में ले गए। प्रेम के अनुसार, गली में ले जाकर दोनों युवकों ने उसके साथ मारपीट की। उसने बताया कि उनका इन युवकों से पहले भी विवाद हो चुका था, और उसी पुरानी रंजिश के चलते यह हमला किया गया। शहर कोतवाली प्रभारी ने शनिवार को बताया कि युवक की शिकायत पर दो युवकों के खिलाफ तहरीर दी गई है। इसी के आधार पर प्रेम गुप्ता को मेडिकल परीक्षण के लिए लोहिया अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर कार्रवाई करेगी।

### कढ़ाई में गिर कर मासूम जला, गंभीर

**कायमगंज।** थाना शमसाबाद क्षेत्र के गांव खुडना खार निवासी आशीष कुमार का दो वर्षीय पुत्र अविराज घर पर कमरे में बेड पर खेल रहा था वहीं बेड के पास चूल्हे पर कढ़ाई में सब्जी बन रही थी और वह खेलते खेलते अचानक गर्म कढ़ाई में गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से जल गया। तत्काल परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे फर्रुखाबाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### सुरक्षा हेल्पलाइन की दी जानकारी

**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए प्रारम्भ किए गए मिशन शक्ति के तहत महिला थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया। इस दौरान पुलिस ने महिला सुरक्षा से जुड़ी हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 112, 1090 एवं 1076 की जानकारी दी और महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव व महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया। पुलिस ने महिलाओं से किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता लेने की अपील की।

# आज माघी पूर्णिमा पर जुटेंगे लाखों श्रद्धालु

## सर्दी के बावजूद 'राम की नगरी' में जबरदस्त उत्साह, अंतिम चरण में है मिनी कुंभ, समापन को तीन दिन शेष

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** पांचाल घाट गंगा तट पर माघ माह में लगने वाली 'राम की नगरी' में बीते तीन दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड के बावजूद जबरदस्त उत्साह है। पूजा, पुण्य, यज्ञ, दान आदि के कार्यों ने तेजी पकड़ ली है। मेले में अध्यात्म का वातावरण अपने चरम पर है। रात्रि के समय में जगमगाता मिनी कुंभ किसी देवनगरी से कम नहीं दिखाई देता। रविवार को माघी पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालुओं के जुटने का अनुमान है। प्रशासन ने इसके लिए व्यवस्था की है।

मालूम हो कि प्रयागराज के माघ मेले के समान लगने वाला यह देश का दूसरा सबसे बड़ा गंगा तट पर आयोजित होने वाला मेला है। हाल ही में मेले का रात्रि कालीन ड्रोन व्यू सामने आया है, जिसमें इसकी भव्यता और आकर्षक रोशनी का नजारा दिख रहा है। मनोरंजन क्षेत्र सफेद दूधिया रोशनी से नहाया हुआ है, जहां रंग-बिरंगी झालरों से सजे



रोशनी में झिलमिलाती श्रीरामनगरिया।

झूले एक मनमोहक दृश्य प्रस्तुत कर रहे हैं। गंगा घाटों पर कोहरे को भेदती हुई पीली फॉग लाइटें विशेष रूप से आकर्षक लग रही हैं। इसके अलावा, कल्पवासियों की राउटियों और मार्गों पर लगी ट्यूब लाइटें और एलईडी लाइट्स भी टिमटिमाती हुई दिखाई दे रही हैं।

पांचाल घाट गंगा तट पर तीन जनवरी से लगा मेला अब अपने अंतिम पड़ाव पर है, ऐसे में श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। रविवार को माघी पूर्णिमा के दिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे, जिसके लिए पुलिस अधीक्षक ने रूट डायवर्जन किया है। शनिवार को ही मेला में भीड़ बढ़ गयी। मेला क्षेत्र में जहां दान-पुण्य करने की होड़ है वहीं जगह-जगह भंडारों में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। गंगा तट पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है, जो स्नान-दान कर मां गंगा का आशीर्वाद ले रहे हैं। आदर्श क्षेत्र में सत्यस्वरूप महाराज का प्रवचन सुनने के लिए दूर-दराज से श्रद्धालु



शोभा यात्रा में शामिल बच्चा बाबा व अन्य सन्त।

आ रहे हैं। प्रवचनों में धर्म, सेवा और सदाचार का संदेश दिया जा रहा है। महारुद्र यज्ञ में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। अग्नि अखाड़ा दंडी मंडल क्षेत्र में श्रीमद्भगवत कथा के साथ पंचकुंडी शत चंडी महायज्ञ आचार्य निर्दोष अग्निहोत्री के द्वारा कराया जा रहा है। श्रद्धालु यज्ञशाला की परिक्रमा लगाकर मनोकामना पूर्ति का आशीर्वाद ले रहे हैं।

कुछ ही दिन शेष होने से मेला देखने आने वाले लोग अपने-अपने रिश्तेदारों की राउटी में पहुंच रहे हैं। इससे राउटियां भी खचाखच भरी नजर आ रही हैं। पूरे मेला क्षेत्र में आस्था, उल्लास और धार्मिक गतिविधियों का माहौल है। समापन से पहले श्रद्धालु अधिक से अधिक पुण्य लाभ अर्जित करने होड़ लगी हुई है। साधु-संत धूनी रमाकर शिव, विष्णु और राम नाम का स्मरण कर रहे हैं। विभिन्न अखाड़ों के संत प्रवचन और कथाओं के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, संयम और सदाचार का संदेश दे रहे हैं।

### नीब करौली आश्रम से निकाली शोभायात्रा

**फर्रुखाबाद।** मेला श्रीरामनगरिया अब समापन की ओर है, लेकिन उससे पूर्व सन्तों ने मेले का आध्यात्मिक रंग और गाढ़ा हो गया। शनिवार को नीब करौली संत सेवा शिव आश्रम ट्रस्ट की ओर से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। हरदोई के रानीखेड़ा आश्रम के महंत बच्चा बाबा महाराज के नेतृत्व में निकली इस यात्रा में एक हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए। इस शोभायात्रा में आवाहन अखाड़ा, अग्नि अखाड़ा, दंडी मंडल और वैष्णव संप्रदाय के साथ-साथ नागा साधु भी उपस्थित रहे। जूना अखाड़ा प्रमुख और मेला श्रीरामनगरिया संत समिति के अध्यक्ष सत्य गिरी महाराज भी यात्रा में शामिल हुए। डीजे पर बज रहे भजनों के बीच यात्रा के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा। लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया।

## युवक को तमंचा दिखाकर धमकी देने में मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद।** थाना मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम शिवाजी नगर खिमसेपुर निवासी अनिल कुमार पुत्र सोनपाल राजपूत ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 28 जनवरी को सुबह अनिल खिमसेपुर स्थित अपनी डी.जे. की दुकान के बाहर खड़े थे।

इसी दौरान पंसनिगपुर निवासी कौशल पुत्र हरनाम सिंह राजपूत अपने ढाबे से बाहर आया और अनिल को गाली-गलौज करते हुए बुलाया। कौशल ने देशी पिस्टल निकालकर अनिल कुमार की ओर तान दी और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इस घटना से भयभीत होकर अनिल कुमार तुरंत अपने घर चले गए। बाद में जब वह अपने काम से जा रहे थे, तब आरोपी कौशल द्वारा दोबारा उनका रास्ता रोकने का प्रयास गया है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच चौकी प्रभारी को सौंपी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आज माघी पूर्णिमा के अवसर पर रहेगा रूट डायवर्जन

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** माघी पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान के लिए शनिवार रात 8 बजे से रूट डायवर्जन लागू किया गया।

रविवार को माघी पूर्णिमा है और शहर के पांचाल घाट पर श्री राम नगरिया मेला भी लगा हुआ है इसी के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। कन्नौज और कानपुर रोड से फतेहगढ़ आने वाले मालवाहक वाहन (ट्रक, टैंकर, डीसीएम, लोडर) जिला जेल क्रॉसिंग से सेंट्रल जेल मैनपुरी की ओर डायवर्ट किए जाएंगे। शाहजहांपुर और जलालाबाद से आने वाले मालवाहक वाहनों को डबरी तिराहा से अमृतपुर होते हुए बरेली मार्ग पर भेजा जाएगा। बेवर (जनपद मैनपुरी) की ओर से फतेहगढ़ आने वाले मालवाहक वाहनों को बेवर से सेंट्रल जेल, आईटीआई चौराहा, फैजबाग तिराहा और शमशाबाद के लिए डायवर्ट किया जाएगा। गंगा स्नान के लिए बरेली, शाहजहांपुर और बदायूं मार्ग से पांचाल घाट आने वाले वाहनों के लिए वन चेतना में पार्किंग की व्यवस्था की गई है।इटावा मार्ग और छिबरामऊ मार्ग से पांचाल घाट आने वाले छोटे वाहनों को राधा रानी हॉस्पिटल में पार्क किया जाएगा। नवाबगंज, शमशाबाद, लाल गेट तिराहा, कादरी गेट और लखोला रोड से आने वाले छोटे वाहनों के लिए मालती गार्डन में पार्किंग की व्यवस्था है। मिलिट्री चौराहा से आर्मी कैंट मार्ग होते हुए पांचाल घाट पहुंचने वाले वाहनों को सोनू टाल में पार्क किया जाएगा।

## मेला श्रीरामनगरिया में टीम अंजली की नृत्यकला का अद्भुत प्रदर्शन

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मेला श्री रामनगरिया के सांस्कृतिक पंडाल में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में टीम अंजली चौहान की नृत्यकला ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समवेत संस्था की सदस्य अंजली चौहानमूलतः फर्रुखाबाद की ही निवासी हैं। उन्होंने अपनी टीम के साथ नृत्य, भाव-भंगिमा और मंचीय अनुशासन का उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रस्तुत किया। टीम की नृत्य प्रतिभा देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये। अंजली चौहान बॉलीवुड फिल्म ग़दर-2 सहित कई मंचों पर अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुकी हैं और वर्तमान में जनपद के बच्चों को नृत्यकला का प्रशिक्षण देकर स्थानीय प्रतिभाओं को निखारने का कार्य भी कर रही हैं।



श्रीरामनगरिया के सांस्कृतिक पंडाल में नृत्य करते टीम अंजली के कलाकार।

कार्यक्रम के मध्य राम स्वयंवर का अत्यंत मनोहारी मंचन किया गया, जिसमें नृत्यकला और नाट्य का जो अद्वितीय संगम देखने को मिला, उसने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। अंजलि चौहान द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों की प्रस्तुतियाँ में नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों ने वातावरण को और अधिक आनंदमय बना दिया, जिन्हें देखकर दर्शकों के चेहरे खिल उठे।

इस दौरान प्रमुख अतिथि मेला सचिव समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

## पलटी ठंड ने किया बेहाल, दोपहर बाद तक छाया रहा कोहरा

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** पलटी मारकर वापस आयी ठंड ने लोगों को बेहाल कर दिया है। शनिवार दोपहर बाद तक घना कोहरा छाया रहा, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। न्यूनतम तापमान लगभग 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विजिबिलिटी घटकर लगभग 30 मीटर रह गई, जिसके कारण लोगों को सर्दी से बचने के लिए अलाव का सहारा लेना पड़ा।

जिले में पिछले दो दिनों से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मंगलवार शाम से बुधवार सुबह तक हुई बारिश के बाद मौसम में बदलाव आया है। शनिवार सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा। चालकों को वाहनों की लाइटें जलाकर धीमी गति से चलना पड़ रहा है। फर्रुखाबाद



सुबह 10 बजे छाया घना कोहरा।

फतेहगढ़ मार्ग और इटावा-बरेली हाईवे पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही। शनिवार को न्यूनतम तापमान लगभग 11 डिग्री और अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस रहा।

किसानों के लिए यह कोहरा लाभदायक बताया जा रहा है। किसानों का कहना है कि घना कोहरा गेहूं, सरसों और आलू की फसलों के लिए फायदेमंद है, जिससे उत्पादन अच्छा होने की उम्मीद है।

## कायमगंज में यूजीसी कानून के समर्थन में रेवेन्यू बार एसोसिएशन ने दिया ज्ञापन

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** नगर में रेवेन्यू बार एसोसिएशन कायमगंज के अध्यक्ष विश्वेश्वर दयाल यादव की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं की एक बैठक संपन्न हुई। इसके बाद यूजीसी कानून को लेकर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह को सौंपा गया।

अधिवक्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से यूजीसी का समर्थन किया है। ज्ञापन में कहा गया कि जो भारत सरकार द्वारा दलित ,पिछड़ों के साथ अन्याय हो रहा था, उसको लेकर कई लोग आत्महत्या जैसा कदम उठा रहे थे। इस कानून के बाद ऐसा नही हो पाएगा। ज्ञापन में कहा गया कि पहले यूजीसी कानून मे दलित, पिछड़ों का कोई प्रतिनिधित्व नहीं था। इस कारण आजाद देश में भी



एसडीम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। अमृत विचार

- महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया

पक्ष पात होकर उच्च वर्ग लाभान्वित हो रहा था। अब यह यूजीसी कानून सही है। ज्ञापन में लिखा गया कि पिछड़े , दलित वर्गों का हक हड़पने वाले ही इसका विरोध कर रहे हैं, जो कि गलत है। संगठन ने कहा है कि यदि यूजीसी कानून का विरोध बन्द नहीं किया गया तो रेवेन्यू बार ऐसोसिएशन आन्दोलन करने को बाध्य होगा। अधिवक्ताओं ने ज्ञापन में यूजीसी के बनाये गए नियमो, कानूनों को अविलंब लागू करने की मांग की है।

## यूजीसी संशोधन बिल पर जताया विरोध

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** यूजीसी कानून को लेकर कानून और न्याय के लिए लड़ाई लड़ने वाले अधिवक्ता ही खुश नहीं हैं। सदर तहसील के ख्यातिलब्ध अधिवक्ताओं की राय इस कानून के बारे में अच्छी नहीं दिखी। सभी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की सराहना की है।

वरिष्ठ व वयोवृद्ध अधिवक्ता दयाशंकर तिवारी ने कहा कि यूजीसी कानून पर रोक सम्बन्धी सुप्रीम कोर्ट का आदेश स्वागत योग्य है। देश की सुप्रीम पॉवर ने इस कानून से होने वाले नुकसान और इरादों को भली-भांति भांप लिया और केन्द्र के पास इसे पुनर्विचार के लिए भेज दिया। केन्द्र सरकार को इस कानून के विषय में गंभीरतापूर्वक विचार कर इससे होने वाले नुकसान के बारे में मंथन करना चाहिए।

अधिवक्ता पंकज राजपूत ने कहा कि इस कानून को बनाने से पहले न तो विपक्षी दलों को विश्वास में



दयाशंकर तिवारी।



पंकज राजपूत।



अनुराग तिवारी।



अजय प्रताप सिंह।



भानु प्रताप सिंह।

- सबको विश्वास में लिए बिना कानून बनाना तानाशाही
- विद्यार्थियों में नफरत के बीज बोने वाला कानून

लिया गया न ही सभी वर्गों व जातियों के विद्वानों को बुलाकर उनसे राय-मशविरा किया गया। सरकार का यह एकपक्षीय फैसला था, जो कतई न्यायोचित नहीं था। सुप्रीम कोर्ट के विद्वान न्यायाधीशों ने सही फैसला लिया है। आपस में वैमनस्यता फैलाने वाला कानून कभी भी देश के लिए हितकारी नहीं हो सकता।

अनुराग तिवारी एडवोकेट ने कहा कि बहुत अच्छा हुआ सर्वोच्च न्यायालय ने इस कानून पर रोंक लगा दी, अन्यथा कानून लागू होने से पहले ही देश नफरत की आग में जलने लगता। विद्यार्थियों का भविष्य खराब करने वाला तथा उनमें नफरत फैलाने वाला कानून है ये। ब्राह्मणों को वैसे ही सम्मान की लड़ाई के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, ऐसे मे यह कानून उनके लिए दमनकारी साबित होता। यह तय है कि केन्द्र सरकार अगर इस कानून को दोबारा वापस लाई तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार अगड़ी जातियों को गुलाम समझती है। उनका सोचना है कि ये कहां जाएंगे, लेकिन अगड़ों की चुप्पी को उसकी कमजोरी नहीं समझना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल नफरत की राजनीति पर ब्रेक लगा दी है। विरोध को देखते हुए केंद्र सरकार को इस कानून को गहरे गड्ढे में दफन कर देना चाहिए, अन्यथा इसके परिणाम बहुत नकारात्मक हो सकते हैं।

अधिवक्ता भानु प्रताप सिंह ने कहा कि देश की गंगा-जमुनी तहजीब में वैमनस्यता फैलाने विष वमन की साजिश है यह कानून। सुप्रीम कोर्ट का निर्णय स्वागत योग्य है। राजनीतिक दल वोट बैंक की राजनीति के चलते इस काले कानून का समर्थन कर रहे हैं, जो कतई सही नहीं है।

**आयोजन** सड़क सुरक्षा माह का समापन, 25 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए तथा 18 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया

## छात्राओं को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिले में 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह शनिवार को महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह रहे। विशिष्ट अतिथियों में एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत, एआरटीओ-प्रशासन कृष्ण कुमार



जीजीआईसी फतेहगढ़ में छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाते अधिकारी।

यादव एवं कॉलेज की प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत शामिल रहीं। एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने बताया कि दिसंबर 2025 तक जनपद फर्रुखाबाद में 490 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 284 लोगों की मृत्यु हुई, जबकि दिसंबर 2024 तक 390 दुर्घटनाओं में 213 लोगों की जान गई थी।

उन्होंने बताया कि लगभग 65 प्रतिशत दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहन शामिल होते हैं और मृतकों में करीब 60 प्रतिशत दोपहिया वाहन सवार होते हैं। सड़क सुरक्षा माह के दौरान परिवहन विभाग द्वारा 25 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए तथा 18 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया।

उन्होंने यह भी कहा कि सड़क दुर्घटनाओं का सबसे अधिक दुष्प्रभाव महिलाओं और परिवारों पर पड़ता है, क्योंकि दुर्घटना में घायल या मृत व्यक्ति परिवार का कमाने वाला सदस्य होता है। छात्राओं से आह्वान किया गया कि वे बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के किसी को भी वाहन न चलाने दें और अपने परिवार को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें।एआरटीओ-प्रशासन कृष्ण कुमार यादव ने भारत सरकार द्वारा संचालित नेक्स्ट जेन एम परिवहन एवं डिजिलॉकर एप की जानकारी देते हुए बताया कि वाहन और लाइसेंस से संबंधित दस्तावेजों को डिजिटल रूप में रखना वैध है। इसके माध्यम से चालान की स्थिति जानने और ऑनलाइन भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत ने उपस्थित 122 छात्राओं, शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई।

## मेला श्रीरामनगरिया में सम्पन्न हुआ ज्योतिष सम्मेलन

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मेला श्रीराम नगरिया के सांस्कृतिक पंडाल में आयोजित ज्योतिष सम्मेलन में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए ज्योतिषाचार्यों ने ज्योतिष विज्ञान से जुड़े विविध विषयों पर शोधपरक विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य कपिल ध्वज मिश्र की वाणी वंदना से हुआ। इसके उपरांत आचार्य प्रवेश चतुर्वेदी ने कालसर्प योग पर आधारित शोध पत्र प्रस्तुत कर उसके प्रभाव और निवारण पर विस्तार से प्रकाश डाला। हरिओम त्रिवेदी ने हस्तरेखाओं की सत्यता और उनके महत्व को सरल शब्दों में समझाया। वहीं कमल प्रपन्नाचार्य ने भारतीय ज्योतिष के सामाजिक प्रभाव और उसकी उपयोगिता को रेखांकित किया। हरदोई से आए ज्योतिषाचार्य सुशील कुमार अग्निहोत्री ने ज्योतिष और आयुर्वेद के परस्पर संबंधों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार दोनों विज्ञान मिलकर रोगों के निदान में सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम के संचालक एवं संयोजक डॉ. कृष्णकांत अक्षय ने ज्योतिष में आकाशीय ग्रहों के प्रभाव, उनके महत्व तथा उचित उपायों के माध्यम से जीवन को सुखमय बनाने की विधियों को विस्तार से प्रस्तुत किया। अध्यक्षता कर रहे बदायूं के वरिष्ठ ज्योतिषाचार्य राम बहादुर पांडेय ने कहा कि ज्योतिष पूरे विश्व में पढ़ी और पढ़ाई जाने वाली मान्य विज्ञान शाखा है।

## न्यूज ब्रीफ

### रेलवे स्टेशन पर मिला युवक का शव

**दिबियापुर।** फफूंद रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या-2 के पास शुक्रवार देर रात एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान उसके पास मिले आधार कार्ड से रॉकी (33 वर्ष) पुत्र पप्पू निवासी कबूलपुर थाना मलपुरा जनपद आगरा के रूप में हुई। पहचान होने के बाद रेलवे पुलिस ने आगरा पुलिस के माध्यम से परिजनों को सूचना दी। परिजनों के अनुसार रॉकी मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था और अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। उसकी पत्नी सारथी और नौ माह का बेटा दिव्यांशु है।

### शहीद दिवस पर सर्वधर्म सभा

**फफूंद।** शहीद दिवस के मौके पर सोशल डेवलपमेंट कमेटी ने शुक्रवार को सर्वधर्म सभा का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय कोली कोरी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बेंचलाल कोरी के कटरा स्थित आवास पर कार्यक्रम हुआ। इसमें सबसे पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किये गए और दो मिनट का मौन धारण किया गया। कमेटी के अध्यक्ष आसिफ सिद्दीकी व कोली कोरी समाज के अध्यक्ष ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सूबेदार प्रजापति ने संचालन अफजल खान ने किया। इससे पहले सोशल डेवलपमेंट कमेटी के अध्यक्ष ने जिला पंचायत इंटर कॉलेज मुरादगंज में भी सर्वधर्म सभा का आयोजन किया था। इस मौके पर आसिफ सिद्दीकी के अलावा डॉ. बेंचलाल कोरी, अफजल खान, अखिलेश पाल, राम किशोर कठेरिया, मास्टर सलीम खान आदि लोग मौजूद रहे।

### आदर्श इंटर कॉलेज में लगा बीएलओ कैंप

**अछल्दा।** नगर क्षेत्र के मतदाताओं को सुविधा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को आदर्श इंटर कॉलेज परिसर में बीएलओ बूथ लेवल ऑफिसर द्वारा विशेष मतदाता कैम्प का आयोजन किया गया। पहली बार वोटर बनने वाले युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कई मतदाताओं ने अपने वोटर कार्ड में नाम व पते से संबंधित सुधार भी कराए। बीएलओ मोहित कुमार ने 20 नए वोटर कार्ड फॉर्म भरवाए तथा करेक्शन किया। बीएलओ पुष्पेंद्र कुमार द्वारा 10 नए मतदाता बनाए गए एवं करेक्शन किया गया। बीएलओ सुमित कुमार ने 5 नए वोटर जोड़े तथा 1 करेक्शन कराया। बीएलओ विनोद द्वारा 5 नए वोटर बनाए गए एवं 2 करेक्शन किए गए। बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए। बीएलओ द्वारा मतदाताओं को आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी भी दी गई और समय पर फॉर्म भरने की अपील की।

### महिला से मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**अछल्दा।** थाना अछल्दा क्षेत्र के भुलईपुर गांव निवासी एक महिला के साथ गाली-गलौज व मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता फूलन देवी पत्नी शिववीर सिंह ने थाने में दी तहरीर में बताया कि 7 जून 2025 की रात करीब 8 बजे वह अपने परिवार के साथ कल्लू चिमकुनी स्थित एक गेस्ट हाउस में निमंत्रण खाने गई थीं। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही कप्तान सिंह, उनके पुत्र लंकेश सिंह व पवन सिंह तथा एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें भद्दी-भद्दी गालियां देनी शुरू कर दीं। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ लात-घूंसे से मारपीट की। पीड़िता के अनुसार, बीच-बचाव करने आए उनके पति शिववीर सिंह को भी डंडों से पीटा गया, जिससे उनके होंठ व शरीर में चोटें आई हैं। पीड़िता ने बताया कि आरोपी दबंग किस्म के लोग हैं और वह एक गरीब महिला हैं, जिससे उन्हें भय बना हुआ है। थाना अछल्दा पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की विवेचना उप निरीक्षक रामबहादुर सिंह द्वारा की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### एडीएम ने नगर के बूथों का किया निरीक्षण

**दिबियापुर।** शनिवार को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत नगर के पांच मतदान केन्द्रों पर बीएलओ मौजूद रहे। इस दौरान बूथों पर नये वोटों को बनवाने के साथ वह मतदाता भी बूथों पर पहुंचे जिन्हें बीते दिनों नोटिस भेजे गये थे। दोपहर बाद अपर जिलाधिकारी अविनाश चन्द्र मौर्य ने वैदिक इन्टर कालेज, वीजीएम डिग्री कालेज समेत अन्य मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर बीएलओ से प्रपत्र 6, 7 एवं 8 के बारे में जानकारी प्राप्त की। वहीं वैदिक इन्टर कालेज मतदान केंद्र के बूथ संख्या 115 दुर्गा नगर के बीएलओ गैर हाजिर मिले।

# दिनदहाड़े घर के अंदर से 30 लाख के जेवरात ले गए चोर

संवाददाता, दिबियापुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के वीर अब्दुल हमीद नगर में शुक्रवार शाम को घर की अलमारी से करीब 30 लाख के सोने, चांदी के जेवरात चोरी हो गए। पीड़ित की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और एक संदिग्ध युवक को पूछताछ के लिए थाने लाया गया है।

मोहल्ला निवासी छोटू ने बताया कि वह अपने पिता जाहिर और भाई आशु के साथ दोपहर में पास की जामा मस्जिद में नमाज पढ़ने गए थे। जब वे वापस लौटे तो घर का मुख्य गेट खुला हुआ मिला। उस समय उसकी भाभी गुड़िया


चोरी के बाद बिखरा सामान।

छत पर थीं और पत्नी बाथरूम में मौजूद थी। भाई आशु जब दुकान जाने के लिए अलमारी से रुपये निकालने लगा तो ऊपर का लॉकर खुला हुआ मिला। जांच करने पर लॉकर में रखे करीब एक किलो चांदी के आभूषण, सोने की आठ चूड़ियां, तीन चेन, पांच जोड़ी झुमकी, छह अंगूठियां, एक मांगटीका समेत अन्य कीमती जेवरात गायब थे। चोरी की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया।

सूचना मिलते ही कस्बा इंचार्ज अरविंद अग्रवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की। इस संबंध में थाना प्रभारी रुद्र प्रताप नारायण त्रिपाठी ने बताया कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। मोहल्ले के एक युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है और पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# चालान काटने पहुंचे एआरटीओ से धक्का-मुक्की

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- अवैध वसूली का लगाया आरोप व्यापारियों ने भी की नारेबाजी
- अज्ञात लोगों के खिलाफ एआरटीओ ने दी तहरीर

**अमृत विचार।** शनिवार सुबह मंडी समिति गेट के पास एआरटीओ अपनी टीम के साथ वाहनों की सघन जांच कर रहे थे। नियमों के उल्लंघन पर लगातार चालान काटे जा रहे थे, जिससे वाहन चालक और आसपास खड़े दर्जनों लोग नाराज हो गए। लोगों का आरोप है कि टीम अवैध वसूली कर रही थी। इससे मामला बढ़ गया और टीम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। स्थिति बिगड़ती देख एआरटीओ एनसी शर्मा को मौके पर गाड़ी छोड़कर वहां से रवाना हो गए।

शनिवार सुबह मंडी गेट पर एआरटीओ की टीम वाहनों की जांच कर चालान कर रही थी।


एआरटीओ से भिड़ते लोग। अमृत विचार

इस दौरान लोगों ने आरोप लगाया कि टीम अवैध वसूली कर रही है रुपये नहीं देने पर नियमों का हवाला देकर चालान काट रही थी, इस पर चालान काटने से खफा वाहन चालकों, व्यापारियों, वहां मौजूद लोगों ने एआरटीओ और उनकी टीम को घेर लिया और धक्का-मुक्की शुरू कर दी। इस दौरान एआरटीओ का मोबाइल भी टूट गया।

जानकारी मिलते ही औरैया कोतवाली पुलिस भारी बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर स्थिति शांत कराई। तब तक एआरटीओ और उनकी टीम वहां से जा चुकी थी। पूरे प्रकरण का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। एआरटीओ एनसी शर्मा ने बताया कि उनकी टीम की ओर से चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान कुछ अराजकतत्वों ने अभद्रता की। इस संबंध में कोतवाली में अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी गई है।

# अन्ना सांड़ के हमले से बुजुर्ग किसान की मौत

## खेत की रखवाली करने गया था किसान, सांड़ ने किया हमला, फफूंद के नगला पाठक का मामला

संवाददाता, फफूंद

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम नगला पाठक में शुक्रवार रात खेत की रखवाली करने गए बुजुर्ग किसान की अन्ना सांड के हमले में मौत हो गई। घटना से गांव में शोक का माहौल है वहीं लोगों में भय भी है। अन्ना मवेशियों को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश भी देखा जा रहा है।

जानकारी के अनुसार ग्राम नगला पाठक निवासी जयनारायण 70 वर्ष पुत्र रामलाल शुक्रवार की रात अपने खेतों की रखवाली करने गया था। इसी दौरान खेत में घूम रहे आवारा सांड ने अचानक उस पर हमला कर दिया। सांड ने जयनारायण को पटक-पटक कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और एम्बुलेंस की सहायता से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दिबियापुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


जयनारायण।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से आवारा सांड और गोवंश खुलेआम घूम रहे हैं। खेतों में फसलें नष्ट हो रही हैं और किसानों को रात-रात भर खेतों की रखवाली करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा सांड और गोवंश को पकड़कर गोशालाओं में भिजवाया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की दुखद घटनाओं दोबारा न हो।

### ट्रेन में बिहार के यात्री की तबीयत बिगड़ने से थम गईं सांसें

**अछल्दा (औरैया)।** बरौनी जंक्शन से नई दिल्ली जा रही स्पेशल क्लोन एक्सप्रेस ट्रेन में शनिवार सुबह एक यात्री की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ट्रेन को अछल्दा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या तीन पर रोका गया, जहां यात्री को उतारकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अछल्दा भेजा गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुबह करीब 9 बजे मुजफ्फरपुर जंक्शन से नई दिल्ली जा रही क्लोन एक्सप्रेस ट्रेन में सवार दस्तगीर (53 वर्ष) पुत्र अब्दुल अजीज, निवासी हयातपुर भरवारा गांव, दरभंगा (बिहार) की यात्रा के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई। दस्तगीर अपनी पत्नी बिलकिस के साथ नई दिल्ली जा रहे थे। ट्रेन में ही उनकी हालत गंभीर हो गई और कुछ ही देर में उनकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद पत्नी बिलकिस ने रेलवे हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही रेलवे कंट्रोल के निर्देश पर स्टेशन मास्टर द्वारा ट्रेन को अछल्दा स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या तीन पर रोका गया। मौके पर मौजूद आरपीएफ हेड कांस्टेबल राम प्रीत एवं सतेंद्र सिंह ने तत्परता दिखाते हुए एंबुलेंस की व्यवस्था कर यात्री को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अछल्दा भिजवाया। सीएचसी में ड्यूटी पर तैनात डॉ. गौरव कुमार ने जांच के बाद दस्तगीर को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई। थानाध्यक्ष पंकज मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम कराने की बात कही, लेकिन मृतक की पत्नी ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। बताया गया कि मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा 9 वर्षीय पुत्र आनस्त है। पति की अचानक हुई मौत से पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना से ट्रेन में सवार यात्रियों और स्टेशन पर मौजूद लोगों में भी शोक का माहौल बना रहा।

# गैंगस्टर एक्ट के दोषी को दो साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** अजीतमल थाना क्षेत्र के दो वर्ष पुराने गैंगस्टर एक्ट के मामले में न्यायालय ने फैसला सुनाया। विशेष न्यायाधीश अतीक उद्दीन ने जेल में बंद अभियुक्त विजय प्रताप उर्फ राजा ठाकुर को दो वर्ष के कठोर कारावास तथा पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।



अभियुक्त ने न्यायालय में प्रार्थना-पत्र देकर अपना जुर्म स्वीकार करते हुए मुकदमे को समाप्त करने का अनुरोध किया था। न्यायालय ने इसे स्वीकार करते हुए कहा कि अभियुक्त ने न्यायिक प्रक्रिया में सहयोग किया और अदालत का समय बचाया। इसी को ध्यान में रखते हुए सजा के निर्धारण में उदार दृष्टिकोण अपनाया गया है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता चंद्रभूषण तिवारी ने पैरवी की। उन्होंने बताया कि थाना अजीतमल पुलिस ने ग्राम अकबरपुर डाढ़ा (फफूंद) निवासी विजय प्रताप उर्फ राजा ठाकुर को गैंगस्टर एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा था। अभियुक्त करीब दो वर्षों से जेल में निरुद्ध था। विजय प्रताप ने जेल से ही न्यायालय में प्रार्थना-पत्र देकर स्वयं को दोषी स्वीकार कर लिया। उसने यह भी बताया कि वह गरीब है और उसका कोई पैरवीकार नहीं है। सभी तथ्यों पर विचार करने के बाद न्यायालय ने उसे दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

## सेवानिवृत होने पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को दी विदाई

**फफूंद।** श्रीगुलजारी लाल बालिका इण्टर कालेज में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। शनिवार को विद्यालय प्रबंधन द्वारा स्कूल परिसर में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संतोष कुमार के सेवानिवृत्त होने पर शिक्षिका खुशी, प्रियंका, साक्षी, लक्ष्मी, विनीता ने बारी बारी से उपहार देकर उनके भविष्य की कामना की। विदाई समारोह में अध्यक्ष व श्रीराम कुमार भारतीय ज्ञान देवी महाविद्यालय के संस्थापक मुकेश कुमार भारतीय ने उन्हें शाल उड़ाते हुए कहा कि विद्यालय में उनका कार्यकाल सराहनीय रहा है। कार्यक्रम में प्रबंधक राकेश कुमार भारतीय ने रिटायर सन्तोष कुमार को भावुक होकर अंगवस्त्र भेंट किए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कपिल दुबे ने किया। प्रधानाचार्य विपिन चन्द वर्मा ने उन्हें शाल उड़ाकर स्वागत किया।


सेवानिवृत्त कर्मचारी को दी विदाई।


प्रतियोगिता में स्थान पाने वाले खिलाड़ी। अमृत विचार

# आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में अछल्दा के सचिन प्रथम

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिला आर्म रेसलिंग एसो. के तत्वावधान में आयोजित आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में अछल्दा के युवा खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

यूथ वर्ग में अछल्दा के सचिन पाल ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि ऐश्वर्य प्रताप सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर वर्ग में लवकुश पाल ने प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता में जनपद भर से 50 की संख्या में खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन एचडीएफसी बैंक के नीचे स्थित स्थान पर किया गया। जिला आर्म रेसलिंग एसोसिएशन के समन्वयक मृदुल चतुर्वेदी एवं सचिव शिवम शुक्ला ने बताया कि इस चैंपियनशिप के माध्यम से चयनित खिलाड़ी अब राज्य स्तरीय आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में औरैया जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे। कहा कि स्थानीय स्तर के आयोजन युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देते हैं और उन्हें उच्च स्तर की स्पर्धा के लिए तैयार करते हैं। अछल्दा के इन युवा प्रतिभाओं की सफलता न केवल उनके परिवार के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत बनी है। प्रशासन एवं खेल प्रेमियों ने भी इन खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं और उम्मीद जताई है कि वे राज्य स्तर पर भी पुरस्कार प्राप्त करें।

## पूर्व प्रधान की पुण्यतिथि पर मानस सम्मेलन

**सिरसा कलार।** कुठौंद ब्लॉक के गांव गोपलापुर में पूर्व प्रधान की पुण्यतिथि पर मानस सम्मेलन का आयोजन हुआ। हर वर्ष की भांति समाजसेवी रामपाल सिंह सेंगर ने अपने पिता स्व. रामसिंह सेंगर (पूर्व प्रधान) की 11वीं पुण्यतिथि पर 3 दिवसीय विशाल मानस सम्मेलन का आयोजन कराया।

आखरी दिन मानस वक्ता डॉ. ब्रह्मदत्त द्विवेदी द्वारा स्रोताओं को अपनी अमृतमय वाणी से सभी को राम मय बना दिया। वक्ता ने कहा कि राम चरित मानस हम सब का उद्धार करने वाला ग्रंथ है। इसके नित्य पाठ से मनुष्य सद्मार्ग में चल पड़ता है। मानस वक्ता डॉ. द्विवेदी ने कहा कि राम अंत है राम अनन्त है राम के भाई भरत जैसा भाई जिसमें अयोध्या जैसे राज्य को नहीं अपनाया सिर्फ श्रीराम की खड़ाऊ सिंहासन पर रख कर राज्य चलाया। पैदल चल कर जंगल में जाकर अपने बड़े भाई श्रीराम से मिलने पहुंचे। भरत जैसे भाई से लोगों को एक प्रेरणा लेनी चाहिए। इस दौरान संयोजक लल्लू सिंह भदौरिया, सुकृत शाह, महंत सुरेंद्र दास, सुरेंद्र सरसेला, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अंशुमान सेंगर, बलबीर सेंगर, साहब सिंह, बाबू सिंह एवं समस्त क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# संत रामकुमार दास को मंडलेश्वर की पदवी

कार्यालय संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** संत रामकुमार दास के सानिध्य में ग्राम हीरापुर में संपन्न हुए श्रीराम महायज्ञ एवं भागवत महापुराण कथा के समापन पर संत, महात्मा, महामंडलेश्वर, मंडलेश्वर, श्रीमहंत एवं महंत के एक मत होने पर सभी संत महात्माओं ने राम जानकी मंदिर हीरापुर रिनिया के महंत रामकुमार दास को मंडलेश्वर की पदवी से विभूषित किया। इस दौरान उनका पट्टाभिषेक किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन बड़ा स्थान कालपी के महामंडलेश्वर रामकरनदास महाराज की अध्यक्षता एवं ठड़ेश्वरी हनुमान मंदिर उरई के मंडलेश्वर सिद्दनदास महाराज की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान पट्टाभिषेक में क्षेत्र के पांच महामंडलेश्वर उपस्थित रहे। महामंडलेश्वर रामकरन दास, महामंडलेश्वर देवनारायण दास, महामंडलेश्वर सिद्दनदास, महामंडलेश्वर शिवपाल दास, महामंडलेश्वर दूदाधारी महाराज के एकमत हो जाने पर क्षेत्रवासियों की उपस्थिति में संत रामकुमार दास को


पट्टाभिषेक करते हुए। अमृत विचार

चादर ओढ़ाकर मंडलेश्वर के पद से विभूषित किया गया। रामकुमारदास ने सभी महात्माओं को विश्वास दिलाया कि वह इस पद का सदैव निष्ठा पूर्वक सम्मान करेंगे। सनातन धर्म के उत्थान के लिए सदैव तन, मन, धन से सहयोग करेंगे। साथ ही समय समय पर धार्मिक आयोजनों के माध्यम से क्षेत्र एवं देश की जनता के लिए संस्कार देने का कार्य करेंगे। जिसके बाद बड़ा स्थान कालपी के महाराज रामकरनदास ने मंडलेश्वर कैसे बनते हैं, कौन बनाता है और इस पद की क्या गरिमा है के बारे में समझाया।

कार्यक्रम का संचालन कथा व्यास रामश्याम महाराज ने किया। ग्राम प्रधान गिरीश याज्ञिक ने सभी संतों का आभार व्यक्त किया।

## 8वीं की मान्यता लेकर चला रहे इंटर कॉलेज

**कुठौंदा।** शिक्षा विभाग में अधिकारियों की उदासीनता के चलते अटैचमेंट का खेल चल रहा है। यहां विद्यालय के संचालक 8वीं की मान्यता लेकर 12वीं तक की कक्षाएं चलाते हैं और अन्य कॉलेजों से अटैच हो जाते हैं। माधौगढ़ क्षेत्र में कई स्कूल दूसरे स्कूलों से अटैचमेंट के जरिए खेल कर रहे हैं और दाखिला लेने वाले छात्र-छात्राओं का आर्थिक शोषण भी कर रहे हैं।

माधौगढ़ के बंगरा में एक विद्यालय संचालित है। इस विद्यालय की मान्यता केवल कक्षा आठ तक है लेकिन इसके प्रधानाचार्य ने कुठौंदा और गणेश नगर स्थित एक इंटर कॉलेज से अटैचमेंट कर रखा है और इसी अटैचमेंट के सहारे उन्होंने इंटर तक कि छात्रों का प्रवेश अपनी आठवीं कक्षा तक के स्कूल में ले लिया। बताया जा रहा है कि स्कूल में हाईस्कूल और इंटर की पढ़ाई करने वालों को न तो संबंधित विषयों के शिक्षकों के जरिए कोर्स पूरा कराया गया है और न ही उनको प्रयोगात्मक परीक्षाओं का कोई अनुभव कराया गया है। उल्टा स्कूल संचालक प्रयोगात्मक परीक्षा के नाम पर प्रत्येक छात्र से 1000 रुपये वसूल रहा है। इसकी वजह से अभिभावकों में खासा रोष है।

व्यवस्था | वंचित मतदाताओं से संवाद कर दी जानकारी

# एडीएम ने निरीक्षण कर परखी एसआईआर प्रक्रिया

संवाददाता, कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** एडीएम ने शनिवार को नगर स्थित एमएसवी इण्टर कालेज में स्थापित बूथ पर एसआईआर प्रक्रिया को परखा। इस दौरान उन्होंने वीएलओ से जानकारी लेकर एसआईआर प्रक्रिया से वंचित मतदाताओं से भी संवाद किया।

निर्वाचन आयोग द्वारा गत माह मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाने के लिए एसआईआर प्रक्रिया शुरू की थी। इसमें लगभग 2800 मतदाता एसआईआर प्रक्रिया से छूट गए थे, जिन्हें नोटिस देकर मतदाता बने रहने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्र मांगे गए हैं और न देने पर वह मतदाता नहीं रह पाएंगे। इस प्रक्रिया के लिए विधानसभा क्षेत्र में लगभग दो दर्जन एईआरओ


एसआईआर प्रक्रिया जांच करते एडीएम व अन्य। अमृत विचार

बनाए गए हैं जो एसआईआर प्रक्रिया से छूटे मतदाताओं की सुनवाई कर रहे हैं जो 6 फरवरी तक जारी रहेगी। हालांकि नये मतदाता बनने का मौका 31 जनवरी को खत्म हो रहा है इसीके चलते शनिवार को सभी बीएलओ मतदेय स्थलों पर मौजूद रहे और लोगों को मतदाता सूची पढ़कर भी सुनाई और इसी व्यवस्था को परखने के लिए एडीएम संजय कुमार ने एसडीएम मनोज कुमार सिंह के साथ एमएसवी इण्टर कालेज स्थित मतदेय स्थल का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने वीएलओ से वार्ता कर उन्हें दिशा निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता बनने से वंचित न रह जाए। इसके लिए नोटिस पाने वाले मतदाताओं से जरूरी दस्तावेज लेकर अपलोड करें तो इस मौके पर उन्होंने मतदाताओं से भी संवाद किया और आग्रह किया कि अगर एसआईआर प्रक्रिया से वंचित रह गए तो परेशानी का सामना करना पड़ सकता हैं। इसलिए बीएल तथा एईआरओ के पास जरूरी दस्तावेज लेकर सुनवाई में जरूर शामिल हों। इस दौरान आरआई हरेन्द्र सिंह, लेखपाल जितेन्द्र यादव, विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग भी मौजूद रहे।

## भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा सुनाई

**जालौन।** सिकरीराजा गांव में अमर सिंह भदौरिया के आवास पर आयोजित साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास गगन द्विवेदी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के प्रसंग का वर्णन किया। इस दौरान भक्तों ने नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की के जयकारे लगाए। कथा के चौथे दिन भागवताचार्य गगन द्विवेदी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म अधर्म, अन्याय और अत्याचार के विनाश तथा धर्म की स्थापना के लिए हुआ। जब पृथ्वी पर पाप बढ़ गया और साधु-संतों पर अत्याचार होने लगे, तब भगवान विष्णु ने देवकी के गर्भ से कृष्ण रूप में अवतार लिया। कारागार में जन्म लेकर भगवान ने यह संदेश दिया कि ईश्वर किसी भी परिस्थिति में भक्तों की रक्षा करते हैं। इस दौरान कंस के अत्याचारों को लेकर यमुना पार गोकुल पहुंचे।


मंडल कोआर्डिनेटर लालाराम का स्वागत करते बसपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

# लालाराम का किया स्वागत

**कालपी।** लालाराम अहिरवार को फिर से बसपा का मंडल कोआर्डिनेटर बनाए जाने पर बसपाइयों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विधानसभा चुनाव में भले ही अभी एक वर्ष का समय हो पर राजनीतिक दलों ने अपने कील कांटे दुरूस्त करना शुरू कर दिया है। जिसके चलते बसपा में क्षेत्रीय स्तर पर संगठन में बदलाव हो रहे है और गत दिनों जिलाध्यक्ष के रूप में अतर सिंह पाल को फिर से जिम्मेदारी सौंपी गई। अब मंडल स्तर पर लालाराम अहिरवार को कोर्डिनेटर बनाया गया है जिनके नगर आने पर जिलाध्यक्ष की अगुआई में हाईवे स्थित दुर्गा मन्दिर पर एकजुट हुए बसपाइयों ने उनका फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर संजय भदौरिया, झांसी मण्डल प्रभारी इखलाक राईन, संजय गौतम पूर्व जिलाध्यक्ष, धीरेन्द्र चौधरी पूर्व जिलाध्यक्ष, सतीश निषाद एड, परवेज कुरैशी एड. आदि रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### असपा का भाई चारा सम्मेलन आज

**इटावा।** रावण बुद्ध बिहार संतोषपुर पचार पुंजा में आज आजाद समाज पार्टी के भाई चारा सम्मेलन का आयोजन होगा। इसमें मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव बलबीर सिंह जाटव शामिल होंगे। इसके अलावा लाल सिंह जाटव, हर्ष कुमार चौधरी, धर्मवीर सिंह दिवाकर, हरिश्चंद्र गौतम भी मौजूद रहेंगे।

### देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**भरथना।** थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। एसआई इदु हसन ने बताया कि गश्त के दौरान ऊमरसेन्डा नहर पुल से नगला चित्त जाने वाले मार्ग पर एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में जाता दिखाई दिया। शक होने पर पुलिस ने कुछ दूरी पर उसे घेरकर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम सोनी उर्फ साहिल निवासी बाहरपुर बताया। तलाशी लेने पर उसके झोले से 22 देशी शराब के क्वार्टर बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### युवक लापता, मां की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज

**भरथना।** थाना क्षेत्र के ग्राम नगरिया सरावा से 18 वर्षीय युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। मां ने भरथना थाना पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई है। क्षेत्र के गाँव नगरिया सरावा निवासी सावित्री देवी पत्नी कुंवरपाल ने गुमशुदगी दर्ज कराते हुए बताया कि मेरा 18 वर्षीय पुत्र विक्रम सिंह बीते 27 जनवरी की शाम करीब पांच बजे घर से बिना बताए कहीं चला गया। परिजनों के अनुसार, उसी दिन से उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। काफी तलाश के बाद भी युवक का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित माँ की तहरीर पर थाना पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

**इटावा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत मालगाड़ी की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। कांशीराम कालोनी निवासी चांद 35 पुत्र चमन जब रेलवे लाइन पार कर रहा था तभी वह माला गाडी की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### हादसों में तीन लोग हुए घायल

**इटावा।** जिले के अलग अलग स्थानों पर हुए हादसों में तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पहली घटना पछायगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाउरी के पास हुई जहां अज्ञात वाहन की चपेट में आने से कुसमा पत्नी विशुप प्रताप घायल हो गई। दूसरी घटना मैनपुरी फाटक के पास हुई जहां अज्ञात वाहन की चपेट में आने से शशिकांत पुत्र योगेश निवासी आलमपुर नरिया घायल हो गए। इसके अलावा किसी ट्रेन में यात्रा करते समय अचानक ट्रेन से गिरकर रघुराज पुत्र राम लखन निवासी दिलवर पुर ऊंचाहार रायबरेली घायल हो गया। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### युवक ने खाया जहर, भर्ती

**इकदिल।** किसी बात से नाराज होकर एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। इकदिल कस्बा के रहने वाले पूरन सिंह के 23 वर्षीय बेटे राजकुमार ने शनिवार सुबह किसी बात से नाराज होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ते देख परिजन उसे बेहोशी की हालात में जिला अस्पताल ले गए। जहां उसका उपचार चल रहा है।

### यमुना नदी में आठ दिन बाद मिला महिला का शव

**इटावा।** थाना बढ़पुरा क्षेत्र में यमुना नदी में कूदी महिला का शव आठवें दिन बरामद हुआ। मृतका की पहचान उसके पिता कैलाश ने हेमलता के रूप में की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार हेमलता ने 24 जनवरी को इटावा-ग्वालियर मार्ग पर स्थित यमुना नदी के पुल से छलांग लगा दी थी। वह मध्य प्रदेश के ऊमरी थाना क्षेत्र के कंडेलपुरा लहरौली गांव की निवासी है। घटना के समय स्थानीय लोगों ने उसे नदी में कूदते देखा था। छलांग लगाने से पहले महिला ने अपना शाल और मोबाइल फोन पुल पर ही रख दिया था। मृतका के पिता कैलाश ने बताया कि उनकी बेटी पिछले कुछ समय से टीबी की बीमारी से पीड़ित थी। वह करीब दस दिन पहले ही अपने मायके आई थी। परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। आठवें दिन थाना बढ़पुरा प्रभारी केके. मिश्रा और उदी चौकी प्रभारी रविंद्र सिंह ने सुनवारा गांव के पास यमुना नदी के किनारे से महिला का शव बरामद किया।

# डबल डेकर बस ट्रैक्टर से टकराकर पलटी

## मथुरा से वापस जालौन आते समय कोहरे के कारण हुआ हादसा, ट्रैक्टर चालक समेत 12 श्रद्धालु घायल

संवाददाता जसवंतनगर इटावा



हादसे के बाद पलटी पड़ी दुर्घटनाग्रस्त बस। अमृत विचार



घायलों का हाल-चाल लेते डीएम, एसएसपी व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर मलाजनी रेलवे ओवरब्रिज के पास शनिवार की सुबह आगरा से इटावा जाने वाली सड़क पर बरसाना मथुरा वृंदावन से जालौन जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस घने कोहरे के कारण आगे जा रहे ट्रैक्टर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस सड़क किनारे खेतों में जाकर पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल थानाध्यक्ष कमल भाटी मय पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पहुंचे और उच्च अधिकारियों को सूचना कर बस में फंसे श्रद्धालुओं को बाहर निकलवाया और घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।

इस हादसे में ट्रैक्टर चालक राजीव कुमार व आशीष कुमार निवासी मलतीपुर कानपुर देहात के अलावा बस में सवार शरद गुप्ता 45 वर्ष, रेखा 60 वर्ष, ज्योति 45 वर्ष, शीला 60 वर्ष, उषा 65 वर्ष, अवधेश 65 वर्ष, दिलीप कुमार 63 वर्ष, कल्पना 59 वर्ष, सुनीता गुप्ता 58 सभी निवासी माधौगढ़, कुठोंद, उरई जालौन व बस परिचालक रामनरेश निवासी गिरधारीपुरा भरथना घायल हो गए। तीन गंभीर घायलों की चिंता जनक हालत देखते हुए राजीव, आशीष, कल्पना को रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ला एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव, एएसपी अभय नाथ त्रिपाठी, एसडीएम कुमार सत्यम जीत, सीओ आयुषी सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्य का निरीक्षण किया साथ ही अस्पताल पहुंचकर घायलों से बातचीत कर उनका हाल-चाल जाना। डीएम एसएसपी ने डॉक्टरों को बेहतर उपचार के निर्देश दिए। बताया गया है कि सोनू ट्रैवल्स ग्वालियर की डबल डेकर बस से जालौन निवासी बस में सवार सभी श्रद्धालु चार धाम की यात्रा पर एक महीने पूर्व निकले थे। शुक्रवार को बरसाना वृंदावन मथुरा दर्शन कर रात 11:00 बजे मथुरा से निकले थे और शनिवार सुबह यह हादसा हो गया। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। कानपुर देहात निवासी राजीव कुमार खेतों की फसल को काटने के लिए प्रयोग में आने वाली नई कटर मशीन भरतपुर राजस्थान से खरीद कर ट्रैक्टर से वापस अपने घर कानपुर देहात जा रहे थे। सभी यात्रियों को प्रशासन ने अन्य वाहन से उनको उनके गंतव्य के लिए भेजा।

**प्रशासन ने अलाव, कंबल चायपान की करायी व्यवस्था :** घटनास्थल और अस्पताल पहुंचे डीएम शुभ्रांत शुक्ला और एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा घायलों के अलावा अन्य यात्रियों के लिए चाय व अलाव और कंबल की व्यवस्था कराई। बाद में प्रशासन ने यात्रियों को उनके घरों को भिजवाया।

# वाहन ने बाइक में मारी टक्कर एक की मौत, दो लोग घायल

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगर के बस स्टैंड चौराहे के पास राष्ट्रीय राजमार्ग की आगरा से इटावा को जाने वाली सर्विस रोड पर एक मैरिज होम के सामने शुक्रवार की देर शाम अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए।

लक्ष्मी नारायण 36 निवासी ग्राम नगला विशुन थाना बलरई अपने गांव के ही धीरेंद्र व मनोज के साथ बाइक से जा रहे तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को सीसचसी में भर्ती कराया गया जहां डाक्टरों ने लक्ष्मी नारायण को मृत घोषित कर दिया। दोनों घायलों की चिंताजनक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने सैफई पीजीआई के लिए रेफर कर दिया। मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया है कि मृतक लक्ष्मी नारायण रोजगार सेवक पर कार्यरत था जब कि उसके दो गंभीर घायल अन्य साथी ब्लॉक में कार्यरत है।

**वहीं जसवंतनगर** के एक युवक की करहल में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। ग्राम कैस्त निवासी रामनिवास अपने टेम्पो में बैठी सवारी को छोड़ने करहल जा रहा था। करहल पहुंचते ही सिरसागंज चौराहे पर सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार बाइक से टेम्पो की भिड़ंत हो गई, जिसमें टेम्पो चालक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया उसके सिर में गम्भीर चोट आ गई। घायल को तत्काल सैफई पीजीआई इलाज हेतु पहुंचाया गया। वहां पर टेम्पो चालक रामनिवास को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया जब कि बाइक सवार मौके से गायब हो गया। बताया गया है कि मृतक रामनिवास टेंपो चलाकर अपना जीवन यापन करता था।

# बाबा साहेब की प्रतिमा का हाथ टूटा मिलने पर भड़के ग्रामीण

संवाददाता भरथना इटावा



मौके पर मौजूद ग्रामीणों को समझाते आलाधिकारी व मौजूद पुलिस बल।

- अधिकारियों ने लोगों को समझा बुझाकर किया शांत, कार्रवाई करने का दिया भरोसा

**अमृत विचार।** क्षेत्र के बाहरपुरा ग्राम पंचायत स्थित मिराय कोठी गांव में शनिवार सुबह उस समय माहौल तनावपूर्ण हो गया, जब अज्ञात अराजकतत्वों द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। प्रतिमा के दायें हाथ को तोड़े जाने की जानकारी जैसे ही ग्रामीणों को हुई, बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए और घटना को लेकर हंगामा करने लगे। सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मौके पर एएसपी ग्रामीण श्रीश चन्द्र, एसडीएम काव्या सी, सीओ रामदवन मौर्य व थाना प्रभारी विक्रम सिंह तथा अपराध निरीक्षक अरिमर्दन सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे और जायजा लिया।

अधिकारियों ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लेजम सिंह शाक्य तथा ग्रामीणों से वार्ता कर उन्हें शांत कराया और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। स्थिति को देखते हुए गांव में एहतियातन भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। ग्रामीण अजीत सिंह, नितिन प्रकाश, राम नारायण आजाद, सुन्दरम सिंह ने बताया कि बीती रात अराजक तत्वों द्वारा बाबा साहेब की मूर्ति को खंडित कर दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि मूर्ति पर प्रहार के निशान नहीं मिलने से खराब मेटेरियल होने से मूर्ति के टूटने की आशंका है। नई मूर्ति लगाए जाने की व्यवस्था की जा रही है।

# सेवानिवृत्त हुए उप निरीक्षकों को दी गई विदाई

**इटावा।** पुलिस विभाग में सेवा देकर अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण करने वाले उप निरीक्षकों को एसएसपी ने सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी।

सेवानिवृत्त हुए उप निरीक्षक सत्यप्रकाश, उप निरीक्षक ब्रजराज यदुराज सिंह तथा उप निरीक्षक विनय कुमार द्विवेदी को एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने स्मृति चिह्न, घड़ी, प्रशस्ति पत्र व शॉल भेंट कर भावभीनी विदाई दी साथ ही भविष्य में किसी भी प्रकार की आवश्यकता होने पर विभाग द्वारा यथासंभव सहयोग प्रदान किए जाने हेतु आश्वस्त किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त हुए उप निरीक्षको का स्वागत किया। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने उन्हें माला पहनाया।

# मोबाइल हैक कर 8 लाख 32 हजार उड़ाये

कार्यालय संवाददाता इटावा

- साइबर ठगों ने कृषि विभाग के वरिष्ठ प्राविधिक के खाते को बनाया निशाना

**अमृत विचार।** कृषि विभाग के एक वरिष्ठ प्राविधिक का साइबर अपराधियों ने मोबाइल फोन हैक कर बैंक खाते से 8 लाख 32 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना चौबिया के मुगलपुरा गांव निवासी मोहम्मद आरिफ ने बताया कि यह घटना 21 और 22 जनवरी को हुई। 21 जनवरी को उनके बैंक खाते से 5 लाख रुपये ट्रांसफर किए गए और अगले ही दिन 3 लाख 32 हजार रुपये और निकाल लिए गए। आरिफ के अनुसार इस दौरान उन्हें अपने मोबाइल पर किसी भी तरह का अलर्ट या ओटीपी प्राप्त नहीं हुआ जिससे उन्हें ठगी की जानकारी नहीं हो सकी। उन्होंने तत्काल एनसीआरपी पर ऑनलाइन साइबर धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई। इस शिकायत के आधार पर साइबर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस अब मामले की गहन जांच कर रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि मोबाइल किस माध्यम से हैक किया गया और ठगी की गई रकम किन खातों में ट्रांसफर की गई है।

एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि डिजिटल लेनदेन बढ़ने के साथ साइबर अपराधों में भी तेजी आई है। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या मैसेज से सावधान रहें और अपनी बैंक संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा न करें और साइबर अपराध होने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करें।

# देवेंद्र यादव का सैंफई में स्वागत

**सैफई।** सहकारी ग्राम विकास बैंक, सैफई शाखा के प्रतिनिधि पद के चुनाव में विजयी समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी देवेंद्र यादव के सम्मान में शुक्रवार को सैफई में स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान समाजवादी पार्टी के सेक्टर प्रभारियों, प्रधानों, पूर्व प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया, जबकि विजयी प्रत्याशी को फूल-मालाओं से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देवेंद्र यादव ने कहा कि आजादी के बाद यह पहला अवसर रहा, जब सहकारी ग्राम विकास बैंक सैफई शाखा के प्रतिनिधि पद के लिए मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि नामांकन के बाद भारतीय जनता पार्टी ने प्रत्याशी तो खड़ा किया, लेकिन न तो कोई एजेंट बनाया गया और न ही कोई पदाधिकारी मतदान के दिन सक्रिय नजर आया, जिसका असर परिणाम में स्पष्ट रूप से दिखा।

# गौ आधारित खेती से लागत घटाने व आय बढ़ाने पर जोर

संवाददाता सैफई इटावा

**अमृत विचार।** खेती को रासायनिक निर्भरता से मुक्त कर प्राकृतिक और टिकाऊ बनाने के उद्देश्य से पंजाब नेशनल बैंक के किसान प्रशिक्षण केंद्र, सैफई में तीन दिवसीय गौ आधारित जीरो बजट खेती प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर अरविंद प्रताप सिंह परिहार (एनएमएनएफ) ने बताया कि गौ आधारित खेती ऐसी पद्धति है, जिसमें गाय के गोबर और गोमूत्र से तैयार प्राकृतिक उर्वरक का प्रयोग किया जाता है।

उन्होंने कहा कि इस पद्धति को अपनाने से खेती की लागत में उल्लेखनीय कमी आती है और किसान आत्मनिर्भर बनते हैं। उन्होंने जैविक उर्वरकों के निर्माण, प्राकृतिक कीटनाशकों की तैयारी, गौ दुग्ध व गोमूत्र आधारित उत्पादों के निर्माण और उनके विपणन की जानकारी दी। साथ ही जैविक फसलों की खेती कर बाजार से बेहतर मूल्य प्राप्त करने के तरीकों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। मास्टर ट्रेनर ने कहा कि प्राकृतिक खेती अपनाकर किसान अतिरिक्त आय के अवसर भी सृजित कर सकते हैं। केंद्र के निदेशक विपिन यादव ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती के साथ-साथ स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने क्षेत्र के किसानों से केंद्र में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील की। प्रशिक्षण में क्षेत्र के कुल 29 प्रतिभागियों ने भाग लिया। समापन अवसर पर मिथलेश सिंह, ब्रज किशोर सिंह, रघुनाथ सिंह सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर शुरू

कार्यालय संवाददाता इटावा



मॉड्यूलर ऑपरेशन परिसर का शुभारंभ करते डॉ. मनोज यादव, सुनैना यादव।

- जेके हॉस्पिटल में नो टच पॉलिसी के साथ की गयीं नई शुरुआत

**अमृत विचार।** जिले में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के साथ निजी क्षेत्र में विदेशी तकनीक के बल पर कठिन से कठिन ऑपरेशन की सुविधा अब आसानी से उपलब्ध होगी। जेके हॉस्पिटल में शुक्रवार को मॉड्यूलर ऑपरेशन काम्प्लेक्स का शुभारंभ किया गया।

सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के बाद आधुनिक तकनीक पर आधारित यह पहला ऑपरेशन कॉम्पलेक्स है जहां अलग-अलग तकनीक पर चार ऑपरेशन थिएटर की स्थापना की गई है। संस्थान के डायरेक्टर डॉ. मनोज यादव ने मॉड्यूलर ऑपरेशन परिसर का उद्घाटन करते हुए कहा कि जिले में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना संस्थान की जिम्मेदारी है। डॉ. कुमार कातरेय ने बताया कि चार नई ओटी में यूरोलॉजी, लेप्रोस्कोपी, लेज़र व जनरल ओटी शामिल है। ऑपरेशन में प्रयोग होने वाले औजार, उपकरण व अन्य चीजों को स्टेरिलाइजेशन के बाद पूर्ण रूप से सील करके ओटी स्टोर में रखा जाएगा। इसके बाद रेड जोन शुरू होता है जहां ऑपरेशन थिएटर में सेंसर युक्त लाइट, एसी, सेन्ट्रलाइज गैस, ऑन टेबल एक्सरे की व्यवस्था है। अमेरिकी तकनीक पर सेंसर युक्त हैंड वॉश की सुविधा है। ओटी- 2 में लेप्रोस्कोपी या दूरबीन तकनीक के ऑपरेशन होंगे। ओटी-3 में लेज़र ऑपरेशन के लिए 30 प्लस मेगा टावर व एनेस्थीसिया मशीन स्थापित की गई है। 4 के कैमरे से पूरे सर्जरी की निगरानी की भी व्यवस्था की है। ओटी- 4 माइनर ओटी है जहाँ यूनिवर्सल नियमों के तहत छोटे ऑपरेशन किये जायेंगे।

इस मौके पर सुनैना यादव, डॉ साइनी यादव, डॉ. नेहा सिंह, डॉ पंकज गुप्ता, डॉ मधुकर गुप्ता, डॉ निर्मल, डॉ विभोर व अन्य तकनीकी स्टॉफ आदि मौजूद रहा।

# तीन दिन से नहीं निकली धूप भीषण ठंड से जनजीवन बेहाल

संवाददाता महेवा इटावा

- आलू सरसों के अलावा अरहर की फसलों में नुकसान की आशंका

**अमृत विचार।** क्षेत्र में बीते तीन दिनों से धूप नहीं निकलने के कारण कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। घने कोहरे और ठंडी पछुआ हवाओं ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सर्दी के प्रकोप से जहां आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है, वहीं किसानों की आलू व सरसों की फसल पर भी प्रतिकूल असर पड़ने लगा है।

लगातार ठंड और नमी के कारण सरसों की फसल में बढ़वार रुकने की आशंका जताई जा रही है। किसानों का कहना है कि यदि इसी तरह मौसम बना रहा तो पैदावार पर सीधा असर पड़ेगा। कई गांवों में खेतों में फसल पीली पड़ने लगी है, जिससे किसान चिंतित हैं। अत्यधिक ठंड के चलते ग्रामीण इलाकों में जुकाम, खांसी, बुखार जैसी बीमारियों के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। छोटे बच्चे और बुजुर्ग सबसे अधिक प्रभावित हैं। गांवों में अलाव की व्यवस्था न होने से लोगों को रात के समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाने और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था कराने की मांग की है। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल अगले कुछ दिनों तक ठंड से राहत मिलने की संभावना कम है, जिससे लोगों की चिंता और बढ़ गई है। क्षेत्रीय किसान पंडित राजीव चौधरी, बबलू तिवारी, शिवम राजपूत आदि ने बताया कि इस कारण सर्वाधिक नुकसान सरसों, आलू, टमाटर आदि की फसल को हो रहा है।

**अभियान** — जिलाधिकारी ने बैठक में मातहतों को दिये दिशा-निर्देश

# पांच से दस वर्ष के बच्चों को लगेगी एमआर वैक्सीन

कार्यालय, संवाददाता इटावा




बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत मीजिल्स रूबेला उन्मूलन के लिये सरकार प्रतिबद्ध है। इस अभियान के अन्तर्गत जिला अधिकारी की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

जिला अधिकारी ने कहा कि इस पर गम्भीरता से कार्य किया जाना है। यह कार्यक्रम जनपद के समस्त स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक व 5 वर्ष से 10 वर्ष के सभी बच्चों को एमआर. वैक्सीन की डोज से आच्छादित किया जाना है। एमआर अभियान का आयोजन 16 फरवरी 2026 से 27 फरवरी 2026 तक नॉन आरआई. दिवसों में (बुधवार एवं शनिवार को छोड़कर) किया जाना है। यह अभियान प्रदेश के 45 जनपदों में चलाया जा रहा है। इस अभियान में राज्य स्तर से निर्धारित की गयी समय सारिणी के अनुसार सम्पादित किया जाना है। समस्त शहरी एंव ग्रामीण एएनएम. अपने संबन्धित क्षेत्रों में स्थित सभी सरकारी स्कूलों मदरसों इत्यादि की कार्ययोजना निर्धारित तिथियों में करना सुनिश्चित करेंगी। स्कूलों में गतिविधियां नॉन आरआई. दिवसों में की जायेगी। एएनएम. द्वारा प्रतिदिन 100-125 बच्चों को टीकाकरण से आच्छादित करने का लक्ष्य राज्य स्तर से निर्धारित किया गया है। सभी स्कूलों में सत्रो को यूविन पोर्टल पर एमआर. कैम्पेन टैब पर नियोजित कर समय से पब्लिश किये जायेंगे। अभियान की सफलता हेतु जनपद स्तरीय अधिकारियों को ब्लाक एवं शहरी क्षेत्र आंवटित कर अभियान की कार्ययोजना, प्रशिक्षण एवं सहयोगात्मक पर्यवेक्षण सुनिश्चत किया जाये। जनपद / ब्लाक / प्लानिंग यूनिट पर सायंकालीन समीक्षा बैठकें आयोजित की जायें। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का विशेष सहयोग प्रदान किया जाना है। स्कूलो/ मदरसों में नामांकित लक्षित बच्चों की उपस्थित टीकाकरण के दिन शत प्रतिशत सुनिश्चित करायें एवं सत्र के एक दिन पूर्व स्कूलो/ मदरसों में शिक्षको के साथ अभिभावकों के साथ बैठक आयोजित की जाये। बैठक में सीएमओ, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, समस्त चिकित्सा अधीक्षक सामु स्वा. केन्द्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपाइयों ने बूथ पर रहकर वोट बनवाए

कार्यालय संवाददाता इटावा



इस्लामियां इंटर कालेज बूथ पर वोट बनवाते भाजपा नेता।

**अमृत विचार।** मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के द्वितीय चरण के निमित्त भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता के नेतृत्व में जनपद में चलाए जा रहे दो दिवसीय विशेष अभियान के तहत पार्टी पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता व नेतागण अपने अपने प्रभार वाले बूथों पर उपस्थित रहे।

इसी क्रम में सदर विधायक सरिता भदौरिया सदर विधानसभा के इटावा प्रथम मंडल के मकसूदपुरा शक्तिकेंद्र पर उपस्थित रहकर नए मतदाता पंजीकरण करवाए। उन्होंने कहा कि मतदाता लोकतंत्र कि सबसे बड़ी ताकत है और प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना बेहद आवश्यक है। भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार 'अन्नू' गुप्ता ने सदर विधानसभा के इटावा द्वितीय मंडल अन्तर्गत इस्लामिया इंटर कॉलेज शक्तिकेंद्र पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थित रहकर नए वोटर पंजीकरण करवाकर नव-मतदाताओं को लोकतान्त्रिक प्रक्रिया में अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने के लिए प्रेरित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि भाजपा संगठन द्वारा चलाए जा रहे इस प्रदेशव्यापी अभियान में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है।

**महेवा प्रतिनिधि** के अनुसार चुनाव आयोग के निर्देशन में चल रहे एस आई आर के कार्य के क्रम में नए तथा खासकर युवा मतदाताओं को जोड़ने के लिए शनिवार 31 जनवरी को विशेष कैंप आयोजित किए गए जिसमें नियुक्त बी एल ओ ने बैठकर मतदाताओं से फार्म 6,7एवं 8 भरवाए तथा नए एवं युवा मतदाताओं को हर हाल में अपना वोट बनवाने की भी अपील की। राजनीतिक दलों से जुड़े बीएलए यानी बूथ लेवल एजेंट भी बूथों पर पहुंचे व छूटे हुए तथा 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले मतदाताओं के वोट बनवाए।

## न्यूज ब्रीफ

### कोहरे संग सर्द हवाएं चलने से ठिठुरे लोग

**सुमेरपुर।** शनिवार को मौसम के मिजाज ने एक बार फिर पलटी मारी। शुक्रवार की रात से शुरू हुआ घना कोहरा सुबह से ही मुसीबत बन गया और जन जीवन अस्त व्यस्त नजर आया। बर्फीली सर्द हवाओं के चलने से लोग दिन भर ठिठुरन भरी ठंड से जूझते नजर आए। दिन में सूर्य देव के दर्शन जरूर हुए, लेकिन भीषण ठिठुरन के आगे सूर्यदेव की तपिश का एहसास नहीं हो सका। मौसम में बदलाव का दौर थम नहीं रहा है। शुक्रवार को मौसम साफ होने पर किसानों के साथ लोगों ने राहत महसूस की थी लेकिन यह राहत ज्यादा देर तक नहीं रही। रात में ही घना कोहरा छा गया कोहरे के कारण सुबह से जन जीवन अस्त व्यस्त नजर आया सर्द हवाएं चलने से लोग पूरे दिन ठंड से ठिठुरते नजर आए। दिन में सूर्य देव के दर्शन जरूर हुए, लेकिन तपिश नदारत रही।

### महिला आयोग की सदस्य सुनेंगी दर्द

**हमीरपुर।** महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ बताने के साथ उत्पीड़न की रोकथाम और त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में राष्ट्रीय महिला आयोग सदस्य ममता कुमारी एवं राज्य महिला आयोग की सदस्य अनीता गुप्ता की मौजूदगी में आगामी तीन फरवरी को जागरूकता शिविर का आयोजन होगा, जिसमें महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा की जाएगी। जिलाधिकारी की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार महिला उत्पीड़न से पीड़ित महिलाएं दोपहर एक बजे शिविर में आकर उत्पीड़न से संबंधित अपनी समस्या से अवगत करा सकती हैं।

### सड़क सुरक्षा पर लिखी कविता भेंट

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तिम दिन शनिवार को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर आधारित स्वरचित कविता को देशराज प्रजापति ने जिला सूचना अधिकारी सतीष कुमार यादव को उनके कार्यालय में भेंट की। जिसे पढ़कर उन्हें बहुत हर्ष हुआ और इस योगदान पर उन्होंने बधाई दी। कहा कि यह कविता आपकी सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में जन जन को हमेशा एक नई चेतना प्रदान करेगी और इस कविता से हजारों पाठक प्रेरणा लेंगे। इस अवसर पर पत्रकार गणेश सिंह विद्यार्थी व पीडी दीक्षित भी उपस्थित रहे।

### श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का बखान

**मौदहा (हमीरपुर)।** इचौली के झारियारे बाबा मन्दिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन शनिवार को कथा व्यास दिव्याम्बर मुनि ने कथा का रसपान कराया। व्यासपीठ से कहा कि सर्वेश्वर भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रज में अनेकानेक बाल लीलाएं कीं, जो वात्सल्य भाव के उपासकों के चित्त को अनायास ही आकर्षित करती हैं। जो भक्तों के पापों का हरण कर लेते हैं, वही हरि हैं। इस मौके पर परीक्षित बने सुरेन्द्र कुमार, धनन्जय सिंह, वही पूर्व विधायक युवराज़ सिंह, जितेन्द्र कुमार, संजय शर्मा, बबलू प्रधान, हर्षराज सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा का आनन्द लिया।

### दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव खण्डेह निवासी रामकरण की विवाहिता पुत्री सूरी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी शादी 30 जून 2020 में बांदा जिले के थाना नरैनी स्थित गांव पड़मई निवासी ठाकुरदीन पुत्र ललऊना के साथ हुई थी। पिता ने दान दहेज दिया था। इसके बाद भी जब वह विदा होकर ससुराल पहुंची तो पति ठाकुरदीन, ससुर ललऊना कम दहेज का ताना देने लगे और दो लाख रुपये की अतिरिक्त मांग कर प्रताड़ित करने लगे। इसी बीच उसके तीन पुत्रियां पैदा हुईं तो पति व ससुर द्वारा मारपीट कर अधिक प्रताड़ित किया जाने लगा। इससे परेशान होकर वह नौ जनवरी 2026 को अपने मायके खंडेह में आ गई। 20 जनवरी को जब वह अपने पिता के साथ ससुराल पहुंची तो पति व ससुर ने उसे और उसके पिता रामकरन को लाठी-डण्डों से मारपीट कर घायल कर दिया और उसका जेवर व धन छीन लिया है। किसी तरह वहां से बचकर उसने थाना नरैनी में पूरी घटना की तहरीर सौंपी लेकिन नरैनी पुलिस ने ससुराल वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज नहीं की और वहां से भगा दिया था। मौदहा पुलिस ने तहरीर के आधार पर सूरी के पति व ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

## पंगत में बैठकर छका प्रसाद



कुरारा क्षेत्र के झलोखर गांव में विष्णु महायज्ञ का समापन पूर्णाहुति के साथ हो गया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कथा व्यास शिवम महाराज ने श्री मद्भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का श्रवण कराया। यज्ञाचार्य बृजेश तिवारी ने पूर्णाहुति के साथ यज्ञ संपन्न कराया। यज्ञ स्थल पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम संतों और कन्याओं को भोजन कराया गया। संतों को कंबल देकर विदाई दी गई। भंडारे में गांव सहित आसपास के गांवों के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में ओमप्रकाश गुप्ता, दीपेंद्र सिंह, प्रज्वल द्विवेदी, अनमोल सिंह, सूर्या सिंह, विराट सिंह, पवन गुप्ता, गिरधर गुप्ता, करन सिंह, लल्लूराम विश्वकर्मा, गुरुचरण श्रीवास, सत्यभूषण दीक्षित, सुशील शुक्ला, गोल्डी श्रीवास्तव, श्रीकांत शुक्ला, शिवम गुप्ता आदि ने मौजूद रहकर सहयोग किया। • अमृत विचार

# नलों की टोटियां गायब, रास्तों पर बह रहा पानी

**नमामि गंगे योजना**

- सुमेरपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में योजना का बुरा हाल
- पाइप लाइनों में लीकेज, गड्ढे खोद कर रास्ते भी दुरुस्त नहीं किए

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** नमामि गंगे योजना का पूरे ब्लॉक में बुरा हाल है। ज्यादातर घरों के अंदर पानी नहीं पहुंच रहा है। टोटियां नदारद होने से लाखों लीटर पानी रास्तों में बह रहा है, लीकेज ग्रामीणों के लिए सिर दर्द बनकर रह गए हैं। शिकायतों के बाद समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है।

नमामि गंगे परियोजना का सुमेरपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में बुरा हाल है। किसी भी पंचायत में आज तक सौ फीसदी जलापूर्ति नहीं हो सकी है। ज्यादातर गलियां खुदी पड़ी है। लीकेज ठीक करने के लिए खोदे गए गड्ढों को नहीं भरा गया। घरों को दिए गए कनेक्शन में टोटियां नहीं लगाई गई है। किसी भी घर में अंदर तक पानी नहीं जा रहा है। टोटियां गायब होने से लाखों लीटर पानी रास्तों में बह रहा है। इससे रास्ता खराब हो रहे हैं।

शनिवार को ब्लॉक की ग्राम पंचायत विदोखर मेदनी, विदोखर पुरई, इंगोहटा, चंदपुरवा बुजुर्ग, पंधरी, अतरैया डंडा, पौथिया आदि गांवों में की गई। पड़ताल में यह सच सामने आया। नमामि गंगे के कार्य से ब्लॉक का कोई प्रधान संतुष्ट नहीं मिला। बातचीत का सिलसिला शुरू होते ही प्रधानों ने शिकायतों की पोटली खोल दी। कहा कि शिकायतों के बाद योजना से जुड़े अधिकारी कार्यवाही नहीं करते हैं।



नमामि गंगे योजना के पाइप खूंटी में लटक रहे हैं। अमृत विचार

# पेड़ से फिसला युवक नाले में गिरा, गई जान

## बकरियों के लिए पत्ती तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा था युवक

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** बकरियों के लिए पेड़ पर चढ़कर पत्तियां तोड़ रहा युवक असंतुलित होकर करोड़न नाले में गिर गया। गहराई अधिक होने तथा तैरने में असमर्थ होने से युवक की नाले में डूबकर मौत हो गई। युवक का पिता औद्योगिक एरिया की एक फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है।

सुमेरपुर कस्बे के बांकी मार्ग की कांशीराम कॉलोनी निवासी जावेद (19) पुत्र लतीफ खान शनिवार को करीब 11 बजे मां सजनिया को यह बताकर घर से निकला था कि वह बकरियों को पत्तियां लेने जा रहा है। घर से वह सीधे कॉलोनी के सामने बहने वाले कड़ोरन नाले के किनारे पहुंचा और नाले के किनारे खड़े पेड़ पर चढ़कर लग्घे से पत्तियां काटने लगा। संतुलन बिगड़ जाने से वह नाले में गिरकर डूबने लगा। नाला किनारे शौच करने गए युवक ने उसे डूबता देखा तो दौड़ते हुए कॉलोनी आया और लोगों को सूचना दी। सूचना पाकर जावेद की मां सजनियां बड़े बेटे साबिर के साथ मौके पर पहुंची, लेकिन जब तक उसकी डूबने से मौत हो गई थी और शव पानी में उतराने लगा था। पड़ोसियों ने घटना की सूचना यूपी 112 एवं थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकलवाया। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



घटना स्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

### जांच के लिए रिठारी गांव पहुंची पुलिस

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के रिठारी गांव में मां-बेटे के जहर खाने और बेटे की मौत के मामले की जांच करने पुलिस पहुंची। जांच के दौरान ग्रामीण लामबंद दिखे।

रिठारी गांव निवासी गिरधारी सिंह अपनी मां कुंवर देवी के साथ करीब तीन वर्ष से हमीरपुर के चौरादेवी के पास किराए के मकान में रहता था। रिठारी गांव में दो फीट जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर मां-बेटे ने कई बार अधिकारियों को शिकायती पत्र दिया था, लेकिन कार्रवाई न होने पर दोनों ने जहर खा लिया था। इसके बाद गिरधारी सिंह की मौत हो गई थी। कुंवर देवी ने कब्जा करने वाले लालू सिंह, ग्राम प्रधान चंद्रेश सिंह और उसके पिता बार संघ के पूर्व अध्यक्ष चंद्रभान सिंह के खिलाफ धमकाने और उत्पीड़न का केस दर्ज कराया था। शनिवार को हल्का इंचार्ज राकेश यादव जांच करने गांव पहुंचे, जहां पेशबंदी में गांव वालों ने अपनी बात रखी। ग्राम प्रधान चंद्रेश सिंह व उनके पिता बार संघ के पूर्व अध्यक्ष चंद्रभान सिंह का कहना है कि उनका इस प्रकरण में कोई भी दूर दूर तक वास्ता नहीं है।

# गैंगरेप आरोपी के व्यवसायिक भवन के आगे तोड़ा गया नाला

- मौलाना खान के ऊंचे नाले से गल्ला मंडी में भरता था पानी
- एसडीएम और सीओ की मौजूदगी में जेसीबी से तोड़ा गया नाला

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** लवजिहाद, गैंगरेप व धर्मांतरण के दवाब मामले में प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दिया है। शनिवार को आरोपी भूमाफिया के गल्ला मंडी के बगल में बने व्यवसायिक भवन के नाले पर बुलडोजर चलाया गया। इससे जलभराव की समस्या से जूझ रही गल्ला मंडी को निजात मिलने की उम्मीद हो गई है।

कस्बे में लव जिहाद के आरोपी मौलाना खान ने गल्ला मंडी के बगल में स्थित व्यवसायिक भवन के आगे ऊंचा नाला बनवाया था, जिससे गल्ला मंडी में बारिश का पानी भर जाता था। इससे गल्ला व्यापारियों सहित किसानों का खासा नुकसान होता था। इसके लिए मंडी सचिव लगातार प्रशासन को पत्राचार कर रहे थे, लेकिन आरोपी मौलाना खान के रसूख के चलते नाले को गिराने की किसी ने हिम्मत नहीं जुटाई। लवजिहाद, गैंगरेप एवं धर्मांतरण का मामला सामने आने पर प्रशासन की अब नींद टूटी है। शनिवार को प्रशासन ने दिन भर रणनीति बनाने के बाद शाम करीब 5 बजे नगर पंचायत का बुलडोजर मंगवाकर आरोपी के भवन के आगे बनाए गए नाले को तोड़ा। इसके साथ ही प्रशासन द्वारा आगे क्या कार्यवाही की जाएगी? इसकी भी नगर में चर्चा होती रही। कार्रवाई के दौरान गल्ला मंडी में एसडीएम सदर केडी शर्मा, सीओ सदर राजेश कमल, अधिशासी अधिकारी दिनेश आर्य, राजस्व लेखपाल अशोक कुमार सहित नगर पंचायत के कर्मी फावड़ा, गैंती आदि लेकर डटे रहे।



मौलाना खान के व्यावसायिक भवन के आगे नाला तोड़ती जेसीबी। अमृत विचार

# परिवार रजिस्टर की मांग ने बढ़ाई खासी परेशानी

- 225 मतदाताओं ने सूची में नाम जोड़ने को जमा किए अभिलेख

संवाददाता, गोहांड (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** विकास खंड कार्यालय में मतदाता सूची के विशेष परीक्षण की प्रक्रिया पूरी करने को लेकर नोटिस धारक मतदाताओं की भीड़ उमड़ रही है। इसमें महिला मतदाता भी बड़ी संख्या में आ रही हैं। इसमें अभी तक नोटिस पाने वाले 225 लोगों ने अभिलेख जमा किए हैं। 18 साल पूर्व कर चुके युवाओं को जोड़ने का काम चल रहा है।

विकासखंड कार्यालय में बीडीओ विनोद कुमार पांडेय की देखरेख में मतदाता विशेष परीक्षण कार्य चल रहा है। नोटिस मिलने वाले मतदाता अपना नाम सूची में दर्ज करवाने आ रहे हैं। महिलाओं से उनके मायके के परिवारवालों की मतदाता सूची मांगी जा रही है। तमाम महिलाएं यह कहती मिलीं कि उनका नाम तो सूची में दर्ज है। सभी अभिलेख आधार कार्ड आदि दिए जाने पर परिवार रजिस्टर की नकल मांगी जा रही है। जिसमें शहरी क्षेत्र गोहांड की परिवार रजिस्टर की नकल लेने में तमाम दिक्कतों के साथ 200 रुपये खर्च बतौर फीस बतायी जा रही है। साथ ही उनसे गृहकर भी जमा कराया जा रहा है। ऐसे में मतदाता सूची में नाम बढ़वाने वाले निर्धन वर्ग के लोग काफी परेशान हैं।



मतदाता सूची कार्य देखते बीडीओ।

# एमएलसी ने बार एसोसिएशन के नए बरामदे का किया उद्घाटन

- नया बरामदा बनने से वकीलों व वादकारियों को होगी सहूलियत

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट परिसर में बार एसोसिएशन के नवनिर्मित बरामदे का लोकार्पण किया गया। इलाहाबाद-झांसी क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) डॉ. बाबूलाल तिवारी ने फीता काटकर बरामदे का उद्घाटन किया। यह बरामदा अधिवक्ताओं और वादकारियों के बैठने की सुविधा के लिए बनाया गया है।

लोकार्पण के अवसर पर एमएलसी डॉ. बाबूलाल तिवारी ने बरामदे के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इसका निर्माण अधिवक्ताओं को बेहतर बैठने की सुविधा प्रदान करने के लिए किया गया है। डॉ. तिवारी ने आगे कहा कि यह विकास कार्य अधिवक्ताओं के कार्यस्थल को सुविधायुक्त बनाने के प्रयासों का हिस्सा है। उन्होंने अधिवक्ताओं के हितों और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अशोक गुप्ता, दिलीप राजपूत, अखिल नगायच, सुरेंद्र राजपूत, वीर प्रताप सिंह, सलीम अहमद खान, संजय यादव, ऋषभ राजपूत, जितेंद्र राजपूत, मनोज कुमार, पुष्पेंद्र कुमार सोनी, जयप्रकाश अग्रवाल सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।



फीता काटकर उदघाटन करते एमएलसी डा. बाबूलाल तिवारी। अमृत विचार

# गिरवी रखे जेवरातों पर सर्राफ की नीयत खराब

- पीड़ित ने दो सर्राफ भाइयों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** शहर के एक सर्राफ की गिरवी रखे गए लाखों की कीमत के स्वर्ण आभूषणों पर नीयत खराब हो गई। लौटाने में आनाकानी करने पर पीड़ित ने ओम ज्वैलर्स के संचालक दो भाइयों के खिलाफ अमानत में खयानत की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शहर के सुनराही गली निवासी प्रियांशु गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सुरेन्द्र कुमार सोनी की ओम ज्वैलर्स के नाम से सराफा की दुकान है। इनके पास कोई वैध लाइसेंस नहीं है। साहूकारी करते हैं। पीड़ित ने बताया कि जरूरत पर उन्होंने सुरेन्द्र सोनी के पास मां उर्मिला गुप्ता और भाभी प्रीती गुप्ता के सभी स्वर्ण आभूषण गिरवी रखे थे। गिरवी आभूषणों पर 12.09 लाख रुपये रुपये विभिन्न तिथियों पर लिए थे। जुलाई व अगस्त 2025 में 7.79 लाख रुपये ऑनलाइन भुगतान किए। कमरधनी उठाते समय उसकी नीयत खराब हो गई। सर्राफ ने धमकाकर जबरन एग्रीमेन्ट लिखवाया कि वह कमरधनी सेल कर रहा है। 16.87 लाख रुपये का एग्रीमेन्ट बना था। एग्रीमेन्ट के बाद उसके एकाउंट में सुरेन्द्र सोनी और राजेन्द्र सोनी ने 4 अगस्त को 1.60 लाख रुपये दिए थे। 14 अगस्त को 58 हजार रुपये दिया था, जबकि 10.53 लाख रुपये नहीं दिए। तहरीर के साथ बैंक स्टेटमेंट भी दिया है। अब स्वर्ण आभूषण वापस करने से मना कर रहा है। गलाकर बेच सकता है। इस मामले में पुलिस ने सुरेंद्र और राजेंद्र सोनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**निरीक्षण** — महिला हेल्प डेस्क, अभिलेखों के रखरखाव के साथ ही शस्त्रों को जांचा-परखा

# डीआईजी ने देखा मौदहा थाने का हाल

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** शनिवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम मंडल राजेश एस ने कस्बे की कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, दस्तावेज और रखरखाव का निरीक्षण करने के साथ ही शस्त्रों को जांचा-परखा। पुलिस कर्मियों ने सलामी दी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक और सीओ भी मौजूद रहे।

पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस ने कोतवाली का औचक निरीक्षक किया। सबसे पहले पुलिस कर्मियों ने उन्हें सलामी दी। इस दौरान उन्होंने महिला सुरक्षा और मिशन शक्ति तथा महिलाओ से जुडे मामलों को प्रमुखता से निपटाने की बात कही। इतना ही नहीं पुलिस उपमहानिरीक्षक ने महिला हेल्प डेस्क और जनसुनवाई के दौरान आने वाले फरियादियों और आगंतुकों के बैठने की जगह और व्यवस्था भी देखी।

पुलिस उपमहानिरीक्षक ने रिकॉर्ड रूम, शस्त्र रूम और अभिलेखों तथा शस्त्रों के रखरखाव को भी देखा एवं कम्प्यूटर कक्ष और विवेचना कक्ष का भी गहनता से निरीक्षण कर सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस. ने कहा कि कोतवाली आने वाले फरियादियों से अच्छा व्यवहार किया जाए और मिशन शक्ति या महिलाओं से जुडे मामले गंभीरता से देखे और सुने जाएं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा, क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय, कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा।



मौदहा थाने का निरीक्षण करते पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस.। अमृत विचार

### सेवानिवृत्त होने पर याद आए अच्छे काम

**हमीरपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन में अपर पुलिस अधीक्षक मनोज गुप्ता ने सेवानिवृत्त हुए एसआई पुनवासी राम, मोतीलाल व ऊर्दू अनुवादक वरिष्ठ सहायक सैयद मो. इमरान नकवी को सम्मानित किया। प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारियों ने सेवानिवृत्त लोगों को भावभीनी विदाई दी।

# शिव बारात की रजत जयंती पर शामिल होंगी 25 भव्य झांकियां

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** शुक्रवार देर शाम अमरनाथ सेवा मंडल की बैठक कस्बे की सुरही मंदिर में संपन्न हुई। जिसमें सीताराम गुप्ता को सर्व सम्मति से अध्यक्ष चुनकर शिव बारात के 25 वर्ष पूर्ण होने पर विशाल शिव बारात निकालने पर मंथन किया गया।

कमेटी के सदस्य डॉ शिवम गुप्ता ने बताया कि कस्बे में शिव बारात निकालने की शुरुआत अमरनाथ सेवा मंडल ने की थी। शिव बारात निकाले जाने के 25 वर्ष पूर्ण होने पर इस वर्ष शिव बारात में 25 झांकियां शामिल करके महाशिवरात्रि पर्व पर शिव बारात निकालने का निर्णय लिया गया है। बैठक में सर्वसम्मति से सीताराम गुप्ता को कमेटी का अध्यक्ष चुना गया है। बैठक में सुरेश गुप्ता, अजय उर्फ कल्लू यादव, डॉ राहुल गुप्ता, राधे शुक्ला, रेशु गुप्ता, दीपक गुप्ता, टोनी गुप्ता, आलोक गुप्ता, आर्यन चंदेल, वीरू सिंह, मिंटू गुप्ता, तुषार गुप्ता, सुरेंद्र, मोहित, उदय यादव आदि लोग मौजूद रहे।



बैठक करते अमरनाथ सेवा मंडल के पदाधिकारी और सदस्य। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### दुर्घटना में मृत शिक्षक के परिजनों को सौंपा चेक

**चित्रकूट।** पंजाब नेशनल बैंक की चित्रकूट शाखा में सेलरी खाताधारक और माध्यमिक विद्यालय रुक्माखुर्द के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। सेलरी खाताधारक के आकस्मिक निधन पर बैंक द्वारा मुफ्त बीमा योजना के तहत 30 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाती है। इस राशि का चेक शनिवार को शिक्षक के परिजनों को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग एवं पीएनबी अंचल प्रबंधक दीपक सिंह ने सौंपा।

### स्पीच ट्रेनर के लिए करें आवेदन

**चित्रकूट।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रियंका यादव ने बताया कि बचपन डे केयर सेंटर में श्रवणबाधित, दृष्टिबाधित एवं मानसिक मंदित बच्चों के लिए स्पीच ट्रेनर एवं साइको काउंसलर अंशकालिक की सेवाएं ली जानी हैं।

### जिला अस्पताल में चार एक्सरे टेक्नीशियनों की होगी तैनाती

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने संयुक्त चिकित्सालय में चार अतिरिक्त एक्सरे टेक्नीशियन को आउटसोर्सिंग संस्था के माध्यम से संविदा पर रखे जाने की स्वीकृति दी है। गौरतलब है कि वर्तमान में चिकित्सालय में एक एक्सरे टेक्नीशियन होने से रोगियों को दिक्कत होती है। यह जानकारी मुख्य चिकित्साधीक्षक ने दी।

### डीएम ने मुआयना कर बीएलओ को दिए निर्देश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने शनिवार को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत ट्रैफिक चौराहा स्थित विभिन्न मतदेय स्थलों का औचक निरीक्षण किया। बीएलओ को निर्देशित किया कि फार्म-6 भरते समय विशेष सतर्कता बरती जाए। एक बूथ पर तकनीकी कारणों से एक ही परिवार के कुछ मतदाताओं के नाम अन्य बूथों में स्थानांतरित होने की बात पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ऐसे प्रकरणों में फॉर्म-8 के माध्यम से त्रुटि सुधार कराकर यह सुनिश्चित किया जाए कि परिवार के सभी सदस्यों के नाम एक ही मतदेय स्थल पर अंकित रहें। निर्देशित किया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

### योजनाओं की सीडीओ ने की समीक्षा

**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर योजनाओं की समीक्षा की और सभी विभागाध्यक्षों को नियमित समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में राशन कार्ड धारक, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) दिव्यांग एंव जीरो पॉवर्टी के चिह्नित परिवारों को समूह से जोड़े जाने की प्रगति की समीक्षा की गई।

### पाक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** प्रभारी निरीक्षक मारकुंडी निशिकांत राय ने नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार किया। 29 जनवरी को एक महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी को आरोपी दुकान से लौटते समय जबर्दस्ती उठाकर घर के अंदर ले गया और शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश की। उसके पुत्र को जान से मारने की धमकी दी। शनिवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी मनोज त्रिपाठी को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में एसआई अरविंद कुमार सिंह, आरक्षी कैलाश कुमार शामिल रहे।

# बाइक सवार एक किशोर की मौत, 3 दोस्त घायल

## अनियंत्रित बाइक पहले वाहन से टकराई, फिर पोल से भिड़ी

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** चढ़ाई में बाइक न संभाल पाने से चालक और उसके तीन अन्य दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में एक की मौत हो गई, जबकि अन्य का इलाज जारी है। हादसा शुक्रवार की देर शाम है। जानकारी के मुताबिक, एक हृदयविदारक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया।

जानकारी के मुताबिक हरिहरपुर निवासी संजय कुशवाहा (25) पुत्र बुद्ध विलास, रमेश (21) पुत्र जानकी, रवि उर्फ बट्टू (16) पुत्र हर प्रसाद और कृष्ण कुमार साहू (15) पुत्र राजू एक ही बाइक से मड़फा की ओर से आ रहे थे। भारतपुर बड़े देव बाबा शिवलहा के पास चढ़ाई पर बाइक अनियंत्रित हो गई और किसी


कृष्ण कुमार।

वाहन से टकराने के बाद विद्युत पोल से जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि खंभा क्षतिग्रस्त हो गया और तारें टूटकर सड़क पर गिर गईं। चारों लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को शिवरामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान कृष्ण कुमार ने दम तोड़ दिया। अन्य तीनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां से प्रयागराज स्वरूपरानी मेडिकल कालेज भेज दिया गया। थाना प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि एक बाइक पर चार लोग सवार थे और चढ़ाई के दौरान चालक नियंत्रण खो बैठा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### किशोर के घर पर पसर गया मातम

- मृतक कृष्ण कुमार साहू के घर मातम पसरा है। परिवार पहले ही दुखों से जूझ रहा था। बताया गया कि कृष्ण की मां का निधन पहले हो चुका है और दो साल पहले बहन ने आत्महत्या कर ली थी। अब कृष्ण की असमय मौत ने पिता राजू और भाई को पूरी तरह से तोड़ दिया।

## मिशन शक्ति कौशल कार्यशाला में दीं जानकारी

**चित्रकूट।** गोस्वामी तुलसीदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मिशन शक्ति कौशल कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें महिला आरक्षियों को महिला कल्याण विभाग की ओर से प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का विषय महिला संबंधी मामलों में संवेदनशीलता और प्रभावी व्यवहार था। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता ने कार्यक्रम का उद्देश्य और रूपरेखा बताई। कोतवाली कर्वी से सविता श्रीवास्तव ने हेल्पलाइन नंबर, महिलाओं की सुरक्षा से संबंधी कानून आदि के बारे में बताया। प्रिया माथुर ने महिला कल्याण विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। आरटीओ विभाग की दीप्ति त्रिपाठी ने यातायात के नियम व सुरक्षा के बारे में बताया। सीओ सिटी ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने बालिकाओं व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए जागरूक किया। एसडीएम सदर पूजा साहू ने बालिकाओं को अपना भविष्य स्वयं चुनने की प्रेरणा दी।

# यूजीसी संशोधन बिल पर जताया रोष

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** यूजीसी संशोधन बिल के विरोध में कई संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में विरोध प्रदर्शन किया गया। बाद में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।

इन संगठनों के लोग पटेल तिराहे में इकट्ठा होकर पटेल तिराहे से एलआईसी चौराहा, ट्रैफिक चौराहे होते हुए कचेहरी से तहसील प्रांगण पहुंचे। बाद में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। युवाओं ने मांग की कि इस कानून को जब तक वापस नहीं लिया जाता तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। सुप्रीम कोर्ट का हम सभी सम्मान करते है लेकिन सरकार दोहरी राजनीति जो अपना रही है उसको हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। युवाओं का आरोप था कि जिस तरह से यह सरकार सवर्णों से अत्याचार कर रही है। उसका हम मुंहतोड़ जवाब देंगे। इस मौके पर अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद जनपद चित्रकूट के अध्यक्ष बादल पयासी, सवर्ण आर्मी के प्रदेश महासचिव विजय शुक्ला, भारत


बिल के विरोध में प्रदर्शन करते युवा। अमृत विचार

- प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति के नाम डीएम को सौंपा ज्ञापन

सवर्ण आर्मी के संदीप द्विवेदी, करणी सेना के राजा सिंह परिहार, विश्व हिंदू महा संघ के प्रियांशु गौतम, विनय मिश्रा जिलाध्यक्ष सवर्ण आर्मी, वीरेंद्र पांडेय, सुरेंद्र द्विवेदी, विनीता द्विवेदी, गायत्री पांडेय जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद महिला प्रकोष्ठ, अरुण मिश्रा (जिला महामंत्री) विपुल मिश्रा, गणेश मिश्रा, पंकज शुक्ला, पंकज तिवारी, शैलेंद्र पांडेय, अरविंद पाण्डेय, राकेश केशरवानी, अभेष मिश्रा, नवनीत प्रधान, रज्जन द्विवेदी, अरुण सिंह बघेल, रवि सिंह बघेल, हर्षवर्धन सिंह, अखिलेश पांडेय पूर्व प्रधान, बिल्लू विधायक, कुलदीप उपाध्याय, अन्नू शुक्ला, विपिन पांडेय, विपिन तिवारी, अवनीश पांडेय, घनश्याम द्विवेदी, श्याम बाबू पयासी, मनोज पाण्डेय चकौंध, अशोक पांडेय, शिव करवरिया, जितेंद्र शुक्ला, राजू गुप्ता, विमल केशरवानी, आशीष श्रीवास्तव, गांगुली महराज, सोनू गर्ग, राजकुमार त्रिपाठी, रमाकांत पांडेय आदि मौजूद रहे। संचालन बाराती लाल पांडेय ने किया।


खेत में मिली बच्ची को दुलराते लोग। अमृत विचार

# चने के खेत में पड़ी मिली नवजात बच्ची

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** चाइल्ड हेल्पलाइन को 29 जनवरी को हेल्पलाइन 1098 पर सूचना मिली कि ग्राम ओरा निवासी शत्रुघ्न को एक चने के खेत में नवजात बच्ची पड़ी मिली है। चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रभारी विशेष कुमार त्रिपाठी ने इसकी सूचना डीपीओ प्रगति गुप्ता को दी। डीपीओ के निर्देश पर तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन के परियोजना समन्वयक विशेष त्रिपाठी, सुपरवाइजर दीपक रैकवार, केस वर्कर अंजली शुक्ला मौके पर पहुंची। बच्ची को कोतवाली ले जाया गया। इसके बाद टीम ने बच्ची को सीएचसी में दिखाया। बच्ची को सीडब्लूसी के आदेशानुसार जिला चिकित्सालय में स्वस्थ होने तक के लिए रखा गया।

## यूजीसी संशोधन कानून के विरोध में किया प्रदर्शन




**मऊ (चित्रकूट)।** यूजीसी संशोधन कानून के विरोध में शनिवार को नगर में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया गया। रामलीला मैदान में एकत्रित होकर प्रदर्शनकारियों ने मांगों का ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व ब्राह्मण महासभा से राजभूषण द्विवेदी, सवर्ण आर्मी भारत से संदीप द्विवेदी तथा विश्व हिंदू परिषद से मुकेश बाजपेई ने किया। प्रदर्शन में अंकित शुक्ला, एडवोकेट अजय द्विवेदी, शिवांश केसरवानी, अनूप शुक्ला, अमानत त्रिपाठी, जयप्रकाश त्रिपाठी, बालाजी, धनंजय शुक्ला उर्फ राजा, प्रकाश शुक्ला, श्रेयांश उर्फ बेटू बाजपेई, महाशय द्विवेदी एवं विकास द्विवेदी, विपुल पांडेय, युवा नेता अर्चित शुक्ला सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता रहे। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। एसडीएम रामऋषि रमन ने आश्वासन दिया कि ज्ञापन को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। अमृत विचार

# रामायण मेले में स्टाल लगाने का शुल्क निर्धारित करें

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने राष्ट्रीय रामायण मेला के आयोजन के संबंध में समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। कार्यकारी अध्यक्ष के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी को मेले में स्टाल लगाने का स्थान चिह्नित करने और उचित शुल्क निर्धारित करने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय रामायण मेला 15 फरवरी से 19 फरवरी तक होगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने मेला व्यवस्थापन के संबंध में बताया। डीएम ने ईओ को मेला परिसर की समुचित सफाई रखने के निर्देश दिए। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा को निर्देशित किया गया कि मेले में फूड स्टाल पर खाद्य पदार्थों का नियमित परीक्षण किया जाए।

- डीएम ने मेला समिति के पदाधिकारियों के साथ की बैठक




विद्युत विभाग को मेले के दौरान विद्युत कटौती न करने, प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय को पूर्व के वर्षों से उच्च स्तर की लाइटिंग की व्यवस्था करने, सीएमओ को एंबुलेंस और चिकित्सक टीम उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डीएम ने समिति के पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक प्रति पुलिस विभाग को भी उपलब्ध करा दी जाए। पदाधिकारियों की मांग पर अतिरिक्त पुलिस व्यवस्था के लिए भी निर्देश दिए।

# जलदूत बच्चों ने साझा किए जल संरक्षण के अपने अनुभव

संवाददाता, रामनगर चित्रकूट

**अमृत विचार।** अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) आशीष कुमार भारती के नेतृत्व और बेसिक शिक्षा विभाग के सहयोग से जल जीवन मिशन योजना में सेक्टर पार्टनर यूनाप्स ने बीआरसी सभागार में जल अड्डा गतिविधि का आयोजन किया। इसमें जलदूत बच्चों ने जल संरक्षण से जुड़े अनुभव साझा किये।

गौरतलब है कि यूनाप्स ने खजुरिहा कलां, रामपुर, देऊंधा, खोर, रामनगर, महुलिया, हनुमानगंज, नादिन कुर्मियान, छीबों, हन्ना बिनैका के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा विभाग के सहयोग से चयनित बच्चों को जलदूत बनने के लिए प्रशिक्षित किया था।



कार्यक्रम में अपने अनुभव बताते बच्चे और उनसे बात करते अधिकारी। अमृत विचार

एक्सईएन ने कहा कि कक्षा आठ के छात्र उस उम्र में होते हैं, जहां वे न केवल सीखने के लिए उत्सुक होते हैं बल्कि अपने आसपास के समाज को भी प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। इसलिए इन बच्चों को जल जीवन मिशन का महत्व समझने, स्कूल और समुदाय में जल से जुड़े अभियानों का नेतृत्व करने, जल संरक्षण के सरल उपायों को अपनाने, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षक बनने, स्वच्छता अपनाने जैसे अन्य बिंदुओं पर प्रशिक्षित किया गया था। जिला सलाहकार विद्यासागर गुप्ता ने बताया कि गतिविधि में उपरोक्त सभी विद्यालयों से एक-एक शिक्षक के साथ जलदूत बच्चों के साथ जल संरक्षण पर चर्चा की गई।

# एसडीएम ने विद्यार्थियों से भरवाये फार्म छह

**मऊ (चित्रकूट)।** शनिवार को महामति प्राण नाथ डिग्री कालेज में एसआईआर संबंधी विशेष कार्यक्रम हुआ। इसमें उप जिलाधिकारी रामऋषि रमन ने 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं से फार्म 06 भरवाए और उन्हें मतदाता पंजीकरण के महत्व के बारे में जागरूक किया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी अपने बूथ लेवल एजेंटों के माध्यम से फार्म 6, 7 और 8 भराकर उपलब्ध कराए। लोगों को यह भी बताया गया कि कोई भी व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस पर अपने बीएलओ से संपर्क कर फार्म 6 भर सकता है, मतदाता पहचानपत्र में किसी भी त्रुटि को सुधारने के लिए फार्म 8 का उपयोग किया जा सकता है।


विद्यार्थियों को जानकारी देते एसडीएम रामऋषि रमन। अमृत विचार


## अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

पहले मेरा नाम RAJU था अब मैने बदलकर अपना नाम RAJU AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे RAJU AHMAD के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O, KALLU R/O, VILL SHAHABAD POST JARGAWAN BARABANKI 225416

**सूचना**

मैं शिव शंकर पांडे पुत्र नानमून पांडे निवासी ग्राम जानकी नगर तहसील व जिला गोंडा अपने छोटे पुत्र सुरेंद्र उर्फ रामू पांडे के क्रियाकलापों से त्रस्त होकर अपने समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। अब मेरे पुत्र सुरेंद्र उर्फ रामू द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन के लिए मैं वह मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे डाकघर बांगरमऊ से जारी राष्ट्रीय बचत पत्र संख्या – 06 Ma 491823 में मेरा नाम लखन तिवारी अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड व केवाईसी आदि दस्तावेजों में मेरा नाम तेजस्व तिवारी दर्ज है। तेजस्व तिवारी और लखन तिवारी दोनों मेरे ही नाम हैं। मुझे उपरोक्त दोनों नामों से जाना व पहचाना जाए। तेजस्व तिवारी पुत्र वरुण तिवारी निवासी मोहल्ला –गांधी नगर कस्बा – फतेहपुर चौरासी, जिला – उन्नाव

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम आशीष कुमार कश्यप पुत्र छोटे लाल कश्यप है जो मेरे शैक्षिक अभिलेख में अंकित है त्रुटिवश मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स मे मेरा नाम आशीष कुमार पुत्र छोटे लाल अंकित हो गया है जो कि गलत है भविष्य मे मुझको मेरे सही नाम आशीष कुमार कश्यप पुत्र छोटे लाल कश्यप के नाम से जाना व पहचाना जाये। आशीष कुमार कश्यप पुत्र छोटे लाल कश्यप निवासी मकान नम्बर 8/286. सीताराम कालोनी, शुक्लागंज जिला उन्नाव–209861

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे सुपुत्र लक्ष्य तिवारी (LAKSHYA TIWARI). के आधार संख्या 62673965777 में उसका नाम काव्य तिवारी दर्ज हो गया है। जबकि उसका वास्तविक नाम लक्ष्य तिवारी है। अब भविष्य में उसे लक्ष्य तिवारी (LAKSHYA TIWARI) के नाम से जाना–पहचाना व पुकारा जाए। एतद द्वारा मैं घोषित करता हूं कि उपरोक्त के संदर्भ में सभी औपचारिकताएं मेरे पास पूर्ण कर ली गई हैं। विवेक तिवारी, 544/1343 एकता नगर कैम्पबेल रोड़ बालागंज, लखनऊ

**सूचना**

सूचित हो कि विवाह के बाद मेरा नाम आंचल अग्रवाल हो गया था। किंतु अब विवाह विच्छेद के पश्चात अब मैने अपना नाम पुन: आंचल यादव कर लिया है। अब भविष्य में मुझे आंचल यादव पुत्री सुभाष कुमार यादव निवासिनी एस एस –2 डी –1 1429, कानपुर रोड , एल0डी0ए0 व एव कॉलोनी लखनऊ के नाम से जाना पहचाना जाए।

**सूचना**

मैं आंचल यादव पुत्री सुभाष कुमार यादव निवासिनी एस एस –2 डी –1 1429, कानपुर रोड , एल0 डी0ए0 कॉलोनी लखनऊ में मैने अपनी पुत्री का नाम पंखुड़ी से बदल कर कीर्ति कर लिया है। अब से उसे कीर्ति के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरे पिता मनोज कुमार सिंह ने दिनांक 28.07.2008 को मेरे नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम में पालिसी सं 218327611 कराई थी, पालिसी में मेरा नाम ANIVERSH SINGH लिखा गया था, जन्मतिथि 06.10.2007 था। पिता की मृत्यु के बाद मैंने अपना नाम बदलकर HARSH VARDHAN SINGH VISEN तथा जन्मतिथि 05–10.2007 कर दिया। यही नाम बैंक खाता, आधार व मार्कशीट में दर्ज हैं, पालिसी में हर्षवर्धन सिंह विसेन कर दिया जाए।


**समस्या** बद से बदतर हालत में है बरद्वारा गांव की मुख्य सड़क, जिम्मेदारों ने साध रखी है चुप्पी

# सड़क पर भरा गंदा पानी बीमारियों को दे रहा दावत

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** विकास के तमाम दावे, वादे हकीकत की दहलीज पर आकर दम तोड़ देते हैं। विकासखंड पहाड़ी के कई गांव-मजरों में हालत इतनी बदतर है कि सोचने को विवश होना पड़ता है कि लोग रहते कैसे होंगे।

ग्राम पंचायत बरद्वारा की मुख्य सड़क आज लापरवाही की जीती-जागती मिसाल बन चुकी है। सड़क पर हर कदम पर फैला कीचड़, गहरे गड्ढों में भरा पानी और बदबू मारती गंदगी से गांव में संक्रामक बीमारी की स्थितियां बन रही हैं। लोगों का कहना है कि ग्राम पंचायत बरद्वारा में सड़क कम, दलदल ज्यादा नजर आता है। बरसात खत्म हुए कई महीने बीत गए लेकिन हालात जस के तस हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि सड़क के किनारे पशुओं का आवागमन, कीचड़ और पानी का जमाव संक्रमण और बीमारियों को खुला न्योता दे रहा है। गांव में गंदगी के चलते बच्चों के बीमार पड़ने की आशंका भी लगातार बनी हुई है। ग्रामीण ने कहा कि इस जन समस्या का निदान नहीं होता है तो मजबूर होकर तहसील ब्लाक में आंदोलन किया जाएगा।


यह हाल है बरद्वारा गांव की सड़क का। अमृत विचार

- ग्रामीणों ने कहा, जल्द समाधान न हुआ तो करेंगे आंदोलनल

### बच्चों व बुजुर्गों का निकलना चुनौती : बालकृष्ण



गांव के समाजसेवी बालकृष्ण ने बताया कि पैदल चलना जोखिम भरा हो चुका है, दोपहिया वाहन फिसल रहे हैं और स्कूली बच्चों व बुजुर्गों का निकलना चुनौती से कम नहीं। गांव में आए दिन लोग गिरकर चुटहिल हो रहे हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारी, जनप्रतिनिधि आंख मूंदे बैठे हैं।

### न नाली बनी और न ही सड़क की मरम्मत हुई : कुलदीप



गांव के कुलदीप सिंह का कहना है कि यह सड़क ग्राम पंचायत की मुख्य सड़क है, जिससे रोजाना सैकड़ों लोग गुजरते हैं। इसके बाद भी न नाली निर्माण कराया गया, न ही सड़क की मरम्मत और सफाई कराई गई। सफाई कर्मी हाजिरी रजिस्टर में हस्ताक्षर बनाकर चला जाता है।

### विकास के धन का हो रहा बंदरबांट : गणेश दत्त मिश्रा



युवा गणेश दत्त मिश्रा ने आरोप लगाया कि गांव समस्याओं से जूझ रहा है और धन का बंदरबांट बड़ी चालाकी से किया जा रहा है। कई बार गांव की गलियों, सड़कों के विषय में अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन समस्या का निराकरण नहीं कराया गया।

## मनगवां में हुआ हिंदू सम्मेलन

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के 100 वर्ष पूरे करने के उपलक्ष्य में किहुनियां के मनगवां ग्रामसभा मैदान में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें अखिल भारतीय सहसेवा प्रमुख राजकुमार मटाले, गायत्री शक्तिपीठ के डा. रामनारायण त्रिपाठी, समाजसेवी गोपाल भाई ने विचार रखे। कार्यक्रम में प्रांत कार्यवाह रामकेश, प्रांत सेवा प्रमुख हमीर सिंह, विभाग कार्यवाह संजय, जिला कार्यवाह अतुल, जिला प्रचारक लोकेंद्र, जिला सेवा प्रमुख राजसिंह, जिला संघचालक रामाधार, खंड कार्यवाह अखिलेश, सह खंड कार्यवाह अंकित और मंडल कार्यवाह मलखान आदि मौजूद रहे। संचालन देव शुक्ल और कार्यक्रम की रूपरेखा कृष्णगोपाल ने बताई।

# अमृत विचार
रविवार, 1 फरवरी 2026




जो कुझ साडे अंदर वस्से
ज़ात असाडी सोई
जिस दे नाल मैं न्योंह
लगाया ओही जैसी होई

बुल्ले शाह कहते हैं, जो हमारे अंदर बस रहा है, अब तो वही हमारी जात है। अब तो हालत यह है कि जिसके साथ हमने प्रेम किया है, हम उसी जैसे हो गए हैं।



# वर्तमान हमारे अतीत का ही विस्तार है

> भारत में 'इतिहास के इतिहास' पर बहसें चलती हैं। यूरोपीय विद्वान भारत पर इतिहास की उपेक्षा का आरोप लगाते हैं। मैक्समूलर ने लिखा, 'हिंदू दार्शनिकों की एक जाति थी। उनका संघर्ष विचारों का संघर्ष था। उनका अतीत सृष्टि की समस्या थी, उनका भविष्य अस्तित्व का प्रश्न था। यह कहना सही है कि विश्व के राजनीतिक इतिहास में भारत का कोई स्थान नहीं है।' मैक्समूलर को वैदिक और पौराणिक सहित प्राचीन इतिहास में राज्यव्यवस्था नहीं दिखाई पड़ती।

गांधी जी जीवित होते तो आज 156 साल के होते। दो दिन पहले उनकी पुण्यतिथि थी। वे बहुत गहराई से याद किए गए। उन्होंने विश्व इतिहास में हस्तक्षेप किया और काल की अखंड सत्ता को प्रभावित किया। काल है भी अखंड सत्ता। सारी घटनाएं समय के भीतर होती हैं। अथर्ववेद (19.53-54) में भृगु कहते हैं, 'काल-अश्व विश्व-रथ का संवाहक है। काल ही पिता है, वही आगे पुत्र होता है। काल में प्राण हैं, मन हैं, सारे नाम हैं, काल की अनुकूलता ही आनंद है। काल स्वयंभू है। काल के द्वारा ही भूत और भविष्य पैदा हुए हैं आदि आदि।' समय पकड़ में नहीं आता। घटनाएं घटती हैं, घटना अतीत है। अतीत की घटनाओं का यथातथ्य संकलन इतिहास है। प्राचीन राष्ट्र की घटनाएं करोड़ों की संख्या में होती हैं।

भारत ऐसा ही राष्ट्र है। मूलभूत प्रश्न है कि घटनाओं के संकलन में संकलनकर्ता की रुचि क्या है? रुचि क्यों है? कुछेक विद्वान युद्ध प्रिय होते हैं, वे युद्धों का इतिवृत्त संकलित करते हैं। कुछ विद्वान प्रकृति प्रेमी होते हैं, वे प्राकृतिक परिवर्तनों के संकलन को इतिवृत्त का विषय बनाते हैं। मार्क्सवाद सोच के विद्वान उत्पादन पद्धति की विवरणी का संकलन करते हैं। इतिहास अतीत का दर्पण होता है, लेकिन इतिहास लेखन या संकलन की कोई भी शैली प्राचीन समाज या राष्ट्र का संपूर्ण विवरण नहीं हो सकती। जैसे समुद्री लहरों की गणना असंभव होती है, वैसे ही इतिहास संकलन का काम भी बड़ा जटिल है, इसलिए इतिहास का रूप स्वरूप और इतिहास खोजना बहुत कठिन काम है।

भारत में 'इतिहास के इतिहास' पर बहसें चलती हैं। यूरोपीय विद्वान भारत पर इतिहास की उपेक्षा का आरोप लगाते हैं। मैक्समूलर ने लिखा, 'हिंदू दार्शनिकों की एक जाति थी। उनका संघर्ष विचारों का संघर्ष था। उनका अतीत सृष्टि की समस्या थी, उनका भविष्य अस्तित्व का प्रश्न था। यह कहना सही है कि विश्व के राजनीतिक इतिहास में भारत का कोई स्थान नहीं है।' मैक्समूलर को वैदिक और पौराणिक सहित प्राचीन इतिहास में राज्य व्यवस्था नहीं दिखाई पड़ती। एलफिंसटन को सिकंदर के हमले के पूर्व किसी भी घटना का निश्चित समय नहीं दिखाई पड़ता। उन्होंने 1839 में लिखा, 'भारतीय इतिहास में सिकंदर के आक्रमण के पूर्व किसी सार्वजनिक घटना की तिथि निश्चित नहीं की जा सकती है।' विटरनिट्ज यहां काव्य, नायकत्व और इतिहास का घालमेल देखते हैं। अलबरूनी के आरोप ज्यादा सख्त है कि 'हिंदू चीजों (घटनाओं) के ऐतिहासिक क्रम पर अधिक ध्यान नहीं देते। वे अपने सम्राटों के काल क्रमानुसार उत्तराधिकार के वर्णन में लापरवाह हैं।'



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

गांधीजी को यह सब खासा बुरा लगा था। राष्ट्रबोध की वास्तविक शर्त सच्चा इतिहास बोध है। गणित, ज्योतिष, चिकित्सा आदि के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियां विश्वख्यात थीं। भारत ने इतिहास संकलन की अपनी विशेष परंपरा विकसित की थी, लेकिन यूरोपीय तर्ज के इतिहासविद् भारत को इतिहासविहीन बता रहे हैं। गांधी जी राजाओं के विवरण को सच्चा इतिहास नहीं मानते थे। उन्होंने हिंद स्वराज में लिखा, 'इतिहास जिस अंग्रेजी शब्द (हिस्ट्री) का तरजुमा है और जिस शब्द का अर्थ बादशाहों या राजाओं की तवारीख होता है। हिस्ट्री में दुनिया के कोलाहल की ही कहानी मिलेगी। राजा लोग कैसे खेलते थे? कैसे खून करते थे? कैसे बैर करते थे, यह सब हिस्ट्री में मिलता है।' गांधी जी ने यूरोपीय इतिहास की अंतर्वस्तु को ठीक ही सिर्फ खूनखराबे का संग्रह बताया है।

अतीत और वर्तमान दो नहीं हैं, वर्तमान अतीत का ही विस्तार है। अतीत निर्जीव सत्ता नहीं है, वर्तमान बीते प्राणवान समय का ही चेहरा है, इसलिए पुराने समय के पर्वत, वन उपवन, पशु, पक्षी और ग्रहदशा तथा गीत, नृत्य भी वर्तमान काल में किसी न किसी रूप में मौजूद रहते ही हैं। इतिहास और वर्तमान का संबंध अविच्छिन्न है। इतिहास में मनुष्य के कर्म अनुभव होते हैं। भूलें चूकें और जय पराजय होती हैं। मनुष्य उनसे सीखता है।

वर्तमान की वस्तुनिष्ठ व्याख्या का उपकरण भी इतिहास ही है। इतिहास मनुष्य जीवन की प्रयोगशाला है। समाज इसी प्रयोगशाला के निष्कर्षों के अनुसार सही, गलत, करणीय या अकरणीय और अनुकरणीय कार्यों विचारों की सूची बनाता है, इसलिए इतिहास संकलन का काम वैज्ञानिक जैसा है, लेकिन दोनों के लक्ष्य में आधारभूत अंतर हैं। विज्ञान प्रकृति का विश्लेषण करता है, उसके निष्कर्ष अंतिम नहीं होते। प्रकृति विराट है, यहां अनंत रहस्य हैं। विज्ञान द्वारा जाना गया कोई भी तथ्य संपूर्ण या अंतिम सत्य नहीं होता। इतिहास 'हो चुके' का विवरण है। अतीत में अब कुछ भी नया होने की संभावना नहीं है, जो हो गया, उसी का तथ्यगत संकलन इतिहास है।

गांधी जी इतिहास निर्माता थे, लेकिन स्वयं एक अच्छे इतिहास लेखक भी थे। अनेक विद्वानों ने गांधी जी की लिखी 'दक्षिण अफ्रीका के सत्याग्रह का इतिहास' पुस्तक की प्रशंसा की है। गांधी जी की इस किताब का पहला अध्याय है 'भूगोल'। इतिहास की घटनाएं एक खास भूक्षेत्र पर घटित होती हैं। भूक्षेत्र का रूप-स्वरूप स्थायी नहीं रहता। उत्पादन के साधनों में भी परिवर्तन होते हैं, इसलिए इतिहास के सम्यक् अध्ययन में भूगोल की महत्ता है। वैदिक कवि भी अपने परिवेश, नदियों, पर्वतों का दिल खोल कर वर्णन करते थे। साथ में तत्कालीन अर्थव्यवस्था का काव्य बिम्ब भी खींचते थे।

गांधी जी ने भी दक्षिण अफ्रीका के तत्कालीन अर्थतंत्र का वर्णन किया- दक्षिण अफ्रीका के गाय और बैल हिंदुस्तान के गाय-बैलों से से अधिक बड़े और मजबूत होते हैं।' दक्षिण अफ्रीका में अंगूर हैं, अन्य मीठे फल हैं। आम भी है, लेकिन गांधी जी के अनुसार आमों की गुठलियां हिंदुस्तानी ही ले गए थे। गांधी जी ने इतिहास लेखन में भाषा को भी प्रमुख स्थान दिया है। मार्क्सवादी चिंतक डॉ. रामविलास शर्मा ने याद दिलाया है 'जो लोग नस्लवादी दृष्टि से इतिहास लिखते हैं, उनके लिए अफ्रीका का इतिहास काले आदमियों का इतिहास है। गांधी जी का दृष्टिकोण इससे भिन्न है। वह काले आदमियों में उनकी भाषाओं और जातियों की पहचान करते हैं।'

अध्ययन के सभी विषयानुशासन मनुष्य के गढ़े हैं, मनुष्य के लिए हैं। वृहत्तर मानवता का लोकमंगल ही सभी विषयों के ज्ञान का लक्ष्य है। इतिहास में लोकमंगल साधने का कर्मयोग और व्यवहार शास्त्र पसरा हुआ है। स्वाभाविक ही इतिहास लेखन, संकलन और अध्ययन का कार्य लोकमंगल के लक्ष्य से जुड़ा होना चाहिए। मूलभूत प्रश्न यह है कि भारतीय उपमहाद्वीप की इतिहास देखने की प्राचीन दृष्टि क्या थी? क्या मिथकीय ही थी? क्या तथ्यों को झुठलाने की लत थी? क्या महाकाव्यों पुराणों और उसके भी पहले रचे गए वैदिक साहित्य के नायक काल्पनिक ही हैं? पूर्वजों की ऐसी ही इतिहास दृष्टि क्यों थी?

आधुनिक इतिहासकारों का एक वर्ग इतिहास में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को सही और जरूरी मानता है। इस दृष्टिकोण से वैदिक साहित्य-इतिहास में क्या खामियां हैं? क्या मार्क्सवाद इतिहास लेखन ही वैज्ञानिक है? इस तरह तो कार्ल मार्क्स के पहले का समूचा इतिहास लेखन अवैज्ञानिक होगा? ऐसी प्रश्नावली बड़ी हो सकती है। मसलन क्या पुरातात्विक साक्ष्य ही प्रमाण है? शब्द अनुभूति श्रुति स्मृति क्यों बकवास हैं? उसी कालखंड का प्रेमपूर्ण समाज क्यों महत्वपूर्ण नहीं है?

# क्या टूटी सड़कें ही गांव से गुजरेंगी!

हर गांव की सांसें उसके रास्तों से जुड़ी होती हैं। यह रास्ते केवल मिट्टी और पत्थरों का बंधा हुआ मार्ग नहीं होते, बल्कि उससे गुजरने वाले हजारों लोगों के जीवन की धड़कन होते हैं। वे उनकी दिन-प्रतिदिन की मुश्किलों और भविष्य की उम्मीद का मिश्रण होते हैं। बात जब गांव की सड़कों विशेषकर उत्तराखंड जैसे पहाड़ी इलाकों के ग्रामीण क्षेत्रों की होती है, तो इसका महत्व और भी बढ़ जाता है।

गांव के लोग कहते हैं कि उनकी आवाज नीति निर्धारकों तक पहुंच नहीं पाती, जिसके कारण वह अपने क्षेत्र को बेहतर बनाने की दौड़ में पीछे छूट जाते हैं। उनके प्रयासों का परिणाम केवल टूटी राहों के रूप में मिलता है, न कि बेहतर जीवन की रूपरेखा के रूप में। रेत तथा पत्थरों से ढंकी इन ऊंची-नीची धूल भरी सड़कों ने गांव के लोगों के दैनिक जीवन को कठिन बना दिया है। घरों से बुजुर्ग, युवा और बच्चे प्रत्येक दिन उसी दर्द को झेलते हैं, जिसमें सड़कें अक्सर गड्ढों से भरी रहती हैं। हर साल बारिश के मौसम में यह दिक्कत और भी बढ़ जाती है। कई बार इन मार्गों पर से होकर गुजरना इतना खतरे भरा हो जाता है कि लोग अस्पताल पहुंचने में देरी का सामना करते हैं, ज़िंदगी से जूझते हुए घर लौटते हैं, या बुनियादी चीज़ों तक नहीं पहुंच पाते।



आंचल
एक्टिविस्ट

उत्तराखंड का भौगोलिक स्वरूप पहाड़ों, घाटियों और संकरी दरारों से बना है। ऐसे में सड़कें हर गांव को जोड़ने की एक जीवनदायिनी कड़ी होती हैं, लेकिन इन कड़ियों की मजबूती रोज़मर्रा की आवश्यकता बनती जा रही है, उसी तरह लोगों को अपने घर से शहर तक पहुंचने, इलाज कराने, बच्चों को स्कूल भेजने और रोजगार के साधन खोजने की अपेक्षा बढ़ती जा रही है। गांव की सड़कों पर अधूरे काम, गड्ढों और कमजोर निर्माण के कारण यह कड़ी अक्सर टूटती नजर आती है। जहां सरकार की योजनाओं के तहत कई परियोजनाएं उत्तराखंड में ग्रामीण मार्गों को जोड़ने और सुधारने के लिए चल रही हैं, वहां हकीकत और लोगों की दास्तान अक्सर विपरीत रहती है।

> उत्तराखंड का भौगोलिक स्वरूप पहाड़ों, घाटियों और संकरी दरारों से बना है। ऐसे में सड़कें हर गांव को जोड़ने की एक जीवनदायिनी कड़ी होती हैं। लोगों को अपने घर से शहर तक पहुंचने, इलाज कराने, बच्चों को स्कूल भेजने और रोजगार के साधन खोजने की अपेक्षा बढ़ती जा रही है।

वर्ष 2025 में भारी बारिश से 166 ग्रामीण सड़कें बंद हो गईं थीं और कई पुल क्षतिग्रस्त हो गए थे। इससे ग्रामीण जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। इस तरह की कठिन परिस्थितियों के चलते गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचना एक बड़ा सवाल बन जाता है। अस्पताल जाने के लिए कई किमी ऊबड़-खाबड़ रास्तों को पार करना पड़ता है, जिससे संभावित जीवन-संघर्ष और तनाव का सामना करना पड़ता है। उत्तराखंड में अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी ही परिस्थितियां देखने को मिलती हैं, जहां कठिन रास्तों ने लोगों की उम्मीदों को पहाड़ों की तरह खड़ा कर दिया है। जो लोग रोज़मर्रा की इन राहों पर चलते हैं, उनकी आवाज़ की यही पुकार है कि इन मार्गों को स्थाई और मजबूत बनाया जाए, ताकि जीवन की कठिनाइयां कम हों और वे अपने सपनों की ओर बिना किसी अतिरिक्त बोझ के बढ़ सकें।

# संत रविदास के वचन और इतिहास

संतों महात्माओं का जीवन चरित्र अक्सर रहस्यमय बनकर रह जाता है। संत रविदास के बारे में भी यही बात लागू होती है। रविदास जी के जीवन के संबंध में जो भी थोड़ी सी जानकारी प्राप्त होती है, उसके अग्रसारित तीन प्रकार हैं। 1-रविदास जी की अपनी वाणी, जिसमें जगह-जगह प्रसंगवश उनके जीवन से संबंधित कुछ घटनाओं का संकेत है। 2- उनके समकालीन संतों व भक्तों की रचनाएं, जिनमें रविदास जी के बारे में थोड़ा बहुत उल्लेख पाया जाता है। 3- कुछ प्रमुख ऐतिहासिक व्यक्ति, जिनसे रविदास जी का संबंध माना जाता है।

रविदास जी की वाणी का प्राचीनतम संग्रह आदि ग्रंथ में मिलता है, जिसमें अनेक जाति व धर्म के संतों की बातें संकलित हैं। इसका संकलन गुरु अर्जुन देव महाराज ने किया था। यह ग्रंथ 1640 ईस्वी में संपूर्ण हुआ था। इसमें रविदास जी के 40 पद हैं। इनमें से 22 पद कुछ परिवर्तन के साथ रविदास वाणी की अन्य पांडुलिपियों में भी मिलते हैं। इन पांडुलिपियों के आधार पर संत गुरु रविदास वाणी नामक पुस्तक डॉ. बीडी प्रसाद शर्मा ने संवत 2035 में प्रकाशित की है, जिसमें 177 पद और 41 सखियां संग्रित हैं। आचार्य पृथ्वी सिंह आजाद द्वारा लिखित पुस्तक रविदास दर्शन 1973 ईस्वी में प्रकाशित है। इसी प्रकार रविदास जी के समकालीन संत कबीर और गुरु नानक को बोलियों का प्रमाण रविदास जी का जीवन काल निर्धारण करने में विशेष महत्व रखता है।



करन सिंह मौर्य
वरिष्ठ पत्रकार

जहां तक ऐतिहासिक प्रमाणों का संबंध है, संत रविदास और संत कबीर दोनों ही अपनी-अपनी वाणी में एक-दूसरे का वर्णन करते हैं। एक अन्य घटना जो रविदास जी के जन्म और मृत्यु काल को निश्चित करने में सहायक हो सकती है, वह मीरा बाई का उनसे दीक्षा लेना। आचार्य पृथ्वी सिंह आजाद के अनुसार, रविदास जी का जन्म विक्रमी संवत 1433 (1373 ईस्वी) में माघ शुक्ल पूर्णिमा दिन रविवार को हुआ। गुरु रविदास जी के जन्म के संबंध में संत करम सिंह लिखित एक दोहा प्रचलित है-चौदह सौ तैंतीस की माघ सुदी पंदरास। दुखियों के कल्याण हित प्रगति स्री रविदास।

रविदास जी की मृत्यु के बारे में एक अन्य दोहा प्रचलित है, जिससे यह सिद्ध होता है कि रविदास जी की मृत्यु 1527 ईस्वी में चित्तौड़ में हुई थी। पंद्रह सौ चउअसी भई चित्तौड़ मंह भीर। जर-जर देह कंचन भई, रवि-रवि मिल्यो शरीर। इस आधार पर रविदास जी की उम्र 151 वर्ष बनती है। इस पर आचार्य पृथ्वी सिंह आजाद का कहना है कि रविदास जैसे परम योगी आचार्य वन सात्विक वृत्ति वाले सद्गृहस्थ के लिए इतनी लंबी आयु भोगना कोई असंभव बात नहीं है।

बेणी प्रसाद शर्मा और धर्मपाल मैनी ने रविदास की मृत्यु को उक्त तिथि को स्वीकार करते हुए जन्म काल 1399 ई. मानकर उनका जीवन काल 128 वर्ष माना है। महात्मा चरण दास कुरील ने रविदास का जन्म काल 1414 ई. माना है। उन्होंने यह दिखाया है कि माघ शुक्ल पूर्णमा तिथि को रविवार पड़ता है, इसी कारण रविदास नाम दिया जाना संभव प्रतीत होता है। ज्ञानी बरकत सिंह आनंद तथा दर्शन सिंह ने भी इसका समर्थन किया है।

# बजट: ट्रंप टैरिफ के काउंटर की उम्मीदें

> यह ट्रंप टैरिफ के प्रभावी होने के बाद का पहला बजट है, ऐसे में बजट में एक और टैरिफ को काउंटर करने की नीति और दूसरी ओर आर्थिक विकास की गति जारी रखने वाले कदमों के मद्देनजर लिए गए सुधारों की गति बरकरार रखने की आवश्यकता होगी।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को बजट में आर्थिक विकास की गति बनाए रखने की चुनौती होगी, क्योंकि यह ट्रंप टैरिफ के प्रभावी होने के बाद का पहला बजट है। ऐसे में टैरिफ को काउंटर करने की नीति और दूसरी ओर आर्थिक विकास की गति बरकरार रखने की आवश्यकता होगी, जिसमें मुख्य रूप से विनिर्माण, तकनीकी-नवाचार, रोजगार सृजन, ढांचागत अवसंरचना, युवा-महिला कल्याण, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं का विस्तार के साथ ही गांव-किसान का कल्याण शामिल है।

भारत के आर्थिक सुधारों के अभियान को बीती 27 जनवरी, को भारत और यूरोपीय संघ के 27 देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते से बड़ी गति मिलने की उम्मीद है। यह न सिर्फ व्यापारिक बल्कि रणनीतिक दृष्टि से भी एक बहुत बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच एफटीए के लिए बातचीत का सिलसिला 20 वर्ष पुराना है। 2007 में शुरू हुई यह बातचीत 2026 के जनवरी माह में अंजाम पर पहुंची। भारत के लिए यह समझौता हर दृष्टि से महत्वपूर्ण है।



प्रो. एचसी पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

यूरोपीय संघ और भारत मिलकर विश्व की जीडीपी का लगभग एक चौथाई हिस्सा हैं और वैश्विक व्यापार में इनकी भागीदारी एक तिहाई के करीब है। इनकी जनसंख्या का आकार लगभग दो अरब के आसपास है। इस समझौते के बाद भारत यूरोप के विश्व बाजार तक अपने उत्पादों को पहुंचाने में सफल होगा, जिसमें मुख्य रूप से कपड़ा, चमड़ा, आभूषण व रत्न आदि लगभग शून्य शुल्क के साथ निर्यात किए जा सकेंगे। वहीं यूरोपीय संघ के 27 देशों से तकनीकी उपकरण, ऑटोमोबाइल उत्पाद, मशीनरी, रसायन इत्यादि सस्ते दामों पर भारत मेंउपलब्ध होंगे।

ट्रंप टैरिफ के बाद भारत ने पिछले वर्ष आर्थिक सुधार व ढांचागत विकास को गति देने की दिशा में कई कदम उठाए। यही कारण है कि औद्योगिक उत्पादन दर बीते दिसंबर माह में पिछले दो वर्षों के शीर्षतम स्तर पर रहा, इसका कारण ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस एवं प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव सहित दर्जनों सुधार के कदमों को समझा जा सकता है। यूरोपियन संघ के साथ यह व्यापार समझौता रोजगार के नए अवसरों को उत्पन्न करेगा, जिससे घरेलू अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी।

इस व्यापार समझौते से एमएसएमई क्षेत्र के लिए नए अवसर खुलेंगे और महिलाओं, युवाओं व पेशेवरों के लिए रोजगार उत्पन्न होगा, सेवाओं के क्षेत्र में बाजार तक पहुंच बढ़ेगी, जिसमें मुख्यतः डिजिटल सेवाओं के विस्तार को अवसर मिलेगा, भारतीय पारंपरिक चिकित्सा पद्धति से जुड़े विशेषज्ञ व प्रशिक्षकों को यूरोप के देशों में कार्य करने का मार्ग प्रशस्त होगा। इस संदर्भ में मूडीज़ रेटिंग्स का भी मानना है कि यह समझौता मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के साथ रोजगारपरक केंद्रों के निर्माण में सहायक होगा।

इस बजट में आवश्यकता है कि विनिर्माण की गति तेज करने के लिए भारत को लॉजिस्टिक और नीतिगत सुधारों की रफ्तार तेज रखने के प्रावधान करने होंगे। प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव योजना से विनिर्माण क्षेत्र को काफी गति मिली है, इसको जारी रखने की आवश्यकता है। इसके साथ ही आपूर्ति श्रृंखला का सुदृढ़ीकरण किया जाना आवश्यक है। इसके लिए श्रम शक्ति का कौशल व नवाचार क्षमता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण का प्रावधान तथा शोध व विकास कार्य को प्राथमिकता देना होगा।

महिला सशक्तिकरण, एआई, रोबोटिक्स, नवाचार के लिए अनुसंधान केंद्रों को प्रोत्साहित करना भी जरूरी है। टैरिफ वार के बीच एफटीए के माध्यम से उभरते नए बाजार-केंद्रित योजनाओं का प्रोत्साहन, डिजिटल इंडिया को केंद्र में रखते हुए डिजिटलीकरण के विस्तार पर विशेष बल देना होगा। विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना के अमल में आने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था विशेष रूप से कृषि, पशुपालन, औद्यानिकी, वानिकी, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, हस्तशिल्प और डेयरी व्यवसाय इत्यादि क्षेत्रों को गति मिलेगी।

विकसित भारत व ग्रामीण विकास की इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए बजट में विशेष ध्यान देना होगा तभी ग्राम स्वराज की स्थापना हो सकेगी और गांव में रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। कुल मिलाकर इस बजट पर आम और खास सभी वर्गों की नजर होगी, यह बजट विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करने की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

# सुनो नहरों की पुकार: जब आस्था पर्यावरण से संवाद करती है

जब हम पूजा, परंपरा और श्रद्धा की बात करते हैं, तो अक्सर भूल जाते हैं कि धर्म का मूल उद्देश्य जीवन की रक्षा है- विनाश नहीं। जल, जो जीवन का आधार है, वही यदि हमारी आस्था के नाम पर अपवित्र हो जाए, तो यह आत्ममंथन का विषय बनता है। 'सुनो नहरों की पुकार' ऐसा ही एक जनजागरण अभियान है, जो हमें हमारी ही भूलों से रूबरू कराता है और बताता है सच्ची पूजा क्या है!



डॉ. प्रियंका सौरभ
लेखिका

नहरें सिर्फ़ पानी का बहाव नहीं हैं। वे खेतों की हरियाली, पशुओं की प्यास, गांवों की संस्कृति और सभ्यता की धमनियां हैं। इन्हीं नहरों के सहारे किसान अपने खेतों में सोना उगाता है। पशु जीवन पाते हैं और ग्रामीण समाज की अर्थव्यवस्था चलती है। परंतु आज यही जीवन रेखाएं हमारी असावधानी और अंधी परंपराओं के कारण कराह रही हैं।

पूजा के बाद की सामग्री— मूर्तियाँ, फूल, कपड़े, प्लास्टिक, सिंदूर, अगरबत्ती, नारियल, यहां तक कि मृत पालतू पशु नहरों में प्रवाहित कर दिए जाते हैं। जो कर्म श्रद्धा के नाम पर किए जाते हैं, वे दरअसल प्रकृति के विरुद्ध अपराध बन चुके हैं।

इसी पीड़ा और चिंता से जन्मा 'सुनो नहरों की पुकार' अभियान। इसकी शुरुआत रोहतक में डॉ. जसमेर सिंह हुड्डा (संयोजक) और हिसार में माननीय भूपेंद्र सिंह गोदारा के प्रयासों से हुई। यह कोई एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि वर्षों की तपस्या और निरंतर जागरूकता का परिणाम है।

यह अभियान न किसी राजनीतिक लाभ के लिए है, न किसी संगठनात्मक प्रसिद्धि के लिए। इसका उद्देश्य केवल एक है- नहरों को प्रदूषण से मुक्त करना और समाज की सोच में बदलाव लाना। गुरेरा गांव की मिट्टी से उठे मास्टर भूपेंद्र गोदारा ने इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चले अनेक जागरूक साथी।

यह संकट केवल कृषि तक सीमित नहीं है। नहरों का पानी पीने वाले पशु, पक्षी और अन्य जीव रोगग्रस्त हो जाते हैं। वैज्ञानिक लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि जल प्रदूषण मानव स्वास्थ्य के लिए एक मौन आपदा बन चुका है। यदि नहरें बचेंगी तो खेत हरे-भरे रहेंगे, पशु-पक्षी सुरक्षित रहेंगे और आने वाली पीढ़ियां स्वच्छ जल का उपहार पाएंगी।

# नासिक की पहचान बदल रहा है वाइन उद्योग



प्याज, लहसुन और फूलों समेत सब्जियों के लिए ख्यात नासिक अब वाइन उद्योग को बढ़ावा देने में लगा है, लेकिन क्या यह बाजार के अलावा व्यापक समाज के लिए भी मुनासिब होगा? अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के देशों ने यही गलती तंबाकू के साथ की थी, जहां आम लोग एक किलो खाद्यान्न पर एक सिगरेट को प्राथमिकता देने लगे थे। क्या वाइन उद्योग भी नासिक इलाके में यही करेंगे?

महाराष्ट्र के नासिक ज़िले की सह्याद्रि पहाड़ियों में फैले 'वाइन यार्ड' आज एक ऐसे पर्यटन मॉडल का प्रतीक बन चुके हैं, जिसे आकर्षक शब्दों में 'वाइन टूरिज़्म' कहा जाता है। चमकदार ब्रांडिंग, दूर-दूर तक फैले अंगूर के बागान, टेस्टिंग रूम, कैफे, संगीत, खुले लॉन और फ़ोटो-स्पॉट। यह पूरा परिदृश्य किसी सामान्य पारिवारिक सैरगाह जैसा प्रतीत होता है, लेकिन इस आकर्षक दृश्य के पीछे एक चिंताजनक सामाजिक-सांस्कृतिक तथा पर्यावरणीय कहानी छिपी है, जिसे पर्यटन के उत्साह में अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है।



कुमार सिद्धार्थ
वरिष्ठ पत्रकार

पिछले दिनों हमें ऐसे ही एक यार्ड का भ्रमण करने का अवसर मिला, जिसे 'वाइन पर्यटन' का अग्रदूत माना जाता है। यहां आने वाले पर्यटक वाइन बनाने की प्रक्रिया देखने के साथ-साथ उसे चखते हैं। स्वाद लेते हैं। बोतलें खरीदते हैं और तथाकथित 'लाइफ़ स्टाइल अनुभव' का हिस्सा बनते हैं। यही मॉडल अब नासिक और आसपास के क्षेत्रों में अन्य वाइन ब्रांड्स द्वारा भी अपनाया जा रहा है। इन सभी परिसरों में शराब को केवल एक उत्पाद के रूप में नहीं, बल्कि आधुनिकता, आनंद और सामाजिक प्रतिष्ठा के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया जाता है।

यूं तो पर्यटन का उद्देश्य किसी स्थान की संस्कृति, प्रकृति, इतिहास और वहां के लोगों से जुड़ना होता है, लेकिन 'वाइन पर्यटन' का मौजूदा स्वरूप इससे अलग दिशा में जाता दिखता है। यहां स्थानीय ग्रामीण जीवन, किसानों की वास्तविक परिस्थितियां और क्षेत्र की पारंपरिक संस्कृति हाशिये पर चली जाती है। केंद्र में रहता है ब्रांड, बाज़ार और प्रदर्शन। यह ऐसा पर्यटन है, जिसमें आनंद उपभोग से तय होता है। भारतीय समाज की सामूहिकता, सादगी और संयम की परंपरा इस मॉडल से सीधे टकराती है।

नासिक को भारत की 'वाइन कैपिटल' कहा जाता है। अनुमान है कि भारत में लगभग 70–80 वाइनरी हैं, जिनमें से 60 प्रतिशत से अधिक महाराष्ट्र में हैं और इनका बड़ा हिस्सा नासिक क्षेत्र में केंद्रित है। नासिक, सांगली, सोलापुर (आकलूज) और पुणे जैसे इलाकों को मिलाकर लगभग 45–50 वाइनरी सक्रिय या अर्ध-सक्रिय मानी जाती हैं। सरकारी नीतियां, निर्यात की संभावनाएं और पर्यटन इस विस्तार को लगातार गति दे रहे हैं, लेकिन यह विस्तार केवल आर्थिक अवसर नहीं लाता; इसके साथ सामाजिक और पर्यावरणीय दबाव भी बढ़ते हैं।

भारत विश्व के प्रमुख अंगूर उत्पादक देशों में शामिल है। देश में हर वर्ष लगभग 30–32 लाख टन अंगूर का उत्पादन होता है, जिसमें 55–60 प्रतिशत हिस्सेदारी महाराष्ट्र की है। नासिक अकेले भारत के कुल अंगूर उत्पादन का लगभग एक तिहाई करीब 9–11 लाख टन पैदा करता है। यह उत्पादन लगभग 1.4–1.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फैली खेती से आता है।

वाइन परिसरों में सबसे चिंताजनक दृश्य बच्चों की निर्बाध मौजूदगी है। छोटे बच्चे अपने माता-पिता और अन्य वयस्कों को वाइन-टेस्टिंग करते, बोतलें खरीदते और शराब को उत्सव से जोड़ते देखते हैं। बचपन में देखे गए अनुभव ही मूल्यबोध की नींव रखते हैं। इस तरह शराब एक प्रकार के सांस्कृतिक प्रशिक्षण का हिस्सा बन जाती है, जिसका प्रभाव आने वाले दशकों में दिखाई देगा। यह केवल नैतिक प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व का मुद्दा है। असल सवाल यह है कि हम किस तरह का समाज गढ़ रहे हैं? क्या हम अपनी अगली पीढ़ी को यह सिखाना चाहते हैं कि आनंद, आधुनिकता और सामाजिक स्वीकृति का रास्ता मद्यपान से होकर गुजरता है?


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## न्यूज ब्रीफ

### खलिहान से ट्रैक्टर की ट्रॉली ले गए चोर

**बिवार (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के अतरार गांव के रहने वाले आनंदीलाल अहिरवार ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि हर दिन की तरह उसने अपने ट्रैक्टर की ट्रॉली को मुन्ना शुक्ला के खलिहान में खड़ी कर दिया था। शुक्रवार की रात में चोर ट्राली ले गए हैं। एसआई मो सुल्तान ने बताया कि तहरीर मिली है। चोर की तलाश कर कार्रवाई की जाएगी।

### गांजा के साथ आरोपी को दबोचा गया

**कुरारा (हमीरपुर)।** कुरारा थाना क्षेत्र के झलोखर कुरारा के बीच सैयद बाबा मजार के पास मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक शिव बहादुर ने दलबल के साथ घेराबंदी कर आरोपी के पास से 2 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया। जिसने अपना नाम पवन कुमार निवासी झलोखर बताया है।

### हाईस्कूल की छात्रा ने फंदा लगाकर दी जान

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के छिरका गांव में गणेशा निषाद की 17 वर्षीय पुत्री रेशमा ने शनिवार शाम करीब साढ़े सात बजे घर में रस्सी का फंदा बनाकर झूल गई। मां ने देखा तो वह चिल्लाई। शोर सुनकर देवर जगना पहुंचा और रस्सी काटकर सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जगना ने बताया कि भाई गणेशा सूरत में मजदूरी करता है। भतीजा राधेश्याम गांव में ही गुमटी की दुकान रखे है। रेशमा मौदहा के एक स्कूल में हाईस्कूल की छात्रा थी। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि वजह स्पष्ट नहीं है।

### नमामि गंगे योजना से नहीं लगे चार नलकूप

**बिवांर (हमीरपुर)।** कस्बे में नमामि गंगे योजना से पड़ी पाइप लाइन में अभी पुराने नलकूप से ही आपूर्ति हो रही है। कस्बे में नमामि गंगे योजना की शुरुआत करीब ढाई साल पहले हुई थी। पानी सप्लाई के लिए 4 नए नलकूपों का निर्माण होना था, अभी तक एक भी नलकूप नहीं बन पाया है। दो टंकियां बनाई गई हैं। कस्बे की आबादी करीब 25 हजार है। चौखटा, पठकाना के ऊपरी इलाकों में पानी नहीं पहुंच रहा है। बाला मोहाल में पुरानी लाइन से ही आपूर्ति की जाती है। नमामि गंगे के अमित वर्मा ने बताया कि नलकूपों के लिए जमीन का आवंटन नहीं हो पाया है। जमीन मिलने का इंतजार है।

# जिंदगी मिलेगी न दोबारा, वाहन चलाने में सावधानी बरतें

- एक माह तक चले राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन
- जिलाधिकारी ने सीटबेल्ट और हेलमेट लगाने की अपील की

कार्यालय संवाददाता, महोबा


संबोधित करतीं डीएम गजल भारद्वाज।



समापन समारोह में कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं स्कूल की छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** 1 से 31 जनवरी तक चलाए गए राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शनिवार को ज्ञानस्थलीय पब्लिक स्कूल में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने समापन किया। समापन अवसर पर स्कूली छात्राओं ने कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। सड़क सुरक्षा के कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं को जिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

सहायक संभागीय परिवहन विभाग के तत्वावधान में एक माह तक चलाए गए राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत सड़कों चौराहो और मुख्य मार्गों पर परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा वाहनों की चेकिंग करने के साथ साथ वाहन चालकों को सील्ट बेल्ट और हेलमेट लगाकर वाहन चलाने और सड़क सुरक्षा के नियमों के बावत जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ने सडक सुरक्षा नियमो की जानकारी देते हुए कहा कि 18 वर्ष से कम आयु के छात्र छात्राएं वाहन न चालाए। उन्होंने कहा कि दो पहिया वाहन हेल्मेट पहनकर ही चलाएं। विशिष्ठ अतिथि पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने कहा कि नशे की हालत में वाहन न चलाएं और वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करें। उन्होंने यातायात नियमों का पालन कर वाहन चलाने की अपील की।

कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी राहुल मिश्रा, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी दयाशंकर, बस यूनियन के अध्यक्ष राजेन्द्र सोनी, ट्रक यूनियन के अध्यक्ष अल्ताफ हुसैन, आल्हा परिषद के अध्यक्ष दाऊ तिवारी, समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी, संयुक्त व्यापार मण्डल के अध्यक्ष रामजी, समाजसेवी नेहा चंसौरिया, नियाज मोहम्मद प्राइवेट स्कूल एशोसियेशन अध्यक्ष सुबोध बिन्दुआ सहित विद्यालय के छात्र, छात्राओं और ज्ञानस्थलीय स्कूल के शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे। इस मौके पर सडक सुरक्षा जागरूकता के प्रति उपस्थित लोगों को शपथ ग्रहण कराई राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत हुए कार्यकमों में प्रतिभाग करने वाले छात्र, छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# यूजीसी के विरोध में पेंशनर्स ने सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पेंशनर्स सेवा संस्थान ने डीएम को ज्ञापन देकर जताया विरोध

**अमृत विचार।** यूजीसी के नए नियमों के विरोध में वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान ने विरोध जताते हुए राष्ट्रपति के नाम डीएम गजल भारद्वाज को ज्ञापन सौंपा। पेंशनरों ने कहा कि नए नियम उच्च शिक्षा की स्वायत्तता, सामाजिक न्याय की भावना के विपरीत हैं।

ज्ञापन में बताया कि इन नियमों से विश्वविद्यालयों की अकादमिक स्वतंत्रता प्रभावित होगी तथा सामान्य वर्ग सहित समाज के कमजोर वर्गों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर सेवा संस्थान के महामंत्री बीके तिवारी ने बताया कि संगठन ने पूर्व में भी केंद्र सरकार एवं संबंधित मंत्रालय को ज्ञापन भेजे गए, लेकिन अब तक कोई सार्थक समाधान नहीं निकला है। इसी क्रम में आज राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग करते हुए यह ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से यूजीसी के नए नियमों की समीक्षा, शिक्षाविदों व हितधारकों से पुनः परामर्श तथा जनहित में निर्णय लेने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में सुनील शर्मा अध्यक्ष, ईश्वरी प्रसाद तिवारी, शिवकुमार त्रिपाठी, सुरेन्द्र श्रीवास्तव, लघुचन्द्र नारायण अरजरिया, प्रभुदयाल कुशवाहा, अरूण खरे, जगदीश सोनी, इंद्रमा, गीता द्विवेदी, पुष्पा सक्सेना सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित रहे।

# विधायक-मंत्री में झड़प के बाद अधिकारी गांवों की ओर दौड़े

## जल जीवन मिशन योजना के तहत कराए गए कार्यों का अधिकारियों ने लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- टोलापांतर और रिवाई गांव में देखी पानी-सड़क की व्यवस्था
- 20 दिन में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का दिया गया है अल्टीमेटम


गांव का निरीक्षण करते जल जीवन मिशन के अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जल जीवन मिशन योजना के तहत गांवों में जलापूर्ति नहीं होने और पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत नहीं किए जाने के मुद्दे को लेकर शुक्रवार को चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत की ओर से जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह का रास्ता रोके जाने और फिर तीखी झड़प के बाद कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक में अल्टीमेटम मिलने के बाद अधिकारी नींद से जागे हैं। शनिवार को अधिकारियों ने गांवों की ओर रुख किया।

जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत लहचूरा काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के गांव टोलापांतर और रिवई का नमामि गंगे के अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान टोलापांतर में क्षतिग्रस्त 13 सड़कों के सापेक्ष 12 सड़कों का पुनर्निर्माण कार्य पूर्ण पाया गया। मात्र एक सड़क लगभग 12 मीटर और दो पेंच एक-एक मीटर का कार्य शेष पाया। टोलापांतर में 459 गृह संयोजन के सापेक्ष लगभग 415 गृह संयोजनों में नियमित पेयजल आपूर्ति होती पाई गई।

इस मौके पर मौजूद कार्यदायी संस्था के ओ एंड एम इंचार्ज विवेक कुमार को अवशेष रोड रेस्टोरेशन एवं शेष गृह संयोजनों में पेयजलापूर्ति तत्काल सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित कर दिया गया है। इसी प्रकार ग्राम रिवई में स्थलीय निरीक्षण से पता चला कि ग्रामों में सड़क पुर्ननिर्माण से सम्बंधित कार्य लगभग पूर्ण हो गया है और 334 गृह संयोजनो के सापेक्ष लगभग 300 घरों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। उक्त दोनों गांवों में अवशेष रोड रेस्टोरेशन का कार्य शीघ्र पूर्ण किये जाने तथा अवशेष गृह संयोजनों में पेयजलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कार्यदायी संस्था के अधिकृत प्रतिनिधि को निर्देशित कर दिया गया है।

स्थलीय निरीक्षण के समय मौके पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोइनुल इसलाम, खंड कार्यलय, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता संदेश सिंह तोमर, डीटीएल अशफाक खान, टीपीआई मनीष शुक्ला, सहायक अभियन्ता जूनियर इंजीनियर एवं सम्बंधित फर्म के ओ एंड एम इंचार्ज विवेक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने लगाई मनरेगा बचाओ चौपाल

कार्यालय संवाददाता, महोबा


चौपाल में जॉबकार्ड दिखाते ग्रामीण मजदूर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कांग्रेस की ओर से ग्रामीण स्तर पर मनरेगा बचाओ अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत पूर्व जिलाध्यक्ष एवं मनरेगा बचाओ संग्राम के कोआर्डिनेटर तुलसीदास लोधी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने श्रीनगर ब्लाक के करहराकला गांव में चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में कांग्रेसियों ने ग्रामीणों, मजदूरों और महिलाओं को भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर कर धीरे धीरे समाप्त करने की कथित साजिश के बारे में जानकारी देते हुए ग्रामीणों से मनरेगा बचाओ अभियान से जुड़ने की अपील की।

कार्यक्रम की शुरुआत कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि के मौके पर राष्ट्रपिता के चित्र पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। चौपाल को संबोधित करते हुए मनरेगा बचाओ के कोआर्डिनेटर ने कहा कि मनरेगा योजना अब सरकार की मर्जी से बांटी जाने वाली योजना बनती जा रही है, जिसमें यह तय किया जाएगा कि किस ग्राम पंचायत को काम मिलेगा और किसे नहीं। कहा कि पहले मनरेगा का अधिकांश खर्च केंद्र सरकार वहन करती थी और राज्यों पर मात्र 10 प्रतिशत का भार था, लेकिन अब यह बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे कर्ज में डूबी राज्य सरकारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।

निवर्तमान प्रदेश सचिव ब्रजराज सिंह ने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के मजदूर विरोधी नीतियों की आलोचना करते बताया कि केंद्र सरकार ने मनरेगा का नाम हटाकर विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबीजी रामजी) रखा गया है, जबकि 2005 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 90 प्रतिशत केंद्र व राज्य सरकार से 10 प्रतिशत मनरेगा योजना में दी जा रही थी, लेकिन जबसे वीबीजी रामजी योजना का नाम रखा गया है तो भारत सरकार ने राज्य सरकार पर तीस प्रतिशत योजना में देने की बाध्यता कर दिया। इस मौके पर सैकड़ों ग्रामीणो अपने अपने जॉबकार्ड दिखाते हुए मनरेगा बचाओ का समर्थन किया। चौपाल दौरान जिला उपाध्यक्ष प्रमोद निरंजन, जिला सचिव राम मनोहर सिंह, मानसिंह राजपूत, नंदराम, अजय कोली, देवीदीन अहिरवार, लक्ष्मण, करन, कल्लू राजपूत, मूलचंद पासवान, छत्रपाल अहिरवार सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# जुलूस में एक ही डीजे बजेगा: सीओ

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)


त्योहारों को लेकर बैठक करते पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत गोंड। अमृत विचार

**अमृत विचार।** संत रविदास जयंती एवं सब-ए-बारात पर्व को लेकर कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत गौंड की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाए जाने पर जोर दिया गया। बताया कि यहां पर हिन्दू मुस्लिम भाईचारा कायम रखने की वर्षों पुरानी परम्परा आज भी कायम है।

बैठक में संत रविदास की जयंती पर निकलने वाली शोभायात्रा के रूट के बारे में जानकारी ली गई। आयोजकों ने होने वाले कार्यक्रम के बारे में भी बताया। इस मौके पर सगीर पहलवान और सुगिरा गांव के मदार बख्स ने सब-ए-बारात त्योहार के बावत जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। रविदास जयंती के जुलूस रूट को परंपरागत मार्गों से ही निकालने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा कि रूट में कोई परिवर्तन न करें, एक जुलूस में एक ही डीजे रखा जाएगा और डीजे की आवाज कम रखें, ताकि किसी को कोई तकलीफ़ न हो।

सीओ ने आयोजकों से कहा कि संत रविदास जी का जुलूस निकालने के लिए अनुमति जरूरी है, बिना परमीशन के कोई भी जुलूस न निकाला जाए और अपने अपने जुलूस में कम से कम समिति के दस दस लोग रहे, जिससे हुड़दंग करने वाले लोगों को कंट्रोल में रख सकें। आयोजकों ने बताया कि रविवार को संत रविदास जयंती की शोभायात्रा नगर कुलपहाड़, बेलाताल, भटेवरा, सतारी ग्रामों में निकाली जाएगी। इस मौके हरगोविंद सेनी, प्रधान प्रेमचन्द्र साहू, प्रधान मनोज राजपूत, संदीप पांडेय सतारी, महेंद्र अहिरवार, हाजी अलादीन, नीतू सिंह रहे।

# सेवानिवृत्त होने पर हुआ विदाई समारोह

**महोबा।** एसपी प्रबल प्रताप सिंह ने पुलिस लाइन सभागार में शनिवार को सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को स्मृति चिह्न, शॉल, उपहार एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

एसपी ने सेवानिवृत्त हुए एसआई नरेन्द्र सिंह, अवधेश कुमार द्विवेदी, शमशाद खां व देवलाल तिवारी के सेवाकाल में अनुशासन, ईमानदारी एवं निस्वार्थ सेवा भावना की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सेवाएं सदैव याद की जाती हैं। सेवानिवृत्त कर्मियों के सुखमय पारिवारिक जीवन एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए भावुक विदाई दी गई। विदाई समारोह के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी गौरव उपाध्याय, प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार सिंह सहित पुलिसकर्मियों के परिजन रहे।

# नोटिस के बाद नाम जुड़वाने पहुंच रहे मतदाता

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)


कैंप में मतदाताओं के फॉर्म भरते अधिकारी। अमृत विचार

- एसडीएम की अध्यक्षता में शिविर लगाकर भराए जा रहे फार्म

**अमृत विचार।** एसआईआर फार्म भरने के बाद दस्तावेजों में कुछ कमियां पाए जाने पर मतदाताओं के खिलाफ जारी किए गए नोटिस पाकर तहसील में प्रपत्र जमा कर अपनी कमियों को दूर कराने के लिए बड़ी संख्या लोगों की भीड़ उमड़ रही है। मतदाता नोटिस लेकर अपनी पहचान साबित करने के लिए जरूरी कागजात के साथ अधिकारियों के पास पहुंच रहे हैं। नोटिस मिलने के बाद मतदाताओं में बेचैनी बढ़ गई है।

एसआईआर अभियान की शुरुआत से ही मतदाता सूची में अपना नाम सम्मिलित कराने के लिए फार्म भरे में जुटे है, तब से लेकर अभी तक लोगों की भागदौड़ की प्रक्रिया समाप्त होने का नाम नहीं ले रही है। दिन प्रतिदिन लोगों की भीड़ तहसील में पहुंच रही है। तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में तहसीलदार प्रमित सचान व एईआरओ अधिशासी अधिकारी प्रवेंद्र कुमार की मौजूदगी में शिविर लगाकर मतदाताओं के नाम वोटर सूची में जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान नोटिस की सुनवाई कर मतदाता निर्धारित प्रमाण पत्रों में से कोई भी एक प्रपत्र जमा कर मतदाता सूची में नाम शामिल कराने का कार्य किया जा रहा है, जिसके लिए भारी संख्या में मतदाताओं ने पहुंचकर नोटिस में भाग लिया है।

एईआरओ ने बताया कि मतदाताओं से निर्धारित प्रमाण पत्रों में से किसी एक प्रमाण पत्र को शामिल कर मतदाता सूची में नाम दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मतदाता परेशान न हो, 27 फरवरी 2026 तक सुनवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिनके पास जाति, मूल निवास प्रमाण पत्र नहीं है, वह अभी बनने के लिए डाल दें, इसके अलावा परिवार रजिस्टर की नकल, हाईस्कूल का अंक पत्र या माता पिता की 2003 की मतदाता सूची के जरिए वोटर लिस्ट में नाम दर्ज करा सकते हैं, इस कार्य में कोई भी मतदाता को घबराने की जरूरत नहीं है, नाम जोड़ने व सुनवाई की प्रक्रिया अभी जारी रहेगी।

एक्सपोजर विजिट | छात्रों को पतंजलि योग विद्यापीठ और आईआईटी रुड़की की कराई गई सैर

# योग और विज्ञान का ज्ञान लेकर लौटे छात्र

कार्यालय संवाददाता, महोबा


पतंजलि योग विद्यापीठ की सैर करते छात्र। अमृत विचार

**अमृत विचार।** समग्र शिक्षा माध्यमिक उत्तर प्रदेश के अंतर्गत पीएम श्री राजकीय मुकुंदलाल तिवारी इंटर कॉलेज के 40 विद्यार्थियों को विजिट प्रभारियों के साथ उत्तराखंड राज्य का पांच दिवसीय एक्सपोज़र विजिट कराया गया। इस विजिट में विद्यार्थियों को पतंजलि योग विद्यापीट और आईआईटी रुड़की की सैर कराते हुए योग शिक्षा, तकनिकी शिक्षा कौशल विकास आदि के बारे में विस्तारण से जानकारी हासिल की। पांच दिवसीय एक्सपोजर विजिट में छात्रों ने घूमते हुए जानकार लोगों से मुलाकात करते हुए अपने ज्ञान को बढाया।

राजकीय मुकुंदलाल तिवारी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार ने बताया कि 27 जनवरी को जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेमचंद यादव ने हरी झंडी दिखाकर 40 विद्यार्थियों को बस में बैठाकर एक्सपोजर विजिट कराने के लिए पतंजलि योग विद्यापीठ हरिद्वार और आईआईटी रुड़की उत्तराखंड के लिए रवाना किया था।

इस विजिट में प्रभारी वीर बहादुर सिंह और सह विजिट प्रभारी अतुल कुमार के नेतृत्व में छात्रों को पहुंचाया गया और 31 जनवरी को छात्र वापस विद्यालय लौटे। बताया कि सर्वप्रथम विद्यार्थी पतंजलि योग विद्या पीठ पहुंचे और वहां के जानकारों के मार्गदर्शन में योग, प्राकृतिक चिकित्सा (नेचुरोपैथी) और आयुर्वेद के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान बच्चों को विभिन्न बीमारियों के लिए पंचकर्म, षट्कर्म, एक्यूप्रेशर और आहार चिकित्सा के महत्व के बारे में जानने का मौका मिला।

विजिट प्रभारी वीर बहादुर ने बताया कि विद्यार्थियों ने हरिद्वार के रुड़की स्थित प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) का शैक्षिक भ्रमण किया, जहां उन्होंने आधुनिक विज्ञान, तकनीकी शोध और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नई जानकारी प्राप्त की। बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और उच्च शिक्षा के प्रति उत्साह पैदा करना था। कहा कि छात्रों को आईआईटी रुड़की जैसे संस्थान के वातावरण से परिचित कराया गया, जिससे वे भविष्य में तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान के लिए प्रेरित हो सकें। 5 दिवसीय एक्सपोज़र विजिट में योग शिक्षा, प्राकृतिक चिकित्सा प्रणाली, तकनिकी शिक्षा कौशल विकास शिक्षा एवं स्वरोजगार के बारे में जानकारी प्राप्त की। विजिट दौरान विद्यार्थी बहुत उत्साहित रहे। कालेज प्रधानाचार्य ने दोनों संस्थानों के निदेशकों और प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# घंघौरा और लुगासी क्लब ने जीते मैच

**बेलाताल।** घंघौरा गांव के मैदान मे चल रहे बांकेबिहारी क्रिकेट टूर्नामेन्ट के दूसरे दिन दो मैच खेले गये, जिसमें पहला मैच घंघौरा क्लब और नेगवां क्लब के बीच खेला गया जिसमे घंघौरा क्रिकेट क्लब ने टास जीताकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर मे 6 विकेट खो 98 रन बनाये।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे नेगवा क्लब ने 9 ओवर में सभी विकेट खो 55 रन ही बना सकी और घंघौरा टीम ने 43 रन से मैच जीत लिया। दूसरा मैच इन्द्रहटा क्लब और लुगासी क्रिकेट के बीच हुआ, जिसमें इंद्रहटा क्लब ने टास जीतने के बाद पहले फीलि्डग का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरे लुगासी क्लब के बल्लेबाजों ने निर्धारित दस ओवर में 6 विकेट खाकरे 123 रन बनाये। जबाव मे इन्द्रहटा क्लब 6 ओवर मे सभी बिकेट खो 55 रन ही बना सकी और लुगासी क्लब ने 68 रनो से मैच जीत लिया।

# बच्चों ने ऐतिहासिक स्थल देखे

कार्यालय संवाददाता, महोबा


मठ का भ्रमण करने पहुंचे बच्चों की फोटो शूट की गई। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकासखंड कबरई के पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिजहरी के छात्र छात्राओं को ग्रामीण स्तर के पुरातत्व धार्मिक स्थलों का भ्रमण करवाया गया। छात्र छात्राओं में पुरातात्विक स्थलों को नजदीक से देखा और गुरूजनों से इतिहास के बारे में जानकारी ली। धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण दौरान छात्र छात्राओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया।

11वीं शताब्दी में बनवाए गए तालाब के किनारे मठ का स्कूली बच्चों को शनिवार को भ्रमण करवाया गया। इस दौरान बच्चों को बताया गया है कि मठ किस तरह से ग्रेनाइट पत्थरों में नक्कासी करके तैयार किया गया। मठ निर्माण दौरान न बालू न सीमेंट का इस्तेमाल किया गया, इसके बाद भी काफी ऊंचाई तक तैयार किया गया मठ आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। लगभग 60 हेक्टेयर में बना सिजहरी के

- भ्रमण के दौरान बच्चों को मठ और मंदिरों के बारे में दी गई जानकारी

तालाब किनारे यह मठ पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। भ्रमण दौरान बच्चों को प्राचीन 9 मणि मंदिर भी घुमाया गया और उन्हें किसने इसे तैयार किया और किस उद्देश्य से बनाया गया इसकी भी जानकारी दी गई।

पुरातत्विक स्मारक हो या धार्मिक स्थल इनके निर्माण कराने से देशी विदेशी पर्यटक आज भी इन्हें देखने आते है। स्कूली बच्चों को शिक्षकों ने बारीकी से ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों के बावत जानकारी उपलब्ध कराई। भ्रमण दौरान बच्चों को ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों को साफ सुथरा रखने के लिए भी प्रेरित किया गया। बच्चों की इच्छा के अनुसार शैक्षिक भ्रमण दौरान बच्चों मठ पर खडे होकर फोटो भी खिचवाए। भ्रमण दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक दयाराम वर्मा, सहायक अध्यापक ब्रज किशोर मिश्रा का विशेष सहयोग रहा।

### ब्रह्मोस का उन्नयन निरंतर चलने वाली परियोजना

**मॉस्को।** ब्रह्मोस क्रूज मिसाइलों का उन्नयन और आधुनिकीकरण एक निरंतर चलने वाली परियोजना है, जिसका उद्देश्य हाइपरसोनिक प्रौद्योगिकियों की ओर बढ़ना है। रूसी संयुक्त उद्यम साझेदार एनपीओ माशिनोस्ट्रोयेनिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और मुख्य डिजाइनर अलेक्जेंडर लियोनोव ने उन्नत मार्गदर्शन और नियंत्रण प्रणालियों से लैस ब्रह्मोस एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है, जिसे पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों या जमीन से प्रक्षेपित किया जा सकता है।

अमृत विचार
कानपुर, रविवार, 1 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### एयरबस को मिला पहला एच175 हेलीकॉप्टर का ऑर्डर

**हैदराबाद।** फ्रांस की कंपनी एयरबस कॉर्पोरेट हेलीकॉप्टर्स को एक निजी भारतीय ग्राहक से तीन हेलीकॉप्टरों के लिए ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने शनिवार को बताया कि उसे भारत से एच175 हेलीकॉप्टर के लिए पहला ऑर्डर मिला है। साथ ही दो ओसीएच160 हेलीकॉप्टर के ऑर्डर मिले हैं। उक्त ऑपरेटर के बेड़े में एसीएच160 हेलीकॉप्टर के पहले से शामिल हैं। एच175 दो इंजन वाला सुपर-मीडियम हेलीकॉप्टर है, जिसमें कुल 16 सीटें होंगी। इसकी डिलिवरी इसी साल होने की संभावना है। दो एसीएच160 हेलीकॉप्टरों को ग्राहक विशेष जरूरत के हिसाब से तैयार किया जायेगा और उनकी डिलिवरी अगले साल होगी।

### सेल-ई-ब्रेशन रचनात्मक प्रतियोगिता शुरू की

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने भारत सरकार के डिजिटल नागरिक सहभागिता मंच माईगव के सहयोग से सेल-ई-ब्रेशन नामक रचनात्मक प्रतियोगिता शुरू की है। सेल ने कहा कि इस पहल का मकसद नए भारत के निर्माण में इस्पात की भूमिका को डिजिटल कहानी से आम जन तक पहुंचाना है। इस्पात से राष्ट्र निर्माण, सेल है मजबूत भरोसे की पहचान थीम पर आधारित प्रतियोगिता में देश के डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स को रील, चलचित्र और डिजिटल विज्ञापनों के जरिए अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया गया है।

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का लाभ 48% बढ़ा

**नई दिल्ली।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का दिसंबर 2025 को समाप्त तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 48% की वृद्धि के साथ 503 करोड़ रुपये रहा। निजी क्षेत्र के इस ऋणदाता ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 339 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि आलोच्य तिमाही के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 12,542 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 11,123 करोड़ रुपये थी। बैंक की ब्याज आय भी पिछले वर्ष की समान तिमाही के 9,343 करोड़ रुपये से बढ़कर 10,417 करोड़ रुपये रही। वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) बढ़कर 5,492 करोड़ रुपये रही।

# बैंक जमा, निवेश पर समान कर हो लागू

## एसबीआई प्रमुख शेट्टी बोले- वित्तीय बचत साधनों के लिए एक समान अवसर होने चाहिए

मुंबई, एजेंसी



- केंद्रीय बजट से एक दिन पहले शेट्टी ने की मांग

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने शनिवार को शेयर (इक्विटी) निवेश और बैंक जमा से होने वाली कमाई पर एक समान कर व्यवस्था लागू करने की वकालत की। केंद्रीय बजट से एक दिन पहले शेट्टी ने कहा कि दुनिया में अन्य कहीं भी कराधान में इस तरह की असमानता नहीं है और अब समय आ गया है कि भारत भी अन्य बाजारों के अनुरूप चले। उन्होंने बैंकिंग कार्यक्रम के इतर कहा कि वित्तीय बचत साधनों के लिए समान अवसर होने चाहिए।

शेट्टी ने बताया कि हालांकि वह बजट के प्रावधानों के बारे में नहीं जानते और इस तरह के कदम से राजकोषीय चुनौतियां भी हो सकती हैं, लेकिन इक्विटी के लिए किसी विशेष व्यवहार की आवश्यकता नहीं है। एक समय में आसान कराधान के माध्यम से इक्विटी निवेश को प्रोत्साहित करना सही रहा होगा, लेकिन आज जिस तरह से जोखिम भरे इक्विटी बाजार में लोगों की रुचि बढ़ रही है, वहां अब ऐसी विशेष रियायत की जरूरत नहीं है। वर्तमान में बैंक जमा पर रिटर्न करदाता के टैक्स स्लैब के अनुसार लगता है, जो 30 प्रतिशत तक हो सकता है। इसके विपरीत, सूचीबद्ध इक्विटी पर रिटर्न पर रियायती दरें लागू हैं, जिसमें 1.25 लाख रुपये से अधिक के दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) पर 12.5 प्रतिशत और अल्पकालिक पूंजीगत लाभ (एसटीसीजी) पर 15-20 प्रतिशत कर लगता है।

### बचतकर्ता खातों में रख रहे केवल न्यूनतम शेष राशि

बैंकर पिछले कुछ समय से इन दोनों वित्तीय साधनों के बीच समानता की मांग कर रहे हैं और जमा राशि जुटाने में आ रही चुनौतियों के कारण अब यह मांग और तेज हो गई है। कई बैंकरों का कहना है कि बचतकर्ता अब काफी समझदार हो गए हैं और वे बैंक खातों में केवल न्यूनतम शेष राशि ही रख रहे हैं। वे बेहतर रिटर्न पाने के लिए अतिरिक्त धन को इक्विटी में लगाना पसंद कर रहे हैं। इससे बैंकों के पास ऋण देने के लिए उपलब्ध संसाधनों में कमी आती है और अक्सर उन्हें कर्ज की मांग को पूरा करने के लिए सरकारी बॉन्ड में निवेश का सहारा लेना पड़ता है या मुद्रा बाजारों से उधार लेना पड़ता है।

### आठ नए क्षेत्रों को बढ़ाव देगा स्टेट बैंक का 'चक्र'

**मुंबई।** सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने आठ नवोदित क्षेत्रों को वित्त पोषण देने के लिए शनिवार को उत्कृष्टता केंद्र चक्र की शुरुआत की। उत्कृष्टता केंद्र जिन आठ क्षेत्रों पर फोकस करेगा उनमें नवीकरणीय ऊर्जा, एडवांस्ड सेल केमिस्ट्री एवं बैटरी स्टोरेज, इलेक्ट्रिक परिवहन, हरित हाइड्रोजन, सेमीकंडक्टर, डी-कार्बनाइजेशन, स्मार्ट बुनियादी ढांचा और डाटा सेंटर अवसंरचना शामिल हैं। बैंक ने बताया कि ये क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था के आर्थिक भविष्य के मुख्य चालक के रूप में उभर रहे हैं। 2030 तक इन सेक्टरों में 100 लाख करोड़ के पूंजी निवेश की संभावना है। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजू ने एसबीआई के चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी की उपस्थिति में चक्र का उद्घाटन किया। बैंक के प्रबंध निदेशक, अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों एवं वैश्विक बैंकों के प्रतिनिधि, प्रमुख कॉरपोरेट समूह, वित्तीय संस्थान, उद्योग निकाय तथा पारितंत्र से जुड़े अन्य प्रमुख हितधारक भी उपस्थित थे।

## अरब देशों से व्यापार और निवेश को प्रगाढ़ बनाएगा भारत : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने अरब देशों के साथ व्यापार और निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा तथा अन्य क्षेत्रों में सहयोग को और प्रगाढ़ बनाने की भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया है। उन्होंने शनिवार को अरब देशों के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की, जिन्होंने पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने में अरब लीग भूमिका की सराहना की।

भारत-अरब विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक के लिए अरब देशों के विदेश मंत्री नई दिल्ली में हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार, मोदी ने भारत और अरब जगत के बीच प्रगाढ़ और ऐतिहासिक संबंधों पर प्रकाश डाला, जिन्होंने वर्षों से दोनों पक्षों के बीच संबंधों को प्रेरित और मजबूत किया है। प्रधानमंत्री ने आने वाले वर्षों में भारत-अरब साझेदारी को लेकर अपने दृष्टिकोण को रेखांकित किया और पारस्परिक लाभ को व्यापार और निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा और अन्य क्षेत्रों में सहयोग और गहरा करने में भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

## इंडिया सोलर एंड ईवी एक्सपो–2026

# ग्रीन एनर्जी आधारित इको-सिस्टम से सशक्त बनेगा प. उप्र



संवाददाता, मेरठ

- ऊर्जा एवं नवीन ऊर्जा स्रोत विभाग के राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर रहे मुख्य अतिथि
- आईआईए मेरठ चैप्टर की ओर से पहली बार मेरठ में 21, 22 एवं 23 फरवरी को होगा आयोजन

**अमृत विचार:** विक्टोरिया पार्क क्रिकेट ग्राउंड में इंडिया सोलर एंड ईवी एक्सपो–2026 का अनावरण/सॉफ्ट लॉन्च किया गया। कार्यक्रम में ऊर्जा एवं नवीन ऊर्जा स्रोत विभाग के राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि यह एक्सपो ग्रीन एनर्जी और इलेक्ट्रिक व्हीकल क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

आयोजकों ने बताया कि आईआईए मेरठ चैप्टर की ओर से पहली बार मेरठ में इंडियन सोलर एंड ईवी एक्सपो–2026 का आयोजन होगा। यह 21, 22 एवं 23 फरवरी 2026 को आईआईए भवन, मोहकमपुर औद्योगिक क्षेत्र में आयोजित होगा। आईआईए का लक्ष्य एक्सपो के माध्यम से 500 करोड़ से अधिक का व्यवसाय करना है। इसका उद्देश्य पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कार्यरत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सशक्त और प्रभावी मंच उपलब्ध कराना है, ताकि वे उत्पादों और सेवाओं को व्यापक स्तर पर प्रदर्शित कर सकें। आयोजकों ने बताया कि एक्सपो में कार्बन न्यूट्रैलिटी, सस्टेनेबिलिटी तथा ग्रीन एनर्जी क्षेत्र में उद्यमिता के विकास जैसे विषयों पर सेमिनार होंगे। साथ ही प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप घरेलू एवं औद्योगिक उपयोग से जुड़ी सरकारी योजनाओं और प्रोत्साहनों पर भी प्रकाश डाला जाएगा। पीएम सूर्य घर और पीएम-कुसुम योजना एक्सपो के आकर्षण होंगे। आयोजकों को आशा है कि यह पहल पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ग्रीन एनर्जी आधारित स्टार्टअप इको सिस्टम को सशक्त बनाएगी और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा एवं गति देगी।

### अनुपालन बोझ कम करने पर आईबीबीआई का जोर

**नई दिल्ली।** भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) के चेयरपर्सन रवि मित्तल ने शनिवार को कहा कि नियमों की प्रभावशीलता को बनाए रखते हुए अनुपालन आवश्यकताओं को कम करने के प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने मजबूत कॉरपोरेट शासन के महत्व पर भी बल दिया। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा ग्रेटर नोएडा में आयोजित वर्ल्ड फोरम ऑफ अकाउंटेंट्स के सत्र में मित्तल के साथ सेबी के प्रमुख तुहिन कांत पांडेय और एनएफआरए के चेयरपर्सन नितिन गुप्ता ने भी विचार साझा किए। मित्तल ने कहा कि कानूनों के बेहतर कार्यान्वयन और कम अनुपालन की आवश्यकता है। उन्होंने जानकारी दी कि आईबीबीआई ने आईआईएम अहमदाबाद से अपने नियमों की समीक्षा करने और अनुपालन आवश्यकताओं को सरल बनाने के लिए कहा है।

# देश का चीनी उत्पादन 18.35% बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी



- उद्योग निकाय इस्मा के अनुसार 2025-26 में 31 जनवरी तक 1.95 करोड़ टन पहुंचा

देश में चीनी उत्पादन चालू सत्र 2025-26 में 31 जनवरी तक 18.35 प्रतिशत बढ़कर 1.95 करोड़ टन पर पहुंच गया है। उद्योग निकाय इस्मा ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुख्य उत्पादक राज्यों में उत्पादन बढ़ने से यह वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले सत्र की समान अवधि में चीनी का उत्पादन 1.64 करोड़ टन रहा था। चीनी सत्र अक्टूबर से सितंबर तक चलता है।

भारतीय चीनी एवं जैव-ऊर्जा विनिर्माता संघ (इस्मा) के अनुसार, वर्तमान में देशभर में 515 चीनी मिलें चालू हैं, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 501 मिलें चल रही थीं। देश के सबसे बड़े उत्पादक राज्य महाराष्ट्र में 31 जनवरी तक चीनी का उत्पादन 42 प्रतिशत बढ़कर 78.7 लाख टन रहा। राज्य में अभी 206 मिलों का परिचालन हो रहा है, जबकि एक साल पहले इनकी संख्या 190 थी। दूसरे सबसे बड़े उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश में उत्पादन अब तक 55.1 लाख टन तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग पांच प्रतिशत अधिक है। इस्मा ने कहा कि तीसरे सबसे बड़े उत्पादक राज्य कर्नाटक में भी पेराई की गति तेज रही और वहां उत्पादन पिछले सत्र की इसी अवधि की तुलना में 15 प्रतिशत बढ़ा है। इस्मा ने अनुमान जताया है कि 2025-26 के पूरे सत्र के लिए शुद्ध चीनी उत्पादन 18.6 प्रतिशत बढ़कर 3.09 करोड़ टन रह सकता है, जो पिछले सत्र में 2.61 करोड़ टन था।

## चावल सस्ता व गेहूं महंगा, खाद्य तेल और दालों में घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव गिर गए जबकि गेहूं में तेजी रही। वहीं, चीनी की कीमतों में कमोबेश टिकाव रहा जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 31 रुपये घटकर 3,810 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। गेहूं चार रुपये चढ़कर 2,866 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी 21 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। दाल-दलहनों में उड़द दाल की कीमत 33 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मसूर दाल 59 और चना दाल 24 रुपये सस्ती हुई। मूंग दाल की कीमत 20 और तुअर दाल की 11 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मूंगफली तेल की कीमत 118 रुपये प्रति क्विंटल गिर गयी।

## अडाणी अमेरिकी एसईसी से नोटिस लेने के लिए तैयार, 90 दिनों में देंगे जवाब

- रिश्वत देने की योजना के बारे में निवेशकों को गुमराह करने का आरोप

**न्यूयॉर्क/नई दिल्ली।** अरबपति गौतम अडाणी और उनके भतीजे सागर अडाणी अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) से दीवानी धोखाधड़ी के मुकदमे में कानूनी नोटिस लेने को तैयार हैं। अदालती दस्तावेज से यह जानकारी मिली। इन पर आरोप है कि उन्होंने रिश्वत देने की योजना के बारे में निवेशकों को गुमराह किया।

न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन में संघीय अदालत में दायर दस्तावेज के अनुसार एसईसी और गौतम तथा सागर अडाणी के अमेरिका स्थित वकीलों ने कहा कि वकील नियामक के कानूनी कागजात स्वीकार करने को सहमत हो गए हैं। इससे न्यायाधीश को अब फैसला देने की जरूरत नहीं होगी कि प्रतिवादियों को नोटिस कैसे तामिल कराया जाए। यह संयुक्त आवेदन संबंधित अदालत के समक्ष मंजूरी को प्रस्तुत किया गया है। यह कानूनी कार्यवाही में मानक प्रक्रियात्मक कदम है, जो मामलों के समाधान की अनुमति देता है।



# टीएमसी से ज्यादा भ्रष्ट कोई सरकार नहीं : शाह

## सिलीगुड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं को केंद्रीय गृह मंत्री ने किया संबोधित

- सीमा सुरक्षा उपायों में बाधा और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बाड़ के लिए जमीन न देने का लगाया आरोप

कोलकाता/सिलीगुड़ी, एजेंसी



कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सुवेंदु अधिकारी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार जितनी भ्रष्ट कोई और सरकार देश में नहीं है। सिलीगुड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में उन्होंने राज्य सरकार पर सीमा सुरक्षा उपायों में बाधा डालने और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बाड़ लगाने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को जमीन उपलब्ध न कराने का भी आरोप लगाया।

शाह ने कहा कि मैंने संसद में कहा था कि बीएसएफ को बाड़ लगाने के लिए जमीन की जरूरत है। मैंने ममता बनर्जी को सात बार पत्र लिखा। मैं खुद भी उनके कार्यालय गया, लेकिन फिर भी जमीन नहीं दी गई। गृह मंत्री ने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार पश्चिम बंगाल में समुदायों के बीच तनाव को बढ़ावा दे रही है। ममता बनर्जी ने यह सुनिश्चित किया है कि बंगाल में हर समुदाय एक-दूसरे से लड़े, जिससे राज्य की एकता के लिए खतरा पैदा हो रहा है। आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर अमित शाह ने कहा कि भाजपा उत्तर बंगाल की सभी सीट पर जीत हासिल करेगी, क्योंकि लोग टीएमसी के सिंडिकेट राज और भ्रष्टाचार से तंग आ चुके हैं।

### घुसपैठियों को बचाने की कोशिश कर रही टीएमसी

शाह ने आरोप लगाया कि राज्य के अधिकारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने में निर्वाचन का सहयोग नहीं कर रहे। इससे पहले, उत्तर 24 परगना के बैरकपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं की बड़ी बैठक में शाह ने टीएमसी सरकार पर घुसपैठियों को बचाने, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने और चुनावी फायदे के लिए सीमा सुरक्षा को कमजोर करने का आरोप लगाया। शाह ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार का गठन अब सिर्फ राजनीतिक मकसद नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि 2026 के विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस सत्ता से बाहर हो जाएगी।

### सरकार बनते ही 45 दिनों में सीमा पर लगेगी बाड़

शाह ने कहा कि जिस तरह से पश्चिम बंगाल में घुसपैठ हो रही है, वह पूरे देश के लिए सुरक्षा का मुद्दा बन गया है। अदालत के आदेश के बाद भी टीएमसी बीएसएफ को सीमा पर बाड़बंदी के लिए जमीन नहीं दे रही है, क्योंकि घुसपैठिए उसके वोट बैंक हैं। राज्य में प्रशासन और पुलिस अवैध प्रवासियों को नहीं रोक रही है, जिन्हें जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके पूरे देश में भेजा जा रहा है। शाह ने कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट ने स्वीकार किया कि मुख्यमंत्री बनर्जी सीमा पर बाड़ लगाने को भूमि देने में सहयोग नहीं कर रही हैं। चाहे ममता हाईकोर्ट के निर्देश के अनुसार 31 मार्च तक भूमि दें या नहीं, अप्रैल में भाजपा का मुख्यमंत्री बनते ही 45 दिनों में सीमा पर बाड़ लगाने का काम पूरा कर दिया जाएगा। असम से तुलना करते हुए शाह ने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद वहां घुसपैठ रुक गई, जबकि कांग्रेस शासन के दौरान ऐसा नहीं था। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर शाह ने कहा, ममता जितना विरोध करना चाहें करें, लेकिन यह प्रक्रिया घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए जारी रहेगी।

## नीट अभ्यर्थी की मौत की सीबीआई जांच कराने की सिफारिश

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार ने पटना में नीट परीक्षा की तैयारी कर रही 18 वर्षीय छात्रा की हाल ही में हुई मौत की सीबीआई से जांच कराने की सिफारिश की है। इससे पहले, बिहार पुलिस का विशेष जांच दल (एसआईटी) इसकी जांच कर रहा था।

जहानाबाद की छात्रा इस महीने की शुरुआत में पटना के चित्रगुप्त नगर में हॉस्टल के कमरे में बेहोश मिली थी और कई दिन तक कोमा में रहने के बाद 11 जनवरी को उसकी मौत हो गई। छात्रा के परिवार ने उसका यौन उत्पीड़न होने और अधिकारियों पर मामले को दबाने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। चौधरी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारत सरकार से पटना में नीट छात्रा की हत्या के मामले (केस नंबर- 14/26) की जांच सीबीआई को सौंपने का आग्रह किया है।

# राकांपा ने विलय पर साधी चुप्पी गोयल बोले- ऐसी उम्मीद नहीं

मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी

- राकांपा (शप) का दावा- अजित दोनों गुटों के विलय की रखते थे इच्छा, शरद पवार ने भी स्वीकारा

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के वरिष्ठ नेताओं ने शनिवार को पार्टी के प्रतिद्वंद्वी गुटों के विलय की संभावनाओं पर सतर्कतापूर्ण चुप्पी साधे रखी, जबकि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि उन्हें निकट भविष्य में ऐसा होने की कोई उम्मीद नहीं है। दूसरी ओर, राकांपा (शप) के नेताओं ने दावा किया कि अजित पवार दोनों गुटों के विलय की इच्छा रखते थे लेकिन पार्टी प्रमुख शरद पवार ने स्वीकार किया कि अब इस प्रक्रिया में बाधा आ सकती है।

राकांपा के एक गुट का नेतृत्व अजित पवार कर रहे थे और दूसरे की कमान उनके चाचा शरद पवार के पास है। अजित पवार का दो दिन पहले विमान दुर्घटना में निधन हो गया था। अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि महाराष्ट्र में महायुति सरकार के हिस्से के रूप में राकांपा ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। गोयल ने राकांपा के दोनों गुटों के विलय की चर्चा पर कहा कि व्यक्तिगत रूप से मुझे ऐसा होता नजर नहीं आ रहा। राकांपा का नेतृत्व पहले अजित पवार के पास था और अब सुनेत्रा पवार के पास है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रफुल्ल पटेल को राकांपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मुझे नहीं लगता कि शरद पवार को राकांपा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा क्योंकि उन्होंने जनता का विश्वास खो दिया है। मुंबई में राकांपा नेताओं प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे ने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया।

## बंगाल : एनआईए ने बेलडांगा हिंसा की जांच की शुरू

**कोलकाता।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में भड़की हिंसा की जांच शनिवार को शुरू की। यह हिंसा झारखंड में इस महीने की शुरुआत में एक प्रवासी मजदूर की मौत की खबर के बाद भड़की थी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

एनआईए की टीम सुबह बेलडांगा पुलिस थाना पहुंची और जांच में पहले से शामिल अधिकारियों से बात की और उनसे दस्तावेज मांगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशों का अनुपालन करते हुए संघीय एजेंसी ने नए सिरे से प्राथमिकी दर्ज की है। एनआईए के एक अधिकारी ने बताया कि जांच का मुख्य उद्देश्य यह निर्धारित करना है कि क्या हिंसा किसी संगठित साजिश, भ्रामक जानकारी के प्रसार या सांप्रदायिक भावनाओं को भड़काने के लिए की गई उकसावे की कार्रवाई का परिणाम थी। बेलडांगा और आसपास के इलाकों में 16 जनवरी को उस समय तनाव फैल गया जब खबर आई कि इलाके के प्रवासी मजदूर की झारखंड के आश्रय स्थल पर मौत हो गई है। बिहार में इसी क्षेत्र के एक प्रवासी मजदूर पर हुए हमले की खबर आने के बाद लगभग दो दिनों तक स्थिति अस्थिर बनी रही और इलाके में अशांति की घटनाएं सामने आईं।

# फरवरी में तापमान होगा सामान्य से अधिक, बारिश भी होगी कम

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईएमडी के अनुसार, गेहूं और जौ जैसी फसलों में समय से पहले पकने की हो सकती है समस्या, पैदावार होगी कमजोर

देश में फरवरी में मौसम सामान्य से अधिक गर्म रहने और बारिश कम हो सकती है, हिमालयी क्षेत्र में जहां सर्दियों के शुष्क होने को जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से जोड़ा जा सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को यह जानकारी दी।

आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि पूरे देश में फरवरी में होने वाली बारिश सामान्य से कम होगी और न्यूनतम और अधिकतम तापमान, दोनों सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है। गेहूं और जौ जैसी फसलों में समय से पहले पकने की समस्या हो सकती है, जिससे बाली में दाने नहीं बनेंगे और दाने हल्के हो जायेंगे तथा पैदावार कम हो जायेगी। महापात्र ने कहा कि उत्तर-पश्चिमी भारत (जिसमें पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर और लद्दाख शामिल हैं) में फरवरी में मासिक वर्षा सामान्य से कम रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि दिसंबर और जनवरी के ज्यादातर भागों में पश्चिमी विक्षोभ की गैर मौजूदगी के कारण पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में सर्दियों में मौसम शुष्क बना रहा, जहां 20 जनवरी के बाद ही हिमपात हुआ। समय के साथ पश्चिमी हिमालय में वर्षा में कमी का रुझान देखा गया है, जिससे आईएमडी और अन्य संस्थानों द्वारा किए अध्ययनों में जलवायु परिवर्तन को बताया गया है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन का कौन सा विशेष पहलू पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में बारिश में कमी का कारण है।

## मोदी के जालंधर दौरे से पहले डेरा बल्लां और दो स्कूलों को बम की धमकी

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जालंधर स्थित डेरा सचखंड बल्लां के मुख्यालय का दौरा करने से एक दिन पहले शनिवार को संप्रदाय और दो स्कूलों को बम विस्फोट की धमकियां मिलीं। धमकी भरे ईमेल विद्यालयों को भेजे गए हैं और संदेश के पाठ में डेरा बल्लां को सीधे धमकी दी गई है।

पुलिस प्राधिकारियों ने दोनों स्कूल के परिसर में सुरक्षा जांच शुरू कर दी है और बम निरोधक दस्तों को बुलाया गया है। अवकाश होने के कारण विद्यालयों में छात्र नहीं थे। प्रधानमंत्री का गुरु रविदास जयंती के अवसर पर रविवार को डेरा बल्लां जाने का कार्यक्रम है। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। इससे पहले बुधवार को चंडीगढ़ के कई विद्यालयों को धमकियां मिली थीं।

# साइबर अपराधों से लोगों को बचाने के लिए मजबूत और प्रभावी तंत्र बनाने की जरूरत

जयपुर, एजेंसी



- साइबर अपराधों पर हाईकोर्ट सख्त, दो अपराधियों की जमानत याचिकाएं कीं खारिज

राजस्थान हाईकोर्ट ने बढ़ते साइबर अपराधों पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि कुछ वर्षों में देश में ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों में वृद्धि हुई है, जिससे हजारों लोग अपनी मेहनत की कमाई खो रहे हैं। न्यायमूर्ति अनूप कुमार ढंढ ने शनिवार को दो साइबर अपराधियों की जमानत याचिकाएं खारिज करते हुए कहा कि इंटरनेट के माध्यम से होने वाले अपराधों से नागरिकों को बचाने के लिए मजबूत और प्रभावी तंत्र तैयार किया जाना आवश्यक है।

ऑनलाइन बैंकिंग या किसी भी डिजिटल लेन-देन से पहले लोगों को जागरूक करना बेहद जरूरी है। इसके लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया, टेलीविजन और एफएम रेडियो के माध्यम से व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए, ताकि लोग डिजिटल धोखाधड़ी का शिकार होने से बच सकें। हाईकोर्ट ने साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया को सरल और तेज करने पर भी ज़ोर दिया। न्यायालय के अनुसार, शिकायत प्रणाली जटिल होने के कारण कई पीड़ित समय रहते मदद नहीं ले पाते, जिससे उनका पैसा वापस पाना कठिन हो जाता है।

अदालत ने केंद्र और राज्य सरकारों के वित्त एवं गृह मंत्रालयों, राजस्थान के पुलिस महानिदेशक और रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया को निर्देश दिये हैं कि वे मिलकर ऐसा तंत्र विकसित करें, जिससे ग्राहकों की मेहनत की कमाई अनधिकृत लेन-देन से सुरक्षित रहे। साथ ही, न्यायालय ने ग्राहकों का डेटा बेचकर अपराधियों को फायदा पहुंचाने वाली सोशल मीडिया कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिये। अदालत ने कहा कि साइबर अपराध केवल तकनीकी चुनौती नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा का गंभीर मुद्दा बन चुके हैं।

# अमेरिका अपने सहयोगी देशों सऊदी अरब और इजराइल को देगा हथियार

- राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 15 अरब डॉलर के रक्षा सौदे को दी मंजूरी

वाशिंगटन, एजेंसी

व्हाइट हाउस ने ईरान में अशांति को लेकर तनाव के बीच पश्चिमी एशिया में अमेरिका के दो बड़े सहयोगी देशों, इज़राइल और सऊदी अरब को कुल 15.67 अरब अमेरिकी डॉलर की बड़ी नई हथियारों की बिक्री को मंजूरी दे दी है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस सौदे को मंजूरी दे दी है। इज़राइल को 6.67 अरब डॉलर की नई बिक्री में चार अलग-अलग पैकेज शामिल हैं, जिसमें रॉकेट लॉन्चर और आधुनिक टारगेटिंग गियर से लैस 30 अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर शामिल हैं। इसके अलावा इज़राइली सेना के लिए संचार लाइनें बढ़ाने के मकसद से 3,250 हल्के टेक्टिकल वाहन शामिल हैं। कहा गया है कि सऊदी अरब को नौ अरब डॉलर की बिक्री में 730 पैट्रियट मिसाइलें और संबंधित उपकरण शामिल हैं। इसका मकसद एक प्रमुख क्षेत्रीय गैर-नाटो सहयोगी का समर्थन करना है। विदेश विभाग ने पहले ही कांग्रेस को इन बिक्री की मंजूरी के बारे में सूचित कर दिया था।

### इजराइली राजनयिक को देश से निकाला

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका ने इज़राइल के राजनयिक चार्ज डी अफेयर्स एरियल सेडमैन को पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित करते हुए उन्हें 72 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया। इसके जवाब में इज़राइल ने भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ समान कूटनीतिक कदम उठाने की घोषणा की। दक्षिण अफ्रीका के अंतर्राष्ट्रीय संबंध एवं सहयोग विभाग ने कहा कि यह निर्णय सेडमैन द्वारा कूटनीतिक मानदंडों के उल्लंघनों की श्रृंखला के बाद लिया गया है।

## डिजिटल दीवानगी का खूनी खेल

# रील एडिक्शन

आज के डिजिटल युग में रील शब्द किसी परिचय का मोहताज नहीं है। इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म्स पर चंद सेकंड के वीडियो (रील्स) लोगों के मनोरंजन का सबसे बड़ा साधन बन चुके हैं। लेकिन, मनोरंजन की यह सीमा कब मौत के स्टंट में तब्दील हो गई, इसका अंदाजा शायद उन युवाओं को भी नहीं रहा जो कैमरे के सामने खड़े होते हैं। सोशल मीडिया पर लाइक्स, शेयर और रातों-रात वायरल होने की सनक ने एक ऐसा खतरनाक माहौल पैदा कर दिया है, जहां लोग अपनी और दूसरों की जान को दांव पर लगाने से भी नहीं कतरा रहे हैं। आंकड़े गवाह हैं कि सेल्फी और रील बनाने के चक्कर में होने वाली मौतों के मामले में भारत दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल है। ट्रेन की पटरियों पर दौड़ते हुए वीडियो बनाना, ऊंची इमारतों की छतों पर स्टंट करना खतराए जान बन चुकी है।



### सुरक्षा के साथ मनोवैज्ञानिक संकट

- यह न केवल एक सुरक्षा संबंधी मुद्दा है, बल्कि बड़ा मनोवैज्ञानिक संकट भी है। युवा पीढ़ी के लिए सोशल मीडिया पर मिलने वाली डिजिटल अटेंशन एक तरह के डोपामाइन रश की तरह काम करती है, जो उन्हें अधिक जोखिम लेने के लिए उकसाती है। सरकार और प्रशासन समय-समय पर इसके खिलाफ एडवाइजरी जारी करते हैं, लेकिन व्यक्तिगत जिम्मेदारी और सामाजिक जागरूकता के बिना इन हादसों को रोकना एक बड़ी चुनौती बना रहेगा। इस समस्या की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि केवल उत्तराखंड में ही पिछले दो वर्षों में रेलवे ट्रैक पर होने वाली मौतों में 63% की वृद्धि हुई है, जिसका मुख्य कारण रील और सेल्फी का शौक बताया गया है।

### बचाव के कुछ उपाय

- तकनीकी हस्तक्षेप : सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को ऐसे एल्गोरिदम विकसित करने चाहिए जो खतरनाक स्टंट वाले वीडियो को प्रमोट करने के बजाय उन्हें सेंसर करें।
- प्रशासनिक सख्ती : पर्यटन स्थलों, झरनों और ऊँची चोटियों पर नो रील/नो सेल्फी जोन चिन्हित किए जाने चाहिए।
- शैक्षणिक जागरूकता : स्कूलों और कॉलेजों में डिजिटल साक्षरता और सोशल मीडिया के मानसिक दुष्प्रभावों के बारे में वर्कशॉप आयोजित की जानी चाहिए।
- कानूनी कार्रवाई : खतरनाक रील बनाने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने और भारी जुर्माने का प्रावधान होना चाहिए।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

मनोवैज्ञानिकों के अनुसार रील बनाने की सनक डिजिटल वैनिटी का हिस्सा है। लोग असली जिंदगी से भागकर एक आभासी दुनिया में आदर्श छवि बनाना चाहते हैं, जिससे वे खतरनाक परिस्थितियों को भांप नहीं पाते हैं।

### सरकार के निर्देश और नियम

- आईटी नियम 2025-26 : केंद्र सरकार ने आईटी एमेंडमेंट रूल्स 2025 के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को हानिकारक और अश्लील सामग्री पर रोक के सख्त निर्देश दिए हैं।
- पुलिस की कार्रवाई : कई राज्यों की पुलिस (जैसे हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, उत्तर प्रदेश) ने खतरनाक सड़कों और रेलवे पटरियों पर रील बनाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना शुरू कर दिया है।
- बीएनएस की धाराएं : भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत सार्वजनिक स्थानों पर जान जोखिम में डालने वाले कृत्यों पर दंड का प्रावधान है। उदाहरण के लिए, वंदे भारत ट्रेन के ट्रैक पर अवरोध उत्पन्न कर रील बनाने वालों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ईरान में एक इमारत में धमाका, चार की मौत

**तेहरान।** ईरान के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत खुज़ेस्तान में शनिवार को एक रिहायशी इमारत में गैस धमाके में चार लोगों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी आईआरएनए ने शहर के अग्निशमन विभाग के प्रमुख बावक रबीई के हवाले से बताया कि यह घटना प्रांतीय राजधानी अहवाज़ में स्थित चार यूनिट वाली इमारत में गैस लीक होने के कारण हुई। उन्होंने बताया कि दमकलकर्मियों और बचाव दल को घटनास्थल पर भेजा गया है।

### बैलेस्टेरास की तांबे की प्रतिमा के टुकड़े मिले

**मैड्रिड।** स्पेन के दिग्गज गोल्फ खिलाड़ी सेवे बैलेस्टेरोस की उनके गृहनगर पेद्रेना से चोरी हुई तांबे की आदमकद प्रतिमा को पुलिस ने एक स्टोर से कई टुकड़ों में बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि करीब 30 हजार यूरो (लगभग 27 लाख रुपये) मूल्य की इस प्रतिमा को चोरों ने टुकड़ों में काट दिया था और वे इसे कौड़ियों के भाव बेचने की तैयारी में थे। स्पेन के कैंटाब्रिया क्षेत्र स्थित सेंटेंडर के एक स्टोर रूम से बरामद इस प्रतिमा का कमर से कटा आधा हिस्सा मिला। इसका धड़ और सिर सुरक्षित हैं, लेकिन इसके हाथ कई टुकड़ों में टूट हुए पाए गए। पुलिस ने इस मामले में तांबा चोरी के पुराने अपराधी एक 22 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है।

### वेनेजुएला में रिहा होंगे राजनैतिक बंदी

**काराकस।** वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने शुक्रवार को एक ऐसे विधेयक की घोषणा की, जिसके जरिए सैकड़ों कैदियों की रिहाई का रास्ता खुल सकता है। इनमें राजनीतिक कारणों से हिरासत में लिए गए विपक्षी नेता, पत्रकार और मानवाधिकार कार्यकर्ता भी शामिल हैं। अमेरिका समर्थित विपक्ष लंबे समय से ऐसे कदम की मांग करता रहा है। यह तीन जनवरी को देश की बागडोर संभालने के बाद रोड्रिगेज द्वारा दी गई नई रियायत मानी जा रही है।

### झड़पों में 37 बलूच लड़ाकों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों और बलूच लड़ाकू के बीच हुई झड़प में कम से कम 10 सुरक्षा अधिकारी मारे गए और 37 बलूच लड़ाकों की मौत हो गई। सुरक्षा सूत्रों ने शनिवार को बताया कि प्रतिबंधित बलूचिस्तान मुक्ति सेना (बीएलए) ने शनिवार सुबह-सुबह क्वेटा, नोशकी और ग्वादर जिलों सहित 12 से ज़्यादा जगहों पर एक साथ हमले किये। पाकिस्तानी सेना की कार्रवाई में 37 लड़ाके मारे गए।

# अमेरिकी जंगी बेड़े के करीब ईरान करेगा युद्धाभ्यास, एलान से तनाव

## अमेरिकी रक्षा मंत्रालय की चेतावनी, हरमुज में सुरक्षित रूप से अभ्यास करे ईरान

- युद्धपोतों के ऊपर से उड़ान को बर्दाश्त नहीं करेगा अमेरिका

फ्लोरिडा/दुबई, एजेंसी

अमेरिका ने ईरान की तरफ अपना सबसे बड़ा सैन्य बेड़ा भेजा है, जिससे पश्चिम एशिया में मौजूदा तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। वहीं ईरान ने भी मोर्चा संभालते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य में दो दिवसीय नौसैनिक अभ्यास की घोषणा की है। इस पर अमेरिकी सेना के केंद्रीय कमान ने ईरानी सेना को चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि वह अमेरिकी युद्धपोतों के ऊपर से उड़ान भरने जैसे असुरक्षित युद्धाभ्यास को बर्दाश्त नहीं करेगा।

अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के अधीन आने वाली केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने ईरान की इस्लामी रेवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) से कहा है कि वह रविवार से हरमुज़ की खाड़ी में शुरू होने वाला अपना नौसैनिक अभ्यास सुरक्षित तरीके से करे और किसी भी अनावश्यक जोखिम को जन्म न दे। सेंटकॉम ने कहा कि आईआरजीसी नौसैनिक अभ्यास को इस तरह से करे जो सुरक्षित, पेशेवर हो और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री यातायात के लिए नौपरिवहन की आज़ादी को अनावश्यक जोखिम से बचाए। हरमुज़ खाड़ी एक अंतर्राष्ट्रीय समुद्री मार्ग है और एक ज़रूरी व्यापार गलियारा है, जो क्षेत्रीय आर्थिक समृद्धि में मदद करता है।

ईरान ने गुरुवार को एलान किया था कि वह हरमुज़ की खाड़ी में रविवार से नौसैनिक अभियान शुरू करेगा। ईरानी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ईरान की नौसेना एक और दो फरवरी को हरमुज खाड़ी में गोलीबारी के साथ अभ्यास करेगी। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने पश्चिमी एशिया में अपना विमान वाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन भी तैनात किया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसका हवाला देते हुए ईरान से अपनी शर्तें मानने के लिए भी कहा है।



### पुतिन से मिले ईरानी सुरक्षा प्रमुख लारीजानी

**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन में ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी का स्वागत किया। यह एक अघोषित उच्च स्तरीय बैठक थी। ईरान के शीर्ष नेता अली खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार लारीजानी को पिछले साल अगस्त में इस पद पर नियुक्त किया गया था। इससे पहले वह ईरान के परमाणु केंद्रों पर अमेरिकी हवाई हमलों के बाद मॉस्को आए थे। क्रेमलिन ने कहा कि राष्ट्राध्यक्ष ने क्रेमलिन में रूस की यात्रा पर आए ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी का स्वागत किया। यह नहीं बताया गया कि दोनों नेताओं के बीच क्या बातचीत हुई।

### ईरान बातचीत के लिए तैयार : ट्रंप

**वाशिंगटन।** पश्चिमी एशिया में बढ़ती अमेरिका की सैन्य उपस्थिति के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान बातचीत के लिए तैयार है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में कहा कि ईरान के साथ बातचीत शुरू करने के लिए एक अंतिम तारीख तय की गई है, हालांकि उन्होंने सही समय नहीं बताया। ईरान के पास एक अमेरिकी नौसैनिक पोत की तैनाती का ज़िक्र करते हुए कहा, उम्मीद है, हम एक समझौता करेंगे। अगर हम समझौता नहीं करते हैं, तो देखेंगे क्या होता है। अमेरिका ने जहां बातचीत के लिए तैयारी दिखाई, वहीं ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ईरान का रुख दोहराया। उन्होंने कहा कि ईरान आपसी हितों और सम्मान के आधार पर बातचीत को तैयार है।

## भारत में निपाह वायरस के मामलों से न घबराएं

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका ने भारत में जानलेवा निपाह वायरस के दो मामले सामने आने के बाद कहा है कि घबराने की जरूरत नहीं है और देश के लिए फिलहाल कोई तात्कालिक खतरा नहीं है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि वह राष्ट्रीय संक्रामक रोग संस्थान (एनआईसीडी) के साथ मिलकर काम कर रहा है, जो स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के लिए कोई तात्कालिक खतरा नहीं है और लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। नई दिल्ली में, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) से मिली जानकारी का हवाला देते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि पिछले साल दिसंबर से अब तक पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस रोग के केवल दो मामले सामने आए हैं।

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में राज्य स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि निपाह वायरस से संक्रमित दोनों नर्सों की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार हुआ है और दोनों की जांच रिपोर्ट में अब संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है। निपाह वायरस पशुओं से फैलने वाला एक वायरस है, जो आमतौर पर चमगादड़ों से मनुष्यों में फैलता है।

# हमने सिर झुकाया, किया आत्मसम्मान से समझौता

- विदेशी ऋण पाने में अपमान पर बोले पाकिस्तानी प्रधानमंत्री

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मित्र देशों से वित्तीय सहायता मांगने में अपमानजनक स्थिति का जिक्र करते हुए इस बात को खुलकर स्वीकारा कि विदेशी ऋण लेने की मजबूरी में पाकिस्तान को अपना सिर झुकाना पड़ा है और आत्मसम्मान की कीमत पर समझौता करना पड़ा। इस्लामाबाद में शुक्रवार को देश के प्रख्यात व्यापारियों और निर्यातकों के सम्मान में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए शरीफ ने उस कठिन दौर को याद किया जब पाकिस्तान को दिवालियापन के डर का सामना करना पड़ा था और कुछ लोग इसे (पाकिस्तान को) तकनीकी रूप से विफल होने के कगार पर बता रहे थे।

उन्होंने कहा कि जब हमने पदभार संभाला, तब आर्थिक स्थिति बेहद नाजुक थी और आम आदमी को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। प्रधानमंत्री ने 2023 में पेरिस में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के प्रबंध निदेशक के साथ अपनी मुलाकात का जिक्र किया जिसके बाद वैश्विक ऋणदाता ने एक आर्थिक कार्यक्रम को मंजूरी दी जिससे देश की अर्थव्यवस्था को स्थिर करने में मदद मिली। शरीफ ने कहा कि मित्र देशों ने मुश्किल समय में पाकिस्तान का पूरा समर्थन किया है और उन्होंने सेना प्रमुख एवं रक्षा बलों के प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के साथ मिलकर कई देशों के नेताओं से अरबों डॉलर के ऋण मांगने के लिए मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मैं कैसे बताऊं कि हमने मित्र देशों से ऋण के लिए किस तरह अनुरोध किया? मित्र देशों ने हमें निराश नहीं किया।



### चुकानी पड़ती है ऋण की कीमत

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऋण से दायित्व भी उत्पन्न होते हैं जिन्हें पूरा करना होता है। उन्होंने कहा कि जब आप ऋण लेने जाते हैं तो आपको अपने आत्मसम्मान की कीमत चुकानी पड़ती है। आपको समझौता करना पड़ता है। कभी अनुचित मांगें सामने आ सकती हैं, उन्हें पूरा करना पड़ सकता है।

## हवाई अड्डे से 9.5 करोड़ रुपये का गांजा पकड़ा गया

**हैदराबाद।** तेलंगाना में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लगभग 9.5 करोड़ रुपये का 27.15 किलो गांजा जब्त किया और सात संदिग्धों को गिरफ्तार किया। हैदराबाद क्षेत्रीय इकाई के डीआरआई अधिकारियों ने 30 जनवरी को सुबह करीब 1.15 बजे थाई एयरवेज की उड़ान टीजी-329 से बैंकॉक से आ रहे चार भारतीय अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों को उनके तीन साथियों के साथ उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वे प्रतिबंधित सामान का लेन-देन कर रहे थे। जांच में ट्रॉली बैग से कई पैकेट बरामद किए। उसका 27.15 किलो वजन वाले इस पदार्थ का मादक पदार्थों का पता लगाने वाली किट से परीक्षण किया गया।

## पूर्वी कांगो में खदान ढहने से 200 लोगों की चली गई जान

- बारिश के चलते भूस्खलन से हुआ हादसा, कई लोग अभी फंसे

गोमा (कांगो), एजेंसी

पूर्वी कांगो में एक प्रमुख कोल्टन (कोलंबाइट-टैंटलाइट) खनन स्थल पर भूस्खलन के कारण कई खदानें ढह जाने से कम से कम 200 लोग मारे गए। विद्रोहियों की इकाई ने यह जानकारी दी। विद्रोहियों की इकाई द्वारा नियुक्त उत्तरी किवू प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता लुमुम्बा कंबेरे मुयिसा ने बताया कि यह भूस्खलन बुधवार को रुबाया खदानों में हुआ जो विद्रोहियों के नियंत्रण में हैं। उन्होंने कहा कि भूस्खलन भारी बारिश के कारण हुआ।

मुयिसा ने कहा कि फिलहाल 200 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें से कुछ अब भी कीचड़ में फंसे हुए हैं और उन्हें निकाला नहीं जा सका है। उन्होंने बताया कि घटना में कई अन्य लोग घायल हुए हैं और उन्हें रुबाया कस्बे के तीन स्वास्थ्य केंद्रों में ले जाया गया है। उन्होंने कहा कि शनिवार को घायलों को एंबुलेंस से निकटतम शहर गोमा ले जाया जाएगा। मुयिसा ने बताया कि उत्तरी किवू की विद्रोही इकाई द्वारा नियुक्त गवर्नर ने अस्थायी रूप से खनन कार्य पर रोक लगा दी और खदान के पास आश्रय बनाने वाले निवासियों को हटाने का आदेश दिया है। रुबाया पूर्वी कांगो के मध्य में है जो मध्य अफ्रीकी राष्ट्र का खनिज-समृद्ध हिस्सा है और दशकों से सरकारी बलों तथा रवांडा समर्थित एम23 सहित विभिन्न सशस्त्र समूहों की हिंसा से त्रस्त है।

## केंद्र ने आईजी पद पर तैनाती के नियम बदले

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने आईपीएस के अधिकारियों की केन्द्र में पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) के पद पर तैनाती के नियमों में बदलाव करते हुए कहा है कि इसके लिए केन्द्र में एसपी या डीआईजी पद पर दो वर्ष तक कार्य का अनुभव अनिवार्य है। यह नियम वर्ष 2011 के बैच और उसके बाद के आईपीएस अधिकारियों पर लागू होगा। इसका उद्देश्य नेतृत्व वाले वरिष्ठ पदों पर पदोन्नति से पहले अधिकारियों के लिए केंद्रीय स्तर पर पर्याप्त अनुभव सुनिश्चित करना है। आदेश में कहा गया है कि वर्ष 2011 बैच और उसके बाद के आईपीएस अधिकारियों के लिए केन्द्र में आईजी के लिए एसपी या डीआईजी स्तर पर दो वर्ष की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति अनिवार्य है।

# गाजा में इजराइली हमलों में बच्चों सहित 23 फिलिस्तीनियों की मौत

- मृतकों में दो परिवारों की दो महिलाएं व छह बच्चे भी शामिल

गाजा पट्टी, एजेंसी

गाजा में शनिवार तड़के इजराइल द्वारा किए गए हमलों में कम से कम 23 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। अक्टूबर में संघर्ष रोकने के लिए हुए समझौते के बाद इजराइली हमले में मारे गए लोगों की संख्या सबसे अधिक है।

अस्पतालों के अधिकारियों ने बताया कि इजराइल द्वारा हमास पर संघर्ष विराम उल्लंघन का आरोप लगाए जाने के एक दिन बाद गाजा में कई स्थानों पर हमले हुए, जिनमें एक इमारत और खान यूनिस में तम्बू वाले एक शिविर पर घातक हमले शामिल हैं। इन हमलों में जान गंवाने वाले लोगों में दो अलग-अलग परिवारों की दो महिलाएं और छह बच्चे शामिल हैं। शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सेल्मिया ने बताया कि गाजा शहर में एक थाने पर भी हवाई हमला हुआ, जिसमें 11 लोग मारे गए और कई अन्य लोग घायल हो गए। गाजा के सबसे दक्षिणी शहर में मिस्र की सीमा पर राफा क्रॉसिंग खुलने से एक दिन पहले ये हमले हुए। क्षेत्र की सभी सीमाएं बंद कर दी गई हैं। नासिर अस्पताल ने कहा कि तम्बू वाले शिविर पर हमले में आग लग गई, जिसमें एक व्यक्ति, उसके परिवार के छह सदस्यों सहित सात लोग मारे गए। मृतकों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। गाजा सिटी अपार्टमेंट इमारत पर हमले में तीन बच्चों, उनकी चाची और दादी की मौत हो गई।

### हमले संघर्ष विराम का खुला उल्लंघन

हमास ने शनिवार के हमलों को नए सिरे से खुला उल्लंघन कहा तथा अमेरिका और अन्य मध्यस्थ देशों से आग्रह किया कि वे इजराइल पर हमले रोकने के लिए दबाव डालें। एक सैन्य अधिकारी ने कहा कि एक दिन पहले संघर्ष विराम का उल्लंघन किए जाने के जवाब में इजराइल ने शुक्रवार देर रात से शनिवार तड़के तक हमले किए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने 10 अक्टूबर को संघर्ष विराम शुरू होने के बाद से इजराइली गोलीबारी में 509 के मारे जाने का दावा किया।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 1 फरवरी, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा 2 फरवरी 03 .38 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- पुष्य 23 .58 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष** – आज दूसरों के भरोसे अपने जरूरी काम न छोड़ें। हालांकि पहले की गई मेहनत सुखद परिणाम दे सकती है। परिजनों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में कुछ नई योजना बना सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़ी परेशानी रहेगी।

**वृष** – आज मन में अज्ञात भय का प्रभाव रहने वाला है। कर्मचारियों की गतिविधियों की जानकारी रखें। आप में सकारात्मक ऊर्जा की अधिकता रहेगी। अपने लक्ष्य पर पूरा फोकस बनाए रखें। उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**मिथुन** – आज व्यवसाय में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। आप अपनी जॉब को बदलने का विचार बना सकते हैं। आपके आदर्शों और व्यवहार की प्रशंसा होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। बड़े भाई-बहनों के साथ व्यवहार में कड़वाहट हो सकती है।

**कर्क** – आज अनावश्यक कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। बुजुर्ग आपसे नाराज हो सकते हैं। धार्मिक आयोजन में जाने का अवसर मिल सकता है। संतान के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। रुके हुए निर्माण कार्यों को दोबारा शुरू कर सकते हैं।

**सिंह** – आज घर में मांगलिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। नए लोगों से दोस्ती करने से बचें। आपकी दिनचर्या अच्छी नहीं रहेगी। व्यवसाय में धन का नुकसान होगा। बच्चों से व्यवहार अच्छा रखें। आपका मन किसी कारण खराब हो सकता है।

**कन्या** – आज अपना मनोबल और आत्मविश्वास बनाए रखें। दोपहर के बाद आपको शुभ समाचार मिलेंगे। संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा। जिम्मेदार व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा। व्यस्तता के बावजूद परिवार के लिए समय निकालेंगे।

**तुला** – आज शाम के समय मित्रों के साथ भोजन का आनंद ले सकते हैं। प्रेम-प्रसंग में नजदीकियां बढ़ेंगी। बच्चों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। किसी इंटरव्यू में बैठ रहे हैं, तो आपको काफी अच्छे परिणाम मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज विरोधी आपकी आलोचना कर सकते हैं। कर्मचारियों की गतिविधियों की जानकारी रखें। आप में सकारात्मक ऊर्जा की अधिकता रहेगी। अपने लक्ष्य पर पूरा फोकस बनाए रखें। उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**धनु** – आज आवश्यक कार्यों को दोपहर से पहले पूर्ण कर लें। संपत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ होगा। वैवाहिक संबंधों का तनाव दूर होगा। लोग आपके कार्यों की आलोचना कर सकते हैं। जीवन में आपको बड़े परिवर्तन करने से बचना चाहिए।

**मकर** – आज व्यापार में बिक्री बढ़ सकती है। त्वरित प्रतिक्रिया देने से बचें। आप अपने परिजनों को पूरा समय देंगे। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। परोपकार के कार्यों में मन लगाएंगे। विद्यार्थी पढ़ाई में व्यस्त हो सकते हैं।

**कुंभ** – आज आपको नए अनुभवों के लिए तैयार रहना चाहिए। आप जिन अवसरों को तलाश रहे थे, वे आपको प्राप्त हो सकते हैं। नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों को परेशानी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में अपनी उपलब्धियों को लेकर असंतुष्ट हो सकते हैं।

**मीन** – आज सभी कार्यों को समय से पूर्ण कर लेंगे। विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्तम परिणाम मिलने के योग बन रहे हैं। घुटनों में दर्द की शिकायत हो सकती है। करियर को लेकर किसी से सलाह लेना उचित नहीं है। प्रेमीजन के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

## सुडोकू-48

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 9 | | 1 | | | |
| 9 | | 3 | | 2 | | | 5 | |
| | | | | 7 | | 3 | | |
| 5 | | | 8 | | | 7 | | |
| | | 4 | | | | | | 1 |
| | | 2 | | | 6 | | | 5 |
| | | | | 6 | | | | 9 |
| | 1 | | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 4 | | 7 | | 1 | |

### सुडोकू - 47 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 1 | 9 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 | 5 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 8 | 3 | 2 | 7 | 1 | 9 | 6 |
| 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 6 | 3 | 2 | 8 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 9 |
| 3 | 4 | 2 | 8 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 |
| 9 | 7 | 5 | 4 | 6 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 7 | 4 | 1 |



> टी-20 क्रिकेट में बेशक हमारी टीम सबसे अच्छी टीम में से एक है—आपका दिन कभी भी खराब हो सकता है। लेकिन अगर आप क्रिकेट की बात कर रहे हैं तो आपको टेस्ट क्रिकेट की बात करनी होगी।
> –कपिल देव


# स्टेडियम

अमृत विचार

www.amritvichar.com

कानपुर, रविवार, 1 फरवरी 2026


## हाईलाइट

### कपिल ने टेस्ट क्रिकेट पर ध्यान देने पर जोर दिया

**नई दिल्ली।** भारत के महान क्रिकेटर कपिल देव का मानना है कि विश्व कप के लिए उतरने से पहले राष्ट्रीय टीम टी20 क्रिकेट में सबसे मजबूत दावेदारों में से एक बनी हुई है लेकिन उन्होंने जोर दिया कि टेस्ट क्रिकेट को इस खेल की नींव बनाए रखना चाहिए। भारत की तैयारी पर बात करते हुए कपिल ने कहा कि जहां सबसे छोटा प्रारूप लोकप्रिय हुआ है तो वहीं खेल की बेहतर सेहत सुनिश्चित करने के लिए लंबे प्रारूप पर भी उतना ही ध्यान देना चाहिए। विश्व कप 1983 में भारत की खिताबी जीत के दौरान टीम के कप्तान रहे कपिल ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा उन्होंने कहा एकदिवसीय क्रिकेट को भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। मैं समझता हूं कि टी20 क्रिकेट रोमांचक है लेकिन खेल का आधार टेस्ट क्रिकेट है और हमें इसके साथ एकदिवसीय क्रिकेट में भी अधिक समय निवेश करना चाहिए।

### गुकेश की खिताब की उम्मीदें खत्म

**विक आन जी।** डी गुकेश ने हमवतन अराविंद चिदंबरम से ड्रॉ खेला जिससे टाटा स्टील मास्टर्स 2026 में इस मौजूदा विश्व चैम्पियन की खिताब की उम्मीदें खत्म हो गई । आर प्रज्ञानानंदा भी विंसेंट केमेर के खिलाफ जीत दर्ज नहीं कर सके । साल के पहले सुपर टूर्नामेंट में दो दौर ही बाकी हैं और उजबेकिस्तान के सिंदारोव तथा अब्दुसत्तोरोव सात सात अंक लेकर शीर्ष पर हैं । हाल ही में विश्व शतरंज कप जीतने वाले सिंदारोव ने अर्जुन एरिगेसी को हराया । गुकेश का सामना अब नीमैन और फिर केमेर से होगा ।

### सैम करन ने टी20 हैट्रिक ली

**पल्लेकेले।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन अपने देश के दूसरे पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने टी 20 हैट्रिक ली है। इंग्लैंड ने शुक्रवार को पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में तीन मैचों की सीरीज के पहले मैच में श्रीलंका को 11 रन (डीएलएस मेथड) से हराया। करन ने श्रीलंका के निचले क्रम को तहस-नहस कर दिया, उन्होंने लगातार गेंदों पर दासुन शनाका, महेश थीक्षाना और मथीशा पथिराना को आउट किया। इस तरह क्रिस जॉर्डन के टी20 इंटरनेशनल में यह उपलब्धि हासिल करने के बाद करन ऐसा करने वाले इंग्लैंड के दूसरे गेंदबाज बन गए हैं।



आस्ट्रेलियाई ओपन महिला एकल खिताब के साथ एलेना रिबाकिना व उपविजेता दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका।

## इतिहास रचने उतरेंगे जोकोविच और अल्काराज

मेलबर्न, एजेंसी

थकान और खुशी के पल में नोवाक जोकोविच ने भीड़ में मार्गरेट कोर्ट को पहचान लिया और उन्हें इतनी देर तक जागकर उन्हें अब तक के सबसे सफल टेनिस खिलाड़ी बनने से सिर्फ एक जीत दूर पहुंचते हुए देखने के लिए धन्यवाद दिया। रोड लेवर एरिना में 83 साल की कोर्ट दो बार के गत ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर पर जोकोविच की पांच सेट की जीत के दौरान वीआईपी दर्शकों के बीच मौजूद थीं। यह मुकाबला शनिवार सुबह डेढ़ बजे खत्म हुआ।

ये दोनों 24 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब का सर्वकालिक रिकॉर्ड साझा करते हैं, लेकिन रविवार को यह बदल सकता है। सिनर पर जोकोविच की कड़ी जीत ने शीर्ष रैंकिंग वाले अल्काराज के खिलाफ खिताबी मुकाबला तय किया। स्पेन का 22 साल का यह खिलाड़ी करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनने की राह पर है। अल्काराज और सिनर मिलकर अब तक जोकोविच को 25वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने से रोकने में सफल रहे हैं। दोनों ने पिछले आठ ग्रैंडस्लैम खिताब बराबर संख्या में जीते हैं। सेमीफाइनल में जीत के बाद जोकोविच ने कोर्ट को धन्यवाद दिया।

### मर्टेन्स और झेंग, हैरिसन और स्कुप्स्की ने युगल खिताब जीता

मेलबर्न। एलिस मर्टेन्स ने शनिवार को चीन की झेंग शुआई के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीतकर महिला युगल में नंबर एक रैंकिंग पर वापसी की जबकि अमेरिका के क्रिश्चियन हैरिसन और ब्रिटेन के नील स्कुप्स्की ने पुरुष युगल खिताब जीता। चार साल बाद एक टीम के तौर पर वापसी करने वाली मर्टेन्स और झेंग पहले सेट में 0-3 और 1-4 से पीछे थीं लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए कजाखस्तान की एना डैनिलिना और सर्बिया की एलेक्जेंड्रा क्रूनिक को 7-6, 6-4 से हराया। पुरुष युगल के फाइनल में हैरिसन ने मैच प्वाइंट पर ऐस लगाकर स्कुप्स्की के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलिया के जेसन कुबलर और मार्क पोलमैन्स की जोड़ी को 7-6, 6-4 से शिकस्त दी। कुबलर का अपने घरेलू ग्रैंडस्लैम फाइनल में उतरने से पहले जीत-हार का रिकॉर्ड 14-3 था।



यूएस के क्रिश्चियन हैरिसन और ब्रिटेन के नील स्कुप्स्की।

# भारत ने टी-20 सीरीज में 4-1 से कब्जा किया

## न्यूजीलैंड को पांचवें व अंतिम मैच में 46 रनों से हराया

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

ईशान किशन के शानदार शतक के बाद अर्शदीप सिंह के पांच विकेट की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड को पांचवें और आखिरी टी20 मैच में 46 रनों से हरा दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 271 रन बनाए थे। जवाब में न्यजीलैंड की टीम 225 रनों पर सिमट गई।

भारतीय बल्लेबाज ईशान ने 43 गेंद में 103 रन बनाये जिसमें छह चौके और दस छक्के शामिल थे। यह टी20 प्रारूप में उनका पहला शतक है। वहीं कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 30 गेंद में चार चौकों और छह छक्कों की मदद से 63 रन की पारी खेली। दोनों ने करीब दस ओवर में 137 रन की साझेदारी की। इस श्रृंखला में लगातार पांचवीं बार नाकाम रहे सैमसन (छह) की टी20 विश्व कप की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। वह लॉकी फर्ग्युसन की गेंद पर आउट हुए। अभिषेक शर्मा ( 16 गेंद में 30 रन) ने शुरूआत तो अच्छी की लेकिन फर्ग्युसन की तेज रफ्तार गेंद पर विकेट गंवा बैठे। भारत का स्कोर पावरप्ले के बाद दो विकेट पर 54 रन था । इसके बाद सूर्यकुमार और ईशान ने मोर्चा संभाला। चोट के कारण चौथे टी20 से बाहर रहे ईशान ने मैदान के चारों ओर स्ट्रोक्स लगाये। उन्होंने फर्ग्युसन को एक्स्ट्रा कवर पर छक्का और चौका लगाकर दबाव बना दिया। ईशान ने ईश सोढी को चौका लगाकर अपना अर्धशतक 28 गेंदों में पूरा किया । वहीं टी20 क्रिकेट में तीन हजार रन पूरे करने वाले सूर्यकुमार ने जैकब डफी को छक्का लगाकर 26 गेंद में पचासा पूरा किया। ईशान ने भी टी20 क्रिकेट में एक हजार रन पूरे कर लिए। उन्होंने सोढी को 12वें ओवर में चार चौके और दो छक्के लगाकर 29 रन दिए। इस बीच सूर्यकुमार को बायें हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनर की गेंद पर टिम सीफर्ट ने स्टम्प आउट किया। ईशान ने 42 गेंदों में शतक पूरा किया।



विकेट लेने के बाद जश्न मनाते अक्षर पटेल व अर्शदीप सिंह। एजेंसी

**103** रन
**43** गेंद
**6** चौके
**10** छक्के

**42** गेंदों पर शतक पूरा किया ईशान ने



ईशान किशन।

**भारत**

**271/5** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा बो फर्ग्युसन | 30 |
| सैमसन का जैकब्स बो फर्ग्युसन | 06 |
| ईशान किशन का फिलिप्स बो डफी | 103 |
| सूर्यकुमार स्ट सीफर्ट बो सेंटनर | 63 |
| हार्दिक का जैकब्स बो जैमीसन | 42 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 08 |
| शिवम दुबे नाबाद | 07 |

गेंदबाजी :डफी 4-0-53-1, जैमीसन 4-0-59-1, फर्ग्युसन 4-0-41-2, सोढी 3-0-48-0, फिलिप्स 1-0-10-0, सेंटनर 4-0-60-1

## पाक से एशिया कप का बदला लेने उतरेगा भारत

**अंडर-19 विश्व कप**

बुलावायो, एजेंसी

पांच बार का चैंपियन भारत रविवार को यहां आईसीसी पुरुष अंडर-19 विश्व कप के सुपर सिक्स मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से एशिया कप फाइनल में मिली शर्मनाक हार का बदला लेने की कोशिश करेगा। भारत पिछले साल 21 दिसंबर को दुबई में हुए अंडर-19 एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान से 191 रन से हार गया था जबकि 14 दिसंबर को उसने इसी टूर्नामेंट का ग्रुप मैच इस चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ 90 रन से जीता था।

भारतीय अंडर-19 टीम ने अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में पाकिस्तान के साथ मैच के बाद हाथ मिलाने से परहेज किया। उस टूर्नामेंट के ग्रुप चरण मैच के दौरान भी भारत ने ऐसा ही किया था। रविवार को आयुष म्हात्रे की कप्तानी वाली भारतीय टीम उस हार का बदला लेने के लिए बेताब होगी।

किसी भी मैच से पहले सचिन तेंदुलकर से वर्चुअल हौसलाअफजाई मिलना सपनों के सच होने जैसा होता है और भारतीय खिलाड़ियों को इस महान खिलाड़ी से कुछ कीमती सलाह मिली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने लिखा मौजूदा अंडर-19 विश्व कप में खेल रही भारत की अंडर-19 टीम ने विश्व क्रिकेट के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर के साथ वर्चुअल बातचीत की। बीसीसीआई ने लिखा यह एक बहुत बहुमूल्य अनुभव था जिसमें अगली पीढ़ी को लगातार बदलते खेल में सफलता और लंबे समय तक बने रहने के लिए जरूरी चीजों के बारे में जानकारी और नजरिया मिला, जो सिर्फ तकनीकी कौशल और फिट रहने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि एकाग्रता, अनुशासन, विनम्रता और सफलता से जुड़े रहने की अहमियत भी है।

अंडर-19 विश्व कप में अब तक भारत ने शानदार प्रदर्शन किया है। टीम ने अमेरिका पर छह विकेट की जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की और फिर ग्रुप चरण में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड को हराया। पाकिस्तान के रूप में भारत का अगला मैच एक मजबूत विरोधी के खिलाफ होगा और एशिया कप फाइनल में बड़ी हार म्हात्रे की अगुआई वाली टीम को परेशान कर सकती है।



- सचिन तेंदुलकर ने वर्चुअल बातचीत कर बढ़ाया हौसला



रणजी में विदर्भ के खिलाफ शॉट लगाते उत्तर प्रदेश के शिवम शर्मा। एजेंसी

## उत्तर प्रदेश को जीत के लिए छह विकेट की दरकार

नागपुर, एजेंसी

गत चैंपियन विदर्भ को रणजी ट्रॉफी नॉकआउट में जगह बनाने के लिए अपने मुख्य बल्लेबाज अमन मोखाडे से काफी उम्मीद हैं क्योंकि रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के आखिरी दिन उसे उत्तर प्रदेश के खिलाफ 110 रन और बनाने हैं जबकि उसके छह विकेट बाकी हैं।

उत्तर प्रदेश के 201 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए विदर्भ ने चार विकेट 91 रन रन बना लिए हैं। दोनों टीम ने पहली पारी में समान 237 रन बनाए थे जिसके बाद उत्तर प्रदेश की टीम ने दूसरी पारी में 200 रन बनाए। दिन का खेल खत्म होने तक मोखाडे छह चौकों की मदद से 50 रन बना चुके हैं। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में भी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

उत्तर प्रदेश के लिए बांए हाथ के स्पिनर शिवम शर्मा तीन विकेट ले चुके हैं और टूटती हुई पिच पर अंतिम दिन 110 रन बनाना आसान नहीं होगा। अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहा आंध्र प्रदेश पहली पारी में 170 रन की बड़ी बढ़त लेकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के करीब पहुंच गया है। टीम की नजरें सोविमा में अपने आखिरी ग्रुप मैच में नागालैंड के खिलाफ बोनस अंक हासिल करने पर हैं।नागालैंड के पहली पारी के 366 रन के जवाब में आंध्र ने अपनी पारी नौ विकेट पर 536 रन पर घोषित कर दी। चेंगलपेट राजन ज्ञानेश्वर (नाबाद 227) ने आंध्र के लिए दोहरा शतक जड़ा। उन्होंने केवी शशिकांत (60) के साथ छठे विकेट के लिए 142 रन और त्रिपुराना विजय (54) के साथ आठवें विकेट के लिए 119 रन जोड़े। नगालैंड ने दूसरी पारी में 85 रन तक चार विकेट गंवा दिए और उसे पारी की हार से बचने के लिए 85 रन और चाहिए।जमशेदपुर में पहली पारी में 19 रन से पिछड़ने के बाद झारखंड को नॉकआउट में क्वालीफाई करने के लिए आखिरी दिन ओडिशा को हराने की मुश्किल चुनौती का सामना करना है। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक ओडिशा ने आठ विकेट पर 202 रन बना लिए हैं और उसकी कुल बढ़त 221 रन हो गई है। ओडिशा ने पहली पारी में 282 रन बनाए थे जिसके जवाब में झारखंड टीम 263 रन पर सिमट गई थी। सलेम में तमिलनाडु ने सलामी बल्लेबाज आर विमल कुमार के 182 रन की मदद से बड़ौदा के खिलाफ पहली पारी में बढ़त बनाई। बड़ौदा के पहली पारी के 375 रन के जवाब में तमिलनाडु ने तीसरे दिन का खेल सात विकेट पर 411 रन पर खत्म किया।





- मोखाडे के अर्धशतक से विदर्भ नॉकआउट की दौड़ में बरकरार

## मिलर को खेलने की मंजूरी मिली

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के सीनियर बल्लेबाज डेविड मिलर को टी20 विश्व कप खेलने के लिए मेडिकल मंजूरी मिल गई।

मिलर को एसए 20 के दौरान मांसपेशी में खिंचाव आ गया था। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने कहा वह दक्षिण अफ्रीका टीम के साथ मुंबई रवाना होंगे। सीएसए ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा बल्लेबाज डेविड मिलर को भारत और श्रीलंका में आईसीसी पुरूष टी20 विश्व कप 2026 खेलने के लिये मेडिकल मंजूरी मिल गई है।

**गर्व की बात**

जूनियर क्रिकेट के पुराने अच्छे दिनों को याद करते हुए बोले-वह देखते थे नीली जर्सी पहनने का सपना

## बुमराह के साथ खेलने वाले मोनांक कर रहे अमेरिका की अगुआई

नई दिल्ली, एजेंसी

**टी-20 विश्व कप**
**6 दिन शेष**

जब अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल डेढ़ दशक पहले गुजरात के एक शानदार अंडर-19 क्रिकेटर के तौर पर मशहूर वानखेड़े स्टेडियम के मैदान पर उतरे तो उनके साथ एक और तेजतर्रार तेज गेंदबाज था जिसका एक्शन बड़ा ही अनोखा था- जसप्रीत बुमराह। उस समय मोनांक को शायद ही पता था कि बुमराह आगे चलकर सभी प्रारूप में भारत के सबसे महान गेंदबाज बनेंगे। जूनियर क्रिकेट के पुराने अच्छे दिनों को याद करते हुए मोनांक को वे दिन याद आए जब वह भारत के लिए नीली जर्सी पहनने का सपना देखते थे।

भारत में होने वाले टी20 विश्व कप में खेलने की तैयारी कर रहे मोनांक ने पीटीआई को बताया हां, अक्षर (पटेल) और जसप्रीत (बुमराह) के साथ खेलने की मेरी बहुत अच्छी यादें हैं। मैंने गुजरात अंडर-19 का अपना पहला साल जसप्रीत के साथ खेला था और उससे पहले मैं अक्षर के साथ अंडर-16 खेला था। हम (बुमराह और वह) दो साल, दो सत्र तक साथ रहे। गुजरात टीम के लिए बहुत सारे मैच खेले। उन्हें याद है बुमराह तब भी बाकियों से बेहतर थे।

मोनांक ने याद करते हुए कहा हमने लाल और सफेद गेंद, दोनों तरह का क्रिकेट खेला और वह सच में बहुत खास समय था। यह मेरे क्रिकेट के सफर का शुरुआती दौर था और तब भी जिस तरह से हम खेल रहे थे, विशेषकर जिस तरह से जसप्रीत प्रदर्शन कर रहा था, हम जानते थे कि उसमें वह एक्स फैक्टर है और वह निश्चित रूप से कुछ बड़ा करेगा। लेकिन मोनांक के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का रास्ता आसान नहीं था। उन्होंने 2013 में जब हमेशा के लिए अमेरिका जाने का फैसला किया तो उन्होंने क्रिकेट छोड़ने के बारे में सोचा था जबकि उन्हें 2010 में ही ग्रीन कार्ड मिल गया था।

मैं अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहता था। लेकिन क्रिकेट अमेरिका में शीर्ष 10 खेल में भी नहीं है और मोनांक के लिए इससे पेशेवर तौर पर पूरी तरह से जुड़ना आसान फैसला नहीं था। उन्होंने कहा ''2018 में यह आसान नहीं था। हमारे लिए सिर्फ क्रिकेट खेलकर वित्तीय रूप से आगे बढ़ना आसान नहीं था। इसलिए जब हम 2018 या 2019 में खेलते थे तो पूरे साल हमारा कार्यक्रम व्यस्त नहीं होता था। लेकिन बाद में जैसे ही हमने अच्छा करना शुरू किया और हमें 2020 में एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय टीम का दर्जा मिला तो वित्तीय स्थिति और मौकों के हिसाब से भी सब कुछ बेहतर होता गया। इसलिए एक खिलाड़ी के तौर पर शुरुआती दो-तीन साल थोड़े मुश्किल थे लेकिन हम इससे बहुत अच्छे तरीके से निपटे। भारत और पाकिस्तान की टीम दोनों देशों के बीच कड़वाहट के बीच मोनांक पाकिस्तानी मूल के अली खान और शायन जहांगीर के साथ मैदान पर उतरते हैं तो उनका लक्ष्य सिर्फ अपने देश का प्रतिनिधित्व करना होता है।



### गुजरात से रणजी में मौका नहीं मिला तो चले गए अमेरिका

उन्होंने कहा मेरे पास 2010 से ग्रीन कार्ड था और मैंने 2013 के बाद फैसला किया कि मैं अमेरिका जाना चाहता हूं। मेरा परिवार पहले से ही वहां बसने की योजना बना रहा था। मोनांक ने कहा मैंने वहां एक-दो महीने रहने की कोशिश की और फिर भारत वापस आ गया और रणजी ट्रॉफी में गुजरात के लिए खेलने की आखिरी कोशिश करने के बाद। जब मुझे वह मौका नहीं मिला तो मैंने अमेरिका वापस जाने और हमेशा के लिए वहीं बसने का फैसला किया। मोनांक ने रेस्टोरेंट व्यवसाय की तरफ रुख किया लेकिन क्रिकेट से हमेशा उनका जुड़ाव रहा। उन्होंने कहा जब मैं अमेरिका गया तो मेरा विजन और लक्ष्य सिर्फ क्रिकेट खेलना नहीं था।

## दिल्ली को एलिमिनेटर में जगह बनाने से रोकने उतरेगा यूपी

**महिला प्रीमियर लीग**

वडोदरा, एजेंसी

कुछ शीर्ष बल्लेबाजों की खराब फॉर्म की समस्या से जूझ रही दिल्ली कैपिटल्स की टीम रविवार को यहां वुमेंस प्रीमियर लीग मैच के आखिरी लीग मैच में यूपी वारियर्स के खिलाफ जीत की तलाश में होगी। दिल्ली की जीत उन्हें सीधे गुजरात जाइंट्स के खिलाफ एलिमिनेटर में जगह दिला देगी। टीम ऐसी स्थिति में आठ अंक के साथ लीग में तीसरे स्थान पर रहेगी और गत चैंपियन मुंबई इंडियन्स की टीम बाहर हो जाएगी। दूसरी ओर निचले पायदान पर मौजूद यूपी वारियर्स की जीत मुंबई की टीम के लिए रास्ता खोल सकती है।

उस स्थिति में तीन टीम – मुंबई, दिल्ली कैपिटल्स और वारियर्स तीनों के समान छह अंक रहेंगे और नेट रन रेट (एनआरआर) तय करेगा कि फाइनल में जगह बनाने के लिए एलिमिनेटर में गुजरात जाइंट्स का सामना कौन सी टीम करेगी।इन तीन टीम में से माइनस 1.146 के साथ वारियर्स का नेट रन रेट सबसे खराब है। दिल्ली का माइनस 0.164 जबकि मुंबई का प्लस 0.059 है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु तालिका में शीर्ष पर रहते हुए पहले ही सीधे फाइनल में जगह बना चुकी है।



यूपी की विकेट कीपर एमी जोन्स।

- आखिरी लीग मुकाबला आज शाम 7:30 बजे से

**यूपी वारियर्स :** मेग लैनिंग (कप्तान), हरलीन देओल, शिप्रा गिरी, एमी जोन्स, किरण नवगिरे, प्रतिका रावल, सिमरन शेख, गोंगाडी त्रिशा, डिएंड्रा डॉटिन, चार्ली नॉट, शिखा पांडे, श्वेता सहरावत, दीप्ति शर्मा, आशा शोभना, क्लो ट्रायोन, सोफी एकलेस्टोन, क्रांति गौड़, सुमन मीणा।

**दिल्ली कैपिटल्स :** जेमिमा रोड्रिग्स (कप्तान), तानिया भाटिया, चिनेल हेनरी, लिजेल ली, निकी प्रसाद, शेफाली वर्मा, लॉरा वोल्वार्ट, लूसी हैमिल्टन, मारिजेन कैप, एलेना किंग, स्नेह राणा, प्रगति सिंह, मीनू मणि, नंदिनी शर्मा, श्री चरणी और एडला श्रुजाना।